**The Minister of State in the Ministry of Works and Housing (Shri I. K. Gujral) :** (a) and (b) Rs. 35 lakhs have been provided for expenditure in the financial year 1971-72 for acquiring Birla Bhawan for its conversion into a Memorial to Mahatma Gandhi. The proceedings for acquisition under the Land Acquisition Act are being taken by the Delhi Administration. At this stage, the amount that will actually be spent cannot be indicated.

**Shri Hukum Chand Kachwai :** I want to know the difficulties of the Government in taking possession of the Birla Bhawan for which Shri Birla had agreed ? Why has not the Government taken possession of the same so far ?

**Shri I. K. Gujral,** This issue was discussed previously also and the hon. Member will recollect that there were certain conditions in the offer of Shri Birla and it was difficult to take the Birla House on those conditions. Therefore, it was considered proper to acquire the same.

**Shri Hukum Chand Kachwai :** What were the conditions of Birlas in this regard ? How much time will it take to complete the memorial there ?

**Mr. Speaker :** It has already been discussed at length in the House———— (Interruptions)——————

**श्री ग्राई० के० गुजराल :** दूसरे प्रश्न के उत्तर के बारे में दो कारणों से मैं अभी नहीं बता सकता कि कितना समय लगेगा। पहला कारण यह है कि अभी अधिग्रहण कार्यवाही पूरी नहीं हुई है और दूसरा यह कि हमें विस्तार से देखना पड़ेगा कि स्मारक बनाने के लिये क्या-क्या किया जाये।

जहाँ तक पहले प्रश्न का सम्बन्ध है, माननीय सदस्य को याद होगा कि इस पर कुछ समय पहले भी सदन में विचार हो चुका है। पहली कठिनाई मूल्य निश्चित करने की थी। दूसरी मुश्किल

इसके बदले जमीन देने की थी । इन सब बातों पर समय-समय पर विचार हुआ और इस सदन के पुनर्गठन से पहले यह निर्णय किया गया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अधीन इसे अधिग्रहण करना अच्छा होगा ।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या अधिग्रहण सम्बन्धी कार्यवाही में इस लिये देर की जा रही है कि सरकार ने अधिग्रहण सम्बन्धी मुआवजा देने का अभी निर्णय नहीं किया । मुआवजे की राशि क्या है और विशेषतः इस भवन के लिये मुआवजा देने के क्या कारण हैं ?

**श्री आई० के० गुजराल** : मैं इन्हें आश्वासन दे सकता हूं कि सरकार ने न केवल निश्चय कर लिया है बल्कि इसे इस अर्थ में भी कार्यान्वित किया जा रहा है कि हमने स्थान अधिगृहीत करने के लिए पहले ही प्रबन्ध करा लिए हैं । दिल्ली प्रशासन से कहा गया है कि मूल्य निर्धारित करने के लिये अधिग्रहण समाहर्ता भेजा जाय जिससे भूमि अधिगृहीत की जा सके । अधिग्रहण कार्य के लिये बजट में धन की व्यवस्था भी की गई है । यह अधिग्रहण कार्यवाही तथा समाहर्ता द्वारा किए गये मूल्य निर्धारण पर निर्भर करता है कि कितना भुगतान किया जाए ।

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** : मैं जानना चाहता हूं कि क्या बिड़ला बन्धुओं की मुआवजे के भुगतान के बारे में कोई बातचीत चल रही है और क्या मुआवजे के मामले का निर्णय न्यायालय में ही होगा ।

**श्री आई० के० गुजराल** : इस सम्बन्ध में कोई बातचीत नहीं हो रही है । मूल्य का निर्धारण भूमि अधिग्रहण समाहर्ता द्वारा किया जायेगा ।

**श्री के० सूर्यनारायण** : क्या सरकार शहरी सम्पत्ति की अधिकतम सीमा सम्बन्धी कानून पास किए जाने तक प्रतीक्षा करेगी जिससे सरकार एवं राष्ट्र को लाभ हो ?

**अध्यक्ष महोदय** : यह तो कार्यवाही करने हेतु एक सुझाव है ।

### प्रश्न 468 के बारे में

### Re : Q. 468

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : प्रश्न संख्या 468 के बारे में श्रीकृष्ण हाल्दर को अधिकार दिया गया है ।

**अध्यक्ष महोदय** : हम इस प्रश्न का अन्त में विचार करेंगे ।

### बरौनी तेलशोधक कारखाने के लिये अशोधित तेल की कमी

*473. **श्री श्यामनन्दन मिश्र** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ समय पश्चात् बरौनी तेलशोधक कारखाने को अशोधित तेल की कमी का सामना करना पड़ेगा ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) और (ख) बरौनी परिष्करणशाला को असम क्षेत्रों से लगभग 2 मिलियन मीटरी टन अशोधित तेल प्राप्त होता है। लगभग 5 वर्ष के पश्चात् असम क्षेत्रों में उत्पादन में ह्रास होना आरम्भ हो जाएगा । परिणामस्वरूप बरौनी परिष्करणशाला को मिलने वाली सप्लाई भी तद-अनुसार घटती जाएगी। तथापि, बरौनी परिष्करणशाला में आयातित अशोधित तेल को प्रोसैस करने के लिये एक परियोजना का अनुमोदन किया गया है । 1973 के अन्तर्गत इस परियोजना के पूर्ण होने की आशा है तथा उसके अन्तर्गत परिष्करणशाला संयंत्र में कुछ संशोधन करने की व्यवस्था की गई है । सर्वप्रथम तृतीय 1 मिलियन मीटरी टन यूनिट को आयातित अशोधित तेल की सप्लाई की जाएगी । जब कभी भी बरौनी परिष्करणशाला के लिये असम के अशोधित तेल की उपलब्ध सप्लाई यदि घटेगी तो उस कमी को अशोधित तेल के अन्य स्रोत की खोज करके दूर किया जाएगा ।

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** : बरौनी तेल शोधक कारखाने के कार्यकरण में परिवर्तन करने के लिए कितनी राशि लगेगी ?

**श्री पी० सी० सेठी** : मुझे खेद है कि तरमीम करने के लिए इस समय मेरे पास अपेक्षित धन नहीं है । 1967-68 में आयल इंडिया लिमिटेड पाइप लाइन का दर्जा बढ़ाने की अनुमानित लागत लगभग 6 करोड़ रुपये थी ।

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** : यदि आसाम में कमी पड़ी तो बरौनी तेल शोधक कारखाने की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए प्रतिवर्ष, वर्षवार कितना आयात किया जायेगा ?

**श्री पी० सी० सेठी** : वस्तुत: मैं बता चुका हूं कि बरौनी में इस समय वर्तमान अतिरिक्त 10 लाख मीटरिक टन की क्षमता के लिये 10 लाख मीटरिक टन आयात करना पड़ेगा । तरमीमों को पूरा करने के पश्चात् जिनका कि हम प्रस्ताव कर रहे हैं जब हम अतिरिक्त 10 लाख मीटरिक टन पर कार्य आरम्भ करेंगे तो हम आने वाले 'रुस्तम' और 'रक्श' अशोधित तेल का उपयोग करने की स्थिति में हो जायेंगे । 1976 से नहरकटिया और मोरन से सप्लाई में कमी आरम्भ हो जायेगी जो 1975 में नहरकटिया से 22 लाख मीटरिक टन और मोरन से 4 लाख 10 हजार मीटरिक टन रह जायेगी और 1976 से आगे नहरकटिया से 18·4 से घटकर 10·8 लाख मीटरिक टन और मोरन से 4·1 से घटकर 2·1 लाख मीटरिक टन रह जायेगी । इस स्थिति में निर्यात में वृद्धि करनी पड़ेगी ।

**डा० मेलकोटे** : क्या सरकार को इस कमी की आशा नहीं थी और क्या उन्होंने भविष्य के लिये उचित रूप से कोई योजना बनाई है ?

**श्री पी० सी० सेठी** : कमी का तो पता है। इस समय हमारा अशोधित तेल का उत्पादन 65 लाख मीटरिक टन है और हमें आशा है । वर्ष 1973-74 तक यह लगभग 85 लाख मीटरिक टन हो जायेगा । उस समय तक हमारी तेल शोधनक्षमता 2·6—2·7 करोड़ मीटरिक टन हो जायेगी । और यहां पर आकर कमी हो जायेगी । तेल और प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा तट के निकट और तट-दूर अशोधित तेल के नये स्रोतों का पता लगाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं ।

**Shri Achal Singh** : Whether Barauni Refinery is running in losses or earning profits ? If it is earning profit, to what extent ?

**Mr. Speaker** : This has no relevance with the question.

**श्री पी० सी० सेठी** : माननीय सदस्य को मैं इसकी सूचना बाद में दे दूंगा ।

**कलकत्ता के पूर्वी क्षेत्र में एकीकृत केन्सर केन्द्र**

*476. **श्री ज्योतिमय बसु** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या देशबन्धु मेमोरियल ट्रस्ट तथा चितरंजन केन्सर अस्पताल सहित विभिन्न निकायों और सरकार के प्रतिनिधियों वाले एक स्वायत्त निकाय के अधीन कलकत्ता में पूर्वी क्षेत्र में एक एकीकृत केन्सर केन्द्र की स्थापना के बारे में 1965 में सरकार द्वारा गठित केन्सर समिति की सिफारिशें, जिन्हें योजना आयोग ने 13 अप्रैल, 1971 को स्वीकार किया था, इस बीच कार्यान्वित कर ली गई हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : क्षेत्रीय केन्सर अनुसंधान केन्द्रों, जिनमें कलकत्ता के पूर्वी क्षेत्र का केन्द्र भी शामिल है, के गठन के बारे में व्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

**श्री ज्योतिमय बसु** : कैन्सर को आज मानव समाज में आज यथार्थ बुराई माना गया है, परन्तु मंत्री महोदय ने इस पर कोई महत्व नहीं दिया । मुझे इस पर बड़ा आश्चर्य हुआ है । क्या यह सच है कि अनुसंधान संस्थानों में निदान सुविधाएं न होने के कारण कैन्सर अनुसन्धान कार्य में बहुत बाधा आ रही है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : हम यह दावा नहीं कर सकते कि वहां हर प्रकार की निदान सुविधाएं दी गई हैं । विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्य की जांच करने वाली समिति की समस्त सिफारिशों का अध्ययन किया जा रहा है तथा और अधिक वित्तीय सहायता के रूप में अग्रिम अनुदान देने पर विचार किया जा रहा है ।

**श्री ज्योतिमय बसु** : क्या यह सच है कि यद्यपि कैन्सर तथा इस प्रकार के अन्य रोगों का पूर्ण रूप से अनुसंधान करने की बड़ी मांग है और अत्यन्त आवश्यकता है, फिर भी वित्त मंत्रालय के पास विगत नियतन में 1½ करोड़ रुपये की फालतू निधि पड़ी थी; और यदि हां, तो इस धन को खर्च न करने के कारण क्या हैं ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : श्रीमन्, मुझे पता नहीं है कि इस शीर्ष के अन्तर्गत वस्तुतः कितना अप्रयुक्त धन पड़ा रहा । परन्तु धन देने से पहले हम यह अवश्य देखते हैं कि योजनाएं व्यवहार्य हैं और सम्बद्ध अधिकारियों ने इन योजनाओं को सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदित कर दिया है ।

**श्री ज्योतिमय बसु** : प्रश्न यह है कि क्या नियतन किये जाने के पश्चात् धन अप्रयुक्त पड़ा रहा है ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : मैंने कहा है कि वास्तविक धन के बारे में मैं उत्तर नहीं दे सकता ।

**डा० मेलकोटे** : मंत्रालय ने इसे कब तैयार किया और इसे कार्यान्वित करने में इतना अधिक समय क्यों लगाया गया है ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : समिति का प्रतिवेदन अभी हाल ही में प्राप्त हुआ है । अतः इसे कार्यान्वित करने से पूर्व हमें योजना आयोग तथा अन्य निकायों की सलाह लेनी पड़ती है और इन परिस्थितियों में हमें इसकी रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त होने की आशा है ।

**श्री समर गुह** : क्या यह सच है कि सम्बद्ध मंत्रालय द्वारा यह निर्णय किया गया है कि यह पूर्वी क्षेत्र में कैन्सर अनुसंधान संस्थान कलकत्ता में ही स्थापित किया जायेगा । और यदि हां, तो क्या इसकी स्थापना चित्तरंजन कैन्सर केन्द्र में ही की जायेगी; और यदि हां, तो क्या यह सच है कि चित्तरंजन कैन्सर अस्पताल के कार्य इसके प्रबन्धकों, भ्रष्टाचारी डाक्टरों तथा अन्य कर्मचारियों के अपने कर्त्तव्य के प्रति अवहेलना करने के बारे में अनेक प्रकार की शिकायतें मिली हैं, और क्या सरकार चित्तरंजन कैन्सर अस्पताल के कुप्रबन्ध की जांच पड़ताल करेगी ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : जी, हां । प्रस्तावित केन्द्र चित्तरंजन राष्ट्रीय कैन्सर केन्द्र में स्थापित किया जायेगा । यह भी सच है कि सरकार को कुछ शिकायतें मिली हैं और कुछ स्थानीय समाचार पत्रों में भी छपी हैं । हम इन शिकायतों की जांच कर रहे हैं ।

## हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड, लखनऊ डिवीजन का विकास

*478. **श्री० बी० आर० शुक्ल:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड, लखनऊ डिवीजन का विकास उस गति से धीमी गति पर हुआ है जैसा कि निर्धारित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस सम्बन्ध में क्या वार्यवाही की जा रही है ;

(ग) कारखाने में उत्पादन कब तक आरम्भ हो जायेगा;

(घ) सरकार द्वारा कितना पूंजीगत परिव्यय नियत किया गया है तथा इसके पूरे होने पर अनुमानत: कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित-संचित की जायेगी ; और

(ङ) कर्मचारियों को किस स्थान पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा इस समय कितने व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और कितनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) जी हां ।

(ख) कुछ सहयोगियों से दीर्घकालीन समझौता होने के कारण विस्तृत योजना बनाने में विलम्ब हुआ है । जितना शीघ्र विचारा गया था, भूमि भी उतने शीघ्र उपलब्ध नहीं हो सकी थी । विकास की गति को तीव्र करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

(ग) आशा है कि कारखाना 1972 के उत्तरार्ध में माल देना प्रारम्भ कर देगा ।

(घ) सरकार ने इस परियोजना पर एच ए एल के द्वारा 542·70 लाख रुपये का पूंजी व्यय अनुमोदित कर दिया है । जिन मदों के लिए यह संस्वीकृति प्रदान की गई है, उनसे 1970 तक लगभग 6 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के बचत होने की आशा है । लगभग 2 करोड़ रुपये की और संस्वीकृति जारी किये जाने की आशा है ।

(ङ) प्रशिक्षण यू० पी० गवर्नमेन्ट इण्डस्ट्रियल इन्स्टीट्यूट लखनऊ में दिया जा रहा है । 41 व्यक्ति प्रशिक्षित किये जा चुके हैं तथा 122 प्रशिक्षणाधीन हैं ।

## पाकिस्तान को गुप्त जानकारी देने के आरोप में वायुसेना के अधिकारी की गोहाटी में गिरफ्तारी

+

*480. **श्री सुबोध हंसदा** : **श्री आर० वी० बड़े** :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोहाटी में बोरझारा हवाई अड्डे पर नियुक्त एक वायुसेना के एक अधिकारी को पाकिस्तान को गुप्त जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ;

(ख) उक्त अधिकारी कितने समय से राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लगा हुआ था ; और

(ग) क्या इस बारे में कोई जांच की गई है ?

**रक्षा मंत्रालय ( रक्षा उत्पादन ) में राज्य मंत्री ( श्री विद्याचरण शुक्ल )** : (क) से (ग) भारतीय वायुसेना के एक कारपोरल को जोकि गोहाटी बोरझारा एयरपोर्ट पर तैनात था, राजकीय रहस्य अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है क्यों कि उसके कब्जे में सेना के वर्गीकृत कागजात तथा अभिलेख थे ।** अभी मामले की जांच की जा रही है।

**श्री आर० वी० बड़े** : मैं यह जानना चाहता हूं कि वह व्यक्ति कब गिरफ्तार किया गया, आप को कब सूचना मिली और जांच कार्य कब से अनिर्णीत पड़ा है ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : यह कारपोरल मार्च, 1968 से वायु सेना में कार्य कर रहा है। हमने उस पर सन्देह करना आरम्भ कर दिया था क्योंकि वह ऐसी सन्दिग्ध स्थिति में देखा गया था। उसके मकान की तलाशी 11 मार्च, 1971 को ली गई थी। उसको मुअत्तल किया गया और फिर गिरफ्तार किया गया । हम उससे पूछताछ कर रहे हैं और कुछ ठोस प्रमाण जानने का प्रयत्न कर रहे हैं जिससे हम उसके विरुद्ध उचित रूप से कार्यवाही कर सकें ।

**श्री आर० वी० बड़े** : जिन अन्य अधिकारियों की इस व्यक्ति के साथ सांठगांठ थी और जिन्होंने इसको सूचना अथवा जानकारी दी, उनके क्या नाम हैं ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : दो अधिकारियों को सरकारी धन का दुरुपयोग करने के कारण मुअत्तल कर दिया गया है, वे भी गोहाटी हवाई अड्डे पर थे। एक जांच अदालत नियुक्त की गई थी और उन पर सरकारी धन की धांधलेबाजी का अभियोग लगाया गया। दोनों अधिकारियों को 21 दिसम्बर 1970 से मुअत्तल किया हुआ है और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही तेजी से हो रही है।

**श्री आर० वी० बड़े** : मैंने उन अधिकारियों के बारे में पूछा है जिन्होंने उस व्यक्ति को जानकारी दी ।**

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : मैं पहले ही बता चुका हूं कि इस कारपोरल के विरुद्ध कुछ आरोप थे कि उसने कुछ विशिष्ट दस्तावेज अपने कब्जे में किए हैं। ** परन्तु हमने अभी मामले को समाप्त नहीं किया है । हम अभी तक इसकी जांच कर रहे हैं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : कारपोरल को सरकारी गोपनीयता अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । मंत्री महोदय ने कहा है कि उसके पास कुछ विशिष्ट जानकारी थी जिसने उस व्यक्ति को विशिष्ट जानकारी दी ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : वह बोरझर हवाई अड्डे स्थित वायु सेना में था। हमें उस पर कुछ सन्देह हो गया था । अतः उसके मकान की तलाशी ली गई थी। उसके मकान से कुछ विशिष्ट। प्रकार के दस्तावेज बरामद हुए । इसके पश्चात् हमने यह जांच आरम्भ की है जो अभी चल ही रही है । ये विशिष्ट प्रकार के दस्तावेज इसके कब्जे में कैसे आये, आदि की जांच अभी की जा रही है।। जांच कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है । यह आरोप लगाया गया था कि पाकिस्तानी जासूसी तत्त्व

**अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही वृत्तान्त से निकाला गया ।

साथ इस विशेष अधिकारी का कोई दूत गठजोड़ होगा। हम और अधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं। हम इस मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं जिससे कि हम निश्चयपूर्वक इसकी सच्चाई सिद्ध कर सकें।

**श्री प्रबोध चन्द्र** : मंत्री महोदय ने अभी कहा है कि आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं और जांच कार्य अभी चल रहा है। क्या उनकी यह उक्ति ** आगे के जांच कार्य पर प्रभाव नहीं डालेगी ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : सम्भव नहीं, क्योंकि मैंने यह नहीं कहा है कि जांच कार्य पूरा हो गया है** आगे की जांच से इसकी पुष्टि हो सकती है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : यदि जांच कार्य अभी तक चालू है तो माननीय मंत्री यह क्यों कहते हैं कि**

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या मंत्री महोदय हमें यह बताने की स्थिति में हैं कि गत वर्ष कितने अधिकारियों अथवा गैर-कमीशन प्राप्त अधिकारियों की जासूसी करने अथवा विशिष्ट दस्तावेज बाहर भेजने के शक अथवा विशिष्ट अपराध में पकड़ा गया है।

**अध्यक्ष महोदय** : यह संगत नहीं है।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : मैंने पूछा है कि क्या वे हमें यह बताने की स्थिति में हैं ?

**अध्यक्ष महोदय** : यद्यपि वे यह बताने की स्थिति में हैं, तो भी यहां यह बात संगत नहीं है।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह विभागीय जांच है अथवा जांच-अदालत है जैसा सेना अधिनियम के अन्तर्गत कहते हैं और क्या इस मामले की और गहराई से जांच करने के लिए इस मामले को केन्द्रीय जांच ब्यूरो अथवा सेना गुप्तचर विभाग में बिलकुल नहीं भेजा गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**अध्यक्ष महोदय** : मंत्री महोदय उस किसी भी मामले के उस सन्दर्भ का परिहार कर सकते हैं जो जांच के परिणाम पर प्रभाव डालने वाला हो।

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : हमने इस बात को अच्छी तरह से जानने और मामले की गहराई तक पहुंचने के लिए कि ऐसे कनिष्ठ अधिकारी को इस प्रकार की विशिष्ट सामग्री कैसे प्राप्त हुई, सभी एजेन्सियों को कार्य पर लगाया है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और आशा है कि हम शीघ्र ही किसी निष्कर्ष पर पहुंच जायेंगे।

**श्री समर गुह** : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री महोदय ने अभी जो वक्तव्य दिया कि** वह उसके विरुद्ध की जाने वाली जांच में रुकावट डालेगा।

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : मैं नहीं समझता कि इससे** ऐसा होगा। हम अभी तक जांच कर रहे हैं।

**अध्यक्ष महोदय** : अग्रेतर जांच कार्यवाही पर असर डालने वाले मंत्री महोदय के उत्तर के अंश को कार्यवाही वृत्तान्त से निकाल दिया समझा जाए।

** अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही वृत्तान्त से निकाला गया।

**प्रश्न 468 के बारे में**

**Re : Q. 460**

**श्रीकृष्ण हाल्दर** : श्रीमन्, श्री रोबिन सेन ने प्रश्न संख्या 468 प्रस्तुत करने का मुझे अधिकार दिया है।

**जिगर के कैंसर के सम्बन्ध में अध्ययन**

*469. **श्री के० लकप्पा** : **श्री धर्मराव अफजलपुरकार** :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन जिगर के कैंसर के बारे में अध्ययन कराने का कोई ऐसा प्रस्ताव है जो रूस में किये जा रहे अध्ययन पर आधारित होगा;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस दिशा में कितनी प्रगति की गई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्यमन्त्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

**श्री के० लकप्पा** : क्या सरकार ने अपने देश में रूसी पद्धति के आधार पर जिगर के कैंसर का उपचार करने की संभावना का पता लगाने का कोई प्रयत्न किया है; यदि हां, तो इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई है ?

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में बीनज़ीन सीथल नाइट्रोसोऐमिन का प्रयोग करके बन्दरों का जिगर कैंसर बढ़ाने की एक योजना बनाई जा रही है। इस योजना की आरम्भिक रूपरेखा तैयार की जा चुकी है, परन्तु अभी से इस योजना के बारे में कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।

**श्री के० लकप्पा** : क्या सरकार ने देश में जिगर कैंसर के विकास के बारे में कोई जानकारी एकत्रित करने का प्रयत्न किया है; यदि हां, तो इसकी संक्षिप्त रूपरेखा क्या है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : इस प्रश्न का सम्बन्ध रूसी नमूने पर आधारित जिगर कैन्सर से है। हम यह बता चुके हैं कि जहां तक हमें जानकारी है, इस प्रकार का कोई नमूना नहीं है। इसके बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

**अध्यक्ष महोदय** : यह इसे मैसूर के नमूने पर चाहते हैं।

**श्री के० लकप्पा** : इन्हें वही नमूना अपना लेना चाहिये।

### गुजरात स्थित कोयली तेल शोधक कारखाने का विस्तार

* 470. **श्री पी० के० देव** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने गुजरात स्थित कोयली तेल-शोधक कारखाने के विस्तार की सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं; और

(ग) क्या उन सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) विशेषज्ञ समिति ने अभी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**श्री के० एस० चावड़ा** : प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में कितना समय लगेगा ?

**श्री पी० सी० सेठी** : प्रतिवेदन शीघ्र से शीघ्र प्राप्त करने के लिए हम अपना पूरा प्रयत्न कर रहे हैं। इस मामले का अध्ययन कार्य हमने एक विदेशी विशेषज्ञ को भी सौंपा हुआ है। अब कच्चे माल की सप्लाई की स्थिति भी बदल गई है ।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : श्री मान जी, जो सदस्य अनुपस्थित हैं, उनका एक दिन का भत्ता काट लिया जाना चाहिये ।

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं, मेरा विचार यह है कि लिस्ट पूरी करने के लिए, अनुपस्थित रहने के लिए उन्हें अधिक भत्ता दिया जाना चाहिये ।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : मैं एक निवेदन करना चाहता हूं । श्री रोबिन सेन ने, अपने स्थान पर श्रीकृष्ण चन्द्र हाल्दर को प्रश्न संख्या 468 पूछने का अधिकार दिया है। क्या नियमों के अन्तर्गत आप उन्हें प्रश्न पूछने की अनुमति देंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : जी हां, वह प्रश्न पूछ सकते हैं ।

### दिल्ली के छात्रों में नेत्र रोगों का उन्मूलन

* 468. **श्रीकृष्ण हाल्दर श्री ( रोबिन सेन की ओर से )** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में 75 प्रतिशत से भी अधिक छात्र, विशेषकर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र नेत्र-रोगों से ग्रस्त हैं ;

(ख) यदि हां, तो स्वास्थ्य सेवाओं के उक्त रोग का उन्मूलन करने में असफल रहा तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या उपाय किये हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) अन्धता उन्मूलन की राष्ट्रीय संस्था द्वारा 1970 में एक सर्वेक्षण किया गया । इसके अनुसार, रोहा तथा अन्य रोगों से ग्रस्त विद्यार्थियों की प्रतिशतता काफी ज्यादा थी ।

(ख) और (ग) जिनका इलाज करना जरूरी था उन सब का इलाज किया गया ।

**श्री कृष्ण हालदर** : मैं इस रोग के कारण जानना चाहता हूं ।

**श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय** : इस रोग के कारणों के बारे में अभी निश्चित रूप से तो कुछ नहीं कहा जा सकता परन्तु कुछ जन्मजात तथा स्थानीय प्रभावों के कारण यह रोग होता है, जिनका अभी अध्ययन किया जा रहा है ।

**श्री एम० एम० गोपाल रेड्डी** : क्या मन्त्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह रोग विटामिन "ए", जैसे दूध तथा अन्य वस्तुओं के अभाव के कारण तो नहीं होता ।

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : हां, यह भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण है ।

---

## प्रश्नों के लिखित उत्तर

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### सैनिक अस्पतालों में अर्हताप्राप्त डाक्टरों और नर्सों की कमी

*454. **श्री राम सहाय पांडे** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सैनिक अस्पतालों में, विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में, अर्हताप्राप्त डाक्टरों और नर्सों की कमी है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सैनिक अस्पतालों में विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में डाक्टरों और नर्सों की भर्ती और नियुक्ति करने के लिये और शल्य चिकित्सा आदि के आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) आर्मी मेडिकल कोर और नरसिंग सरविस में डाक्टरों की व्यापक कमी है । डेंटल कोर में कोई कमी नहीं है । किन्तु सारे अस्पतालों में, जिसमें सीमा क्षेत्र के अस्पताल भी शामिल हैं, पर्याप्त संख्या में स्टाफ हैं ।

(ख) कमी का कारण मुख्यत: सिविलियन डाक्टरों एवं नर्सों की सैनिक सेवाओं में कठिनाइयों के कारण कम अनुक्रिया है ।

(ग) सेना को मेडिकल एवं नरसिंग सर्विसेज में नौकरी / जीविका के अवसरों के बारे में प्रेस, आकाशवाणी एवं मेडिकल कालेजों में समय-समय पर दौरा करके व्यापक प्रचार किया जा रहा है ।

सैनिक अस्पतालों को जिनमें सीमा क्षेत्रों में स्थित भी शामिल हैं, उनमें आधुनिक तथा जटिल एवं नाजुक उपकरणों को जांच तथा उपचार के लिए दिया गया है। चिकित्सा विज्ञान में की गई प्रगतियों के आधार पर उनमें सुधार करने के प्रश्न पर सदा विचार होता रहता है।

**सशस्त्र सेना के कर्मचारियों को खेती योग्य भूमि का आवंटन**

*455. **श्री मनीराम गोदरा** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन के आक्रमण और भारत-पाकिस्तान संघर्ष के समय यह वचन दिया गया था सकि सशस्त्र सेना के कर्मचारियों को कृषि-योग्य भूमि आवंटित की जायेगी ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ;

(ग) कितने सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को भूमि आवंटित की गई है और अब तक राज्यवार, कुल कितनी भूमि आवंटित की गई है ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार का भविष्य के लिये क्या कार्यक्रम है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) और (ख) 1963 में सब राज्य सरकारों/प्रशासनों से अनुरोध किया गया था कि वे विशेष रियायतें दें, जिसमें कृषि भूमि की व्यवस्था भूतपूर्व सैनिकों को तथा विशेषकर ऐसे सेनारत कार्मिकों के आश्रितों के लिए जो कि युद्ध में मारे गए तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए हो सके। लगभग सब राज्य सरकारों/प्रशासनों ने अपनी भूमि व्यवस्था प्रक्रिया तथा नियमों में संशोधन किया था। भूतपूर्व सैनिकों को व्यक्तिगत रूप से या भूतपूर्व सैनिकों को हकारी समितियों का भूमि का आवंटन किया गया था।

(ग) चूंकि भूमि की व्यवस्था राज्य सरकारों के द्वारा अपने स्थानीय कार्यालयों के द्वारा भूमि राजस्व कानूनों/नियमों के द्वारा की जाती है, अत: कुल भूमि क्षेत्र जिसकी व्यवस्था की जा चुकी है आद्यतन रूप में उपलब्ध नहीं है। ऐसे आंकड़े अनेकों राज्यों से समुचित अवधि में इकट्ठे कर सकना सम्भव नहीं है।

(घ) इस मामले के लिए राज्य सरकारों/प्रशासनों से जोर दिया जा रहा है जिससे भूतपूर्व सैनिकों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

**कोचीन में भारतीय तेल निगम के कर्मचारियों की हड़ताल**

*457. **श्री बी० एन० रेड्डी** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान केरल राज्य के कोचीन क्षेत्र में भारतीय तेल निगम के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में 17 मई को की गई हड़ताल की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो कर्मचारियों की मुख्य मांगें क्या हैं ; और

(ग) उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) जी हां।

(ख) हड़ताल करने वाले श्रमिकों की दो मुख्य मांगें निम्न प्रकार हैं :—

(I) नगर प्रतिकर भत्ते और मकान किराया-भत्ते में वृद्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से कोचीन-उप-नगर के दर्जे को बढ़ाना; और

(II) एर्णाकुलम से केरल में अन्य डिपुओं में कई श्रमिकों के स्थानान्तरण को रद्द करना।

(ग) भारतीय तेल निगम इन मांगों की जांच कर रही है।

**विश्वविद्यालयों में परिवार सलाहकार यूनिट स्थापित करने सम्बन्धी योजना**

*460. **श्री मुहम्मद शरीफ** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या युवकों को पारिवारिक जीवन और शिक्षा के बारे में सलाह देने के लिए विश्व-विद्यालयों में परिवार सलाहकार यूनिट स्थापित करने की कोई योजना सरकार ने तैयार की है;

(ख) क्या सरकार ने यौन शिक्षा के बारे मे परिवार नियोजन परिषद के निदेशक डा० फौंसिका द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार किया है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में क्या मुख्य सुझाव दिये गये थे तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) भारतीय सामाजिक संस्थान के डा० फौंसिका के सुझावों पर जो कि अभी-अभी प्राप्त हुए हैं, उचित ध्यान दिया जाएगा।

**पेंशन-प्राप्त व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिये केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना**

*463. **श्रीमती बिभा घोष** : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री 2 मार्च, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1098 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के माध्यम से समस्त भारत में पेंशन प्राप्त-कर्त्ताओं और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य योजनाओं को लागू करने के बारे में कितनी प्रगति हुई है ?

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना को अभी तक केवल दिल्ली, बम्बई और इलाहाबाद में लागू किया गया है। इन तीनों स्थानों में केन्द्रीय सरकार के पेंशनरों को भी इस योजना के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधाएं दी जाती हैं। इस योजना को केवल उन्हीं शहरों में लागू किया जा सकता है जिनमें केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी काफी बड़ी संख्या में रहते हों।

अपने पेंशनरों को चिकित्सा सुविधाएं देना मुख्यतः राज्य सरकारों का काम है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में औषधियों की कमी**

+

*469. **श्री विश्वनाथ झुनझुनवाला** : **श्री नरेन्द्र कुमार सांघी** :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औषधि अधिनियम के अन्तर्गत कमीशन घटने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में औषधियों की अत्यधिक कमी है और औषधियों के खुदरा व्यापारी औषधियों के भण्डार जमा करना अलाभप्रद समझते हैं; और

(ख) यदि हां, तो ग्रामीण व्यक्तियों की कठिनाइयां कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में औषधियों की लगातार सप्लाई को सुनिश्चित करने हेतु सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) जी नहीं। यह कहना ठीक नहीं है कि औषधि (मूल्य नियन्त्रण) आदेश के अन्तर्गत व्यापार में दलाली (ट्रेड कमीशन) में कटौती के कारण सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में दवाइयों की अत्यधिक कमी है। तथापि कई क्षेत्रों में दवाइयों के कुछ मार्कों (ब्रैण्ड्स) की कमियों के बारे में सूचना (रिपोर्ट) मिली है। ये कमियां, व्यापार-दलाली में कटौती की अपेक्षा अन्य कारणों के परिणामस्वरूप भी हुई हैं।

(ख) इन कमियों को दूर करने के लिए निम्न उपाय अपनाये गये हैं :

(1) राज्य व्यापार निगम के माध्यम से प्रपुन्ज औषधियों की अतिरिक्त मात्राओं का आयात,

(2) प्रपुन्ज औषधियों के लिए देशीय क्षमता का विस्तार,

(3) उन दवाइयों के, जिनकी सप्लाई की कमी के बारे में रिपोर्ट मिली है, उत्पादन को बढ़ाने के लिए विनिर्माताओं को प्रोत्साहन देना।

राज्य व्यापार निगम के माध्यम से आयात की जा रही प्रपुन्ज औषधियों के प्राप्त होने पर गत मास में कुछ सुधार हुआ है और आगामी दो-तीन महीनों में स्थिति में और सुधार होने की आशा है।

**सैनिक गोला-बारूद और छोटे हथियारों की चोरी और उसका विक्रय**

*465. **श्री एस० एन० मिश्र** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनको यह पता है कि सैनिक गोला-बारूद और छोटे हथियारों की चोरी होती है और उसे बाजार में बेचा जाता है;

(ख) ऐसी गतिविधियों से विभाग को अनुमानित कितनी वार्षिक हानि होती है; और

(ग) ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिये अब तक क्या कदम उठाये गये हैं ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) से (ग) रक्षा स्थापनाओं में कुछ छोटी चोरियों तथा शस्त्रों और गोला बारूद की बिक्री के कुछ मामले सरकार के ध्यान में आए हैं। उन्हें पुनः प्राप्त करने तथा उत्तरदायी व्यक्तियों को दण्डित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई है। ऐसी चोरियों की पुनरावृत्ति को करने के लिए अनेकों सुरक्षा के उपाय प्रारम्भ किए गए हैं।

**विजयन्त टैंक प्लेटों की आवश्यकता**

* 466. **श्री बृजराज सिंह कोटा** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार हिन्दुस्तान स्टील से विजयन्त टैंक-प्लेटों की सम्पूर्ण आवश्यकताओं को पूरी करने की स्थिति में है ?

(ख) यदि नहीं; तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार इस बारे में आवश्यकताएं पूरी करने की दिशा में प्रयास कर रही है ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, विजयन्त टैंक के आर्मर प्लेट की 65% जरूरतों को पूरा कर रहा है। हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड की कम क्षमता के कारण बाकी का आयात किया जा रहा है।

(ग) सरकार ने हाल ही में उपभोक्ताओं एवं उत्पादकों की विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड में उत्पादन बढ़ाने के रास्ते एवं तरीकों की जांच करने के लिए की है जिससे की हैवी व्हीकल फैक्टरी की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

**रायपुर के निकट केन्द्रीय सरकार का खाली पड़ा एक भवन**

* 467. **महाराजा मार्तण्ड सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा रायपुर के निकट 12 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित एक भवन लगभग ढाई वर्षों से खाली पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त भवन का निर्माण किस उद्देश्य से किया गया था ; और

(ग) उक्त भवन का उपयोग न किये जाने के क्या कारण हैं ?

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी।

**पारादीप में उर्वरक कारखाने की स्थापना**

+

* 471. **श्री मुख्तियार सिंह मलिक** : **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में पारादीप में एक उर्वरक कारखाने की स्थापना के सम्बन्ध में भारतीय उर्वरक निगम ने इस बीच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या मुख्य सिफारिशें की गई हैं ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल खोलने के इच्छुक स्वयंसेवी संगठनों को अनुदान देना**

*472. **श्री एच० एम० पटेल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल खोलने की इच्छुक स्वयंसेवी संगठनों को अनुदान देने का है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस प्रस्ताव को अन्तिम रूप दे दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और इस प्रस्ताव के प्रति स्वयंसेवी संगठनों और परोपकारी संस्थानों से क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है ?

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री( श्री उमाशंकर दीक्षित) :** (क) से (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में अथवा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अस्पताल स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान देने की एक योजना पर विचार किया जा रहा है और इस पर राज्य सरकरों से भी सलाह-मशवरा किया जा रहा है। सहायता अनुनान 1/3 के आधार पर देने का विचार है अर्थात् 1/3 भाग केन्द्रीय सरकार, 1/3 भाग सम्बन्धित राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र देंगे और बाकी 1/3 भाग की पूर्ति सहायता प्राप्त करने वाली संस्था द्वारा की जायेगी।

राज्य सरकारों एवं संघ शासित क्षेत्रों से अनुरोध किया गया है कि वे आमतौर पर इस प्रस्ताव को मंजूर कर लें। राज्य सरकार एवं संघ शासित क्षेत्रों से उत्तर प्राप्त हो जाने के बाद योजना को अन्तिम रूप दे दिया जायेगा।

**मद्रास तेलशोधक कारखाने को 'डेरियस अशोधित तेल' की सप्लाई करने के लिये नेशनल इरानियन कम्पनी के साथ करार की पुनरीक्षा**

+

* 474. **श्री टी० एस० लक्ष्मण : राजा राजकुलकर्णी :**

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ईरान.मद्रास तेलशोधक कारखाने को 'डेरियस अशोधित तेल' की सप्लाई करने के लिए उसके साथ किये गये करार में उल्लिखित मूल्य-सूत्र की पुनरीक्षा करने पर सहमत नहीं हुआ था ;

(ख) क्या 'डेरियस अशोधित तेल' का मूल्य भारत में सरकारी क्षेत्र के तीन तेलशोधक कारखानों द्वारा आयातित अशोधित तेल के मूल्य से पहले ही अधिक है; और

(ग) 'डेरियस अशोधित तेल' के मूल्य को कम करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(घ) क्या भारत उपर्युक्त करार से स्वयं को इकतरफा रूप से अलग कर लेगा और रुस्तम अशोधित तेल के अपने शेयर का प्रयोग मद्रास तेल शोधक कारखाने के लिए करेगा ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) समझौता ईरान के साथ नहीं बल्कि नेशनल ईरानियन आयल कम्पनी और पैन अमेरिकन इन्टरनेशनल आयल कम्पनी (अमोको से सम्बद्ध) के साथ है। अप्रैल, 1970 में विक्रेताओं ने जब कि भारत के एक शिष्टमण्डल ने ईरान का दौरा किया, मूल्य-सूत्र में संशोधन करने के लिए मना कर दिया था। अभी हाल ही में, तथापि वे इस विषय पर पुनः चर्चा करने और सन्तोषजनक हल ढूंढ़ने के विचार से ऐसा करने पर सहमत हो गये हैं।

(ख) जी हां।

(ग) और (घ) क्योंकि (क) के अन्तर्गत दिये गये अनुसार इस विषय पर विक्रेताओं के साथ विचार-विमर्श किया जाना है, अतः ऐसी स्थिति में परिकल्पनात्मक सम्भाव्यता को सूचित करना उचित नहीं है।

सरकार को आशा है कि दोनों पक्षों के लिए सन्तोषजनक हल ढूंढ़ा जा सकेगा।

### इलाहाबाद चयन बोर्ड द्वारा शार्ट सर्विस कमीशन और रेगुलर कमीशन के लिये उम्मीदवारों का चयन

*475. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद चयन बोर्ड केन्द्र में शार्ट सर्विस कमीशन के लिये पिछले चार वर्षों में चुने गये उम्मीदवारों की प्रतिशतता न्यूनतम है और जबकि इससे पूर्व 60 से 75 प्रतिशत उम्मीदवार इस केन्द्र से चुने जाते थे अब केवल 5 से 10 प्रतिशत तक चुने जा रहे हैं ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या इलाहाबाद चयन बोर्ड केन्द्र से सेना में रेगुलर कमीशन के लिए चुने गये उम्मीदवारों की प्रतिशतता भी अन्य केन्द्रों की तुलना में न्यूनतम है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) अन्य केन्द्रों की तुलना में इलाहाबाद केन्द्र में चयन का प्रतिशत करीब-करीब समान रहा है। इलाहाबाद में 1967 से पहले हुए चयन के आंकड़े सुलभ रूप से उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

### ब्रिटेन द्वारा पाकिस्तान को सहायता देना बन्द करने से इन्कार

* 477. **श्री शशि भूषण** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्व बंगाल में राजनीतिक समझौते के लिए पाकिस्तान पर दबाव डालने के बारे में भारतीय प्रधान मंत्री की अपील के उत्तर में ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ने पाकिस्तान को सहायता देना बन्द करने से इन्कार कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) और (ख) इस महीने की 8 तारीख की हाउस आफ कामन्स में ब्रिटिश के विदेश एवं राष्ट्रमंडलीय मामलों के राज्य सचिव ने कहा है कि यद्यपि पाकिस्तान की चालू विकास स्कीमों को नहीं रोका गया है, परन्तु पाकिस्तान सरकार को और नई सहायता नहीं दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि पाकिस्तान सहायता संघ के सभी सदस्यों ने पाकिस्तान सरकार को स्पष्ट कह दिया है कि वहां ऐसा उपयुक्त राजनीतिक ढांचा तैयार होना चाहिए जिसके अन्तर्गत पाकिस्तान को सहायता दी जा सके। ब्रिटिश सरकार ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति पर भी ऐसे राजनीतिक समझौते की आवश्यकता के लिए दबाव डाला है जिससे पूर्व बंगाल से आनेवाले शरणार्थियों के मन में अपने घर लौटने के प्रति आत्म-विश्वास पैदा हो सके।

### दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों का विकेन्द्रीकरण

* 479. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजधानी में भूमि की अत्यधिक कमी को देखते हुए केन्द्रीय सरकार का विचार अपने कार्यालयों के विकेन्द्रीकरण का कोई कार्यक्रम बनाने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका व्यौरा क्या है ?

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री (श्री उमाशंकर दीक्षित) :** (क) तथा (ख) केन्द्रीय सरकार के ऐसे कार्यालयों को जो अपनी प्रशासनिक कुशलता में बिना बाधा के अन्य स्थानों पर कार्य कर सकते हैं, निम्नलिखित कारणों से दिल्ली से बाहर स्थानान्तरित करने की सरकार की घोषित नीति रही है :—

( i ) आबादी में बड़े पैमाने पर निरन्तर बढ़ोत्तरी के कारण भूमि पर तथा विभिन्न नागरिक सेवाओं पर अत्यधिक दबाव को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में कार्यालय तथा रिहायशी वास के और निर्माण की संभावना बहुत ही सीमित है।

( ii ) कार्यालय तथा रिहायशी वास दोनों के मामले में संतुलन को कम करने के लिए।

( iii ) रक्षा, विदेश, गृह इत्यादि जैसे मंत्रालयों / विभागों, जिन्हें सामरिक महत्व तथा अन्य कारणों से दिल्ली में जरूरी रखा जाना चाहिए, की संभावित बढ़ रही गतिविधियों के लिए व्यवस्था करना।

कुछ सफलता प्राप्त हुई है। राजधानी से बाहर कार्यालयों के विकेन्द्रीकरण में अपेक्षाकृत अच्छे परिणाम प्राप्त करने की दृष्टि से जो उपाय आगे किये जाने चाहिए, वे सरकार के विचाराधीन हैं।

### पाकिस्तान द्वारा काश्मीर में युद्ध विराम रेखा के पार हमला करने की तैयारी

* 302. **श्री एच० एम० पटेल :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 2 फरवरी, 1971 के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में प्रकाशित पाक-अधिकृत काश्मीर के राष्ट्रपति के उस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उस क्षेत्र में युद्ध विराम रेखा के पार बड़ा हमला करने की तैयारी की जा रही है, और काश्मीर में मुक्ति युद्ध को तेज करने, छापामार युद्ध सहित अपरम्परागत युद्ध के लिए आह्वान किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** (क) तथा (ख) सरकार ने इस सम्बन्ध की प्रेस रिपोर्ट को देखा है। सरकार को इस बात का पता है कि पाक अधिकृत काश्मीर में पाकिस्तानी कार्मिकों को छापामार युद्ध का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जम्मू तथा काश्मीर युद्ध विराम रेखा पार की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है तथा अपनी रक्षा योजनाओं में उसका ध्यान रखा जाता है।

### कष्टकर क्षेत्रों में कार्य कर रहे केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के डाक्टरों के लिए विशेष भत्ते

2003. **श्री आर० कडनापल्ली :** क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि नगरीय सुविधाओं से वंचित कष्टकर स्थानों पर नियुक्त केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के डाक्टरों को क्या विशेष भत्ता दिया जाना मंजूर किया गया है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :** भारत सरकार द्वारा जिन स्थानों को वर्ग 'डी' में वर्गीकृत किया गया है, उन दुर्गम स्थानों पर तैनात केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के डाक्टरों को 150 रुपये प्रतिमास की दर से विशेष चिकित्सा भत्ता दिया जाता है।

**UNICEF Aid for Primary Health and Family Planning Centres in Rajasthan and Madhya Pradesh**

2004. **Dr. Laxminarain Pandey:** Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to state:

(a) the total number of such Primary Health Centres in Madhya Pradesh and Rajasthan which function as family planning centres as well;

(b) the amount and nature of aid received by these centres from the UNICEF during the last three years: and

(c) whether every such centre has been provided with jeeps given by UNICEF ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Health and Family Planning (Sri A K. Kisku) :** (a) The main rural Family Welfare Planning Centres are a part and parcel of each Primary Health Centre. The following centres are functioning in the States:

| States | Primary Health Centres established | Rural Family Welfare Planning Centres |
|---|---|---|
| Madhya Pradesh | 446 | 441 |
| Rajasthan | 232 | 232 |

(b) The UNICEF assistance, full or partial, in the form of Primary Health Centre equipment, sub-centre equipment, Public Health Nurse/Lady Health Visitor Kits, Midwifery Kits, Refrigerators, Microscopes Diet and Drug Supplement Sets, Vehicles etc. is given to those Primary Health Centres which fulfil certain criteria laid down by the WHO/UNICEF and Government of India. The following centres have received UNICEF aid during the years 1968, 1969, 1970.

| State | Full Assistance | Partial Assistance |
|---|---|---|
| Madhya Pradesh | 85 | 12 |
| Rajasthan | 20 | 16 |

The Vohra of the aid received is being worked out.

(c) only 100 Primary Health Centres (84 in Madhya Pradesh and 16 in Rajasthan) have qualified for the supply of UNICEF Vehicles during the last three years.

**वायु सेना के अधिकारियों को भत्ते**

2005. **श्री ज्योतिमय बसु :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वायु सेना के (1) अधिकारियों तथा (2) अन्य पदाधिकारियों के, (3) योग्यता भत्ते, (4) विशेष आयुधि भत्ते, (5) क्षेत्रीय सेवा लाभ, (6) यात्रा तथा दैनिक भत्ते तथा (7) विवाहित आवास, फर्नीचर, बिजली तथा जल संबंधी भत्ते का ब्यौरा क्या है ?

**रक्षा मंत्री ( श्री जगजीवन राम ) :** एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। **[ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 408/71]**

**सशस्त्र सेना मुख्यालय के स्टेनोटाइपिस्टों को स्टेनोग्राफर ग्रेड III के पद न दिया जाना**

2006. **श्री वीरेन दत्त :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सशस्त्र सेना मुख्यालय स्टेनो-टाइपिस्टों को ग्रेड III के पद नहीं दिये गये हैं, जिससे कि वे केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपि सेवा के समान बन सकें ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) और (ख) आर्मर्ड फोरसेस हेडक्वार्टर्स स्टेनोग्राफर्स सर्विस में आशुलिपिकों को ग्रेड III पदों के पुरःस्थापित करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है ।

**अमरीका में रह रहे भारतीयों की बंगला देश की सरकार को मान्यता देने के सम्बन्ध में प्रधान मंत्री से अपील**

2007. **श्री एम० कतामुतु :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका में रह रहे भारतीयों ने प्रधानमंत्री से बंगला देश की सरकार को मान्यता देने की अपील की थी ; और

(ख) क्या उन्होंने अमरीका स्थित हमारे राजनयिक मिशन की भी इसलिये आलोचना की थी कि उसने बंगला देश में उत्पन्न स्थिति के बारे में प्रभावोत्पादक कार्य नहीं किया ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) और (ख) 9 भारतीयों के एक दल ने, जिन्होंने अपने आपको न्यूयार्क में भारतीय संगठनों का प्रतिनिधि बताया था, न्यूयार्क में हमारे स्थायी प्रतिनिधि को एक ज्ञापन दिया था जिसमें बंगला देश को मान्यता प्रदान करने की अपील की गई थी और अन्य बातों के साथ-साथ आरोप लगाया गया था कि पाकिस्तान सरकार द्वारा पूर्व बंगाल में किये जा रहे अत्याचारों के बारे में जनमत जगाने के लिए हमारे राजनयिकों द्वारा पर्याप्त कार्य नहीं किया गया है । उन्हें यह बताया गया कि मान्यता प्रदान करने का प्रश्न भारत सरकार के निरंतर विचाराधीन है । पूर्व बंगाल की स्थिति के बारे में सभी देशों ने अपने-अपने हितों को ध्यान में रखते हुए रुख अख्तियार किया था । भारतीय राजनयिकों पर केवल इसलिए दोष लगाना ठीक नहीं है कि भारत की तरह अन्य देश इतने स्पष्ट न रहे हों । पूर्व बंगाल की स्थिति के बारे में यदि कोई भ्रान्ति पैदा होती है तो भारत उसे दूर करने का प्रयत्न करता है ।

**हवाई अड्डों पर जांच-पड़ताल के लिये की गई कार्यवाही**

\+

2008. **श्री एस० एम० कृष्ण :** **श्री पी० गंगादेव :**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हवाई अड्डों पर राजनयिकों से सभी वस्तुओं की जांच-पड़ताल करने तथा सभी राजनयिकों की तलाशी लेने का निश्चय किया है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी कार्यवाही करने के क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार ने हवाई अड्डों पर यात्रियों को असुविधा न देते हुये जांच-पड़ताल करने के लिये क्या अग्रतर कार्यवाही की है ; और

(घ) उसके क्या परिणाम निकले ?

**विदेश मंत्रालय में उपमन्त्री ( श्री सुरेन्द्रपाल सिंह )** : (क) यद्यपि राजनयिक थैले जांच-पड़ताल से मुक्त हैं । परन्तु दूसरों की तरह राजनयिकों की वैयक्तिक जांच-पड़ताल की जा सकती है ।

(ख) हाल ही में 30 जनवरी, 1971 की इण्डियन एयरलाइंस के एक फोकर फ्रेन्डशिप विमान का अपहरण करके उसे पाकिस्तान ले जाने और बाद में जला देने की घटना को ध्यान में

रखते हुए यात्रियों और विमानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ये कदम उठाये गये हैं ।

(ग) और (घ) यात्रियों को असुविधा पहुंचाए बगैर हमारे हवाई अड्डों पर सुरक्षात्मक प्रबंधों को मजबूत करने के लिए सभी संभव सुरक्षात्मक कदम उठाये जा रहे हैं । इसके परिणाम संतोषजनक हैं ।

**मद्रास में नेत्र रोग का फैलना**

2009. **श्री कल्याण सुन्दरम् :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 'ऐंजिक्शनटिस' नामक तुरन्त लगने वाली आंख की छूत की बीमारी ने मद्रास और उसके उपनगरों में रहने वाले बहुत से व्यक्तियों को ग्रस्त किया है ;

(ख) क्या रोग महामारी कीं भांति तेजी से फैलता जा रहा है ;

(ग) यदि हां, तो रोग के क्या कारण हैं ; और

(घ) रोग की रोकथाम के लिये क्या उपाय किये गये हैं ?

**स्वास्थ्य श्रौर परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :** (क) और (ख) जी हां, मद्रास और उसके उपनगरों के बहुत से लोगों को कैंजक्टिवाइटिस नामक आंखों का एक रोग हुआ है ।

(ग) अनुमान है कि यह रोग किसी विषाणु संक्रमण के कारण हुआ है ।

(घ) इस रोग की रोक-थाम के लिये समुचित कदम उठाना राज्य सरकार के अधिकारियों का काम है । राज्य प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे इस रोग की रोक-थाम और उपचार के लिये एक सामूहिक उपाय के रूप में निम्नलिखित कार्यवाही करें ।

| | | |
|---|---|---|
| (I) | रोग से बचाव | सल्फासाइटेमाइड बूंद । 10 प्रतिशत |
| (II) | उपचार (स्थानीय) | 1. टेट्रासाइक्लिन मलहम अथवा |
| | | 2. क्लोरेम्फेनिकोल मलहम |
| | | अथवा |
| | | 3. सोफ्रामाइसिन मलहम |
| | | अथवा |
| | | 4. कण्ट्यूसिड क्रीम |
| (III) | बाद में : | |
| | भक्ष्य उपचार विशेषतया गम्भीर स्थिति वालों के लिये | 1. सल्फा गोलियां देर तक क्रियाशील |
| | | 1 बी० डी० |

### केन्द्र द्वारा संचालित अस्पतालों में सुधार करने की योजना

+

2010. **श्री मुरुगनन्तम :** **श्री आर० कडनापल्ली :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की केन्द्र द्वारा संचालित अस्पतालों में सुधार करने की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) और (ख) केन्द्रीय सरकार के दो अस्पतालों तथा केन्द्रीय सहायता से चल रहे दो संस्थानों के कार्य का अध्ययन करने के लिये एक कार्यकारी दल गठित किया गया है । इनके नाम हैं:—

1. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली ।

2. विलिंग्डन अस्पताल, नई दिल्ली ।

3. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ।

4. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ ।

इस समिति की रिपोर्ट को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

### गन्दी बस्तियों के सुधार हेतु भूमि के अभिग्रहण के लिए संवैधानिक संशोधन

2011. **श्री सोमनाथ चटर्जी :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु सरकार ने केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है कि गन्दी बस्तियों के सुधार हेतु भूमि का शीघ्र अधिग्रहण करने के लिये संवैधानिक संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाये ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री आई० के० गुजराल) :** (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

### रांची में 'मैरिन डीजल इन्जन' का निर्माण

+

2012. **श्री निहार लास्कर :** **श्री पी० गंगादेव :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रांची में भारत के पहले 'मैरिन डीजल' इंजन के बनाये जाने की सम्भावना है ; और

(ख) यदि हां, तो कुल कितना उत्पादन होगा तथा 'मैरिन डीजल इंजन' सम्भवतः कब तक बाजार में आ जायेगा ?

**रक्षा मन्त्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मन्त्री ( श्री विद्याचरण शुक्ल )** : (क) और (ख) मैरिन डीजल इंजिन प्रोजेक्ट, रांची, जहां हाल ही में उत्पादन कार्य आरम्भ हुआ है, 10 मध्यम शक्ति के जी० वी० टाइप इंजिनों का उत्पादन 1971-72 की अवधि में करेगा। पहले इंजिन का निर्माण जुलाई, 1971 तक हो जाने की सम्भावना है। पूरे उत्पादन की स्थिति में, इस प्लान की स्थापित उत्पादन क्षमता, अनेक प्रकार के इंजिनों के लिए, 6 उच्च शक्ति के इंजिन, 60 मध्यम शक्ति के इंजिन तथा 100 निम्नशक्ति के इंजिन की होगी।

### Central Assistance for Bhanwar Kuan Dam

2013. **Shri Hukum Chand Kachwai : Will the Minister of Health and Family Planning** be pleased to state:

(a) whether Government of Madhya Pradesh have sought financial assistance from the Central Government for the proposed Bhanwar Kuan Dam so as to supply drinking water in Karhal tribal area of Morena district in Madhya Pradesh;

(b) whether the people of this area have to bring drinking water from a distance of several miles during summer season:

(c) the action taken by Government so far to supply drinking water in the said area; and

(d) the time by which financial assistance is likely to be provided to the State Government for the aforesaid dam together with the amount thereof?

**The Minsiter of State in the Ministry of Heallh and Family Planning (Shri D. P. Chattopadhyaya** : (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha as soon as received.

### सम्भाव्य विकास योग्य शहरों के विकास हेतु द्रुतगामी कार्यक्रम

2014. **श्री एम० एम० जोजफ** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नगर और ग्राम आयोजन के एक विशेषज्ञ ने गरीबी, बेरोजगारी तथा मकानों की कमी को दूर करने के लिये देश में सम्भाव्य विकास योग्य 300 शहरों के विकास हेतु एक द्रुतगामी कार्यक्रम का सुझाव दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री आई० के० गुजराल )** : (क) जी, हां। श्रम तथा पुनर्वास मंत्रालय द्वारा गठित बेरोजगारी पर एक विशेषज्ञ कमेटी को इस प्रकार के प्रस्ताव का ज्ञापन, दिल्ली विकास प्राधिकरण के एक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया कहा जाता है।

(ख) ज्ञापन में ये प्रस्ताव हैं :—

(1) ग्रामीण क्षेत्र के सम्पन्न किन्तु अविकसित क्षेत्रों में सम्भावित वृद्धि वाले 300 शहरों को विकसित करने के कार्यक्रम को प्रारम्भ करना चाहिए।

(2) लघु उद्योगों की स्थापना में सहायता देने के लिये 50 करोड़ रुपये की प्रारम्भिक पूंजी से एक ग्राम्य विकास निगम स्थापित किया जाना चाहिए।

सभी इस प्रकार के ज्ञापनों के सुझावों पर बेरोजगार विशेषज्ञ कमेटी द्वारा, जिन्हें ये सम्बोधित किये गये हैं, पहले विचार किया जाना होगा, तदोपरान्त उन पर सरकार की प्रतिक्रिया का प्रश्न उठेगा।

**वर्ष 1971 को पोषाहार घोषित करना**

2015. **श्री बी० के० दासचौधरी :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ से अनुरोध किया है कि वर्ष 1971 को पोषाहार वर्ष घोषित किया जाये ;

(ख) इस घोषणा की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) उन अन्य देशों के नाम क्या हैं, जो इस प्रस्ताव से सहमत हो गये हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

**रोयलसीमा, आंध्र प्रदेश में पीने के पानी की कमी**

2016. **श्री पी० वैंकटासुब्बया :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आंध्र प्रदेश के रोयलसीमा क्षेत्र को पानी की कमी वाला क्षेत्र माना गया है ;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने इस क्षेत्र में इस सम्बन्ध में योजनाएं आरम्भ करने के लिये योजना के अतिरिक्त अनुदान अथवा ऋण देना मंजूर किया था ;

(ग) क्या रोयलसीमा क्षेत्र में पीने के पानी की सप्लाई में अभी भी भारी कमी है ; और

(घ) क्या इस क्षेत्र से पेय जल की सप्लाई की व्यवस्था करने के लिये 'रिग्स' इत्यादि जैसे आवश्यक उपकरण देने के हेतु किसी विशेष निधि का नियतन किया गया है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :** (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायगी।

**डा० धर्मतेजा को भारत लाने पर हुआ व्यय**

2017. **श्री आर० कडनापल्ली** :क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि डा० धर्मतेजा को भारत लाने पर सरकार ने कुल कितनी धनराशि खर्च की ?

**विदेश मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल** सिंह) : डा० धर्मतेज को भारत वापस लाने में अब तक 6,70,000 रुपये खर्च हुए हैं। सालिसिटरों एवं काउन्सलों के शुल्क के रूप में 2,98,'400 रुपये के बिल लन्दन स्थित भारतीय हाई कमीशन के पास अदायगी के लिये रुके हुए हैं।

## चण्डीगढ़ राज्य क्षेत्र का विकास

2018. **श्री अमरनाथ विद्यालंकार** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) चन्डीगढ़ राज्य क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई और स्वास्थ्य, पानी, नालियां, पार्श्व सड़कों तथा ग्रामीण आवास के सम्बन्ध में बहुत कम सुधार हुआ है ;

(ख) क्या ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के विकास में अन्तर बढ़ता जा रहा है ; और

(ग) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यक्रम को द्रुत गति दे रही है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख की जायेगी ।

## दिल्ली में टैक्सी ड्राइवरों के लिये पेय जल सुविधाओं की कमी

2019. **श्रीमती मुकुल बनर्जी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार** नियोजन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह ज्ञात है कि पेय जल सुविधाओं, अत्यावश्यक नागरिक सुविधाओं, आदि के अभाव में दिल्ली के टैक्सी ड्राइवरों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस विषय में क्या कार्रवाई की है या करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) और (ख) सही स्थिति का पता लगाया जा रहा है तथा अपेक्षित सूचना सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

## सोवियत संघ से मिट्टी के तेल का आयात

2020. **श्री सुबोध हंसदा** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का सोवियत संघ से मिट्टी का तेल आयात करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो कुल कितना मिट्टी का तेल आयात किया जायेगा ; और

(ग) क्या इस आयात से देश में उक्त तेल के मूल्य में कमी हो सकेगी ?

**पेट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) जी हां ।

(ख) 1971 वर्ष के लिये अनुमानित आयात 4,25,000 मीटरी टन है ।

(ग) तेल कम्पनियों के संग्रह-केन्द्रों के द्वार पर माल छुड़वाई (डिलवरीज) के लिए सरकार द्वारा नियत किये गये मूल्य, तेल मूल्य निर्धारण-समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर निर्धारित किये गये हैं। ये मूल्य, आयातित एवं देश में उत्पादित तेल-उत्पादों के लिये समान हैं। प्रबन्ध तथा परिवहन की लागतें, बिक्री कर, चुंगी एवं अन्य ऐसे खर्चों पर विचार करने के पश्चात् आवश्यक पण्य अधिनियम के अन्तर्गत स्थानीय राज्य अधिकारियों द्वारा मिट्टी के तेल के फुटकर विक्रय मूल्य नियत किये जाते हैं।

### बर्मा और पाकिस्तान से आए व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति

2021. **श्री एन० शिवप्पा** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बर्मा और पाकिस्तान से आये ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें पिछले दो वर्षों के दौरान उन देशों में छोड़ी गई उनकी सम्पत्ति के बदले में क्षतिपूर्ति दी गई है ; और

(ख) क्षतिपूर्ति के कितने मामले विचाराधीन हैं और उनके दावों को निपटाने में कितना समय लगेगा ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री ( श्री सुरेन्द्रपाल सिंह )** : (क) और (ख) पिछले दो वर्षों में पाकिस्तान से आये शरणार्थियों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया है, क्योंकि उन्हें कोई मुआवजा देय नहीं है। इसलिए कोई भी मामला बकाया नहीं है। बर्मा से आए प्रत्यावर्तियों की सम्पत्ति के निपटारे हेतु राजनयिक माध्यमों से बर्मा की सरकार के साथ विचार-विमर्श चल रहा है।

### मार्कीट टाऊन एण्ड स्पेशियल डेवेलपमेन्ट पर गोष्ठी

2022. **श्री शशि भूषण** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अप्रैल, 1971 में राष्ट्रीय व्यावाहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद् ने 'मार्कीट टाऊन एण्ड स्पेशियल डेवेलपमेन्ट' गोष्ठी का आयोजन किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या गोष्ठी में बताया गया था कि यदि औद्योगिक एवं कृषि विकास के लाभ अधिकांश जनता तक पहुंचाने हैं तो देश में मार्कीट टाऊन सात गुना होना चाहिये ;

(ग) इस गोष्ठी की मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार की प्रक्रिया क्या है और अधिकांश जनता के हित को ध्यान में रखते हुये गोष्ठी की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है।

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) जी, हां।

(ख) इस आशय का एक ब्यान सेमिनार में विचारार्थ प्रस्तुत किये गये एक लेख में अन्तर्विष्ट है।

(ग) सेमिनार ने विषय के तीन पहलुओं पर विचार किया, नामतः (i) विकास प्रक्रिया में मार्कीट केन्द्रों का भाग, (ii) औद्योगिक विस्तार के लीवर के रूप में नगर-औद्योगिक सम्पदाओं का भाग तथा (iii) विकास के उद्देश्य के लिये नये तथा वर्तमान नगरों के चयन के लिये मापदण्ड। इन पहलुओं पर लिये गये मुख्य निष्कर्ष, मार्कीट-नगरों के विकास में क्रमबद्ध प्रयोगाश्रित अनुसंधान, उन क्षेत्रों में प्रसाधनों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए जिनमें वे (नगर) स्थित हैं, औद्योगिक नगरों के विकास की आवश्यकता, मार्कीट-नगरों को स्वयं संपोषित व्यवहार्य एककों के रूप में बनाने की जरूरत तथा औद्योगिक नगरों के लिये पर्याप्त सुगम प्रसाधनों की स्थायी निधियों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हैं।

(घ) सरकार द्वारा इस विषय पर अपनी नीतियों तथा कार्यक्रमों के बनाते समय सेमिनार की सिफारिशों को ध्यान में रखा जायेगा।

**रोडेशिया के सम्बन्ध में भारत का इङ्गलैंड से आग्रह**

2023. **श्री भोगेन्द्र झा :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोडेशिया की जातिवादी सरकार को सही रास्ता अपनाने को बाध्य करने के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार का अनुरोध इंगलैण्ड की सरकार ने अस्वीकार कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उस सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री ( श्री सुरेन्द्रपाल सिंह ) :** (क) और (ख) भारत सरकार का विचार है कि रोडेशिया में बहुमत का शासन सुनिश्चित करने की अन्ततः जिम्मेदारी, प्रशासनिक शक्ति के नाते, यूनाइटेड किंग्डम की है और अवैध सरकार को हटाने के लिये उसे प्रभावशाली कदम उठाने चाहिये, जिनमें बल प्रयोग भी शामिल है ।

यूनाइटेड किंग्डम सरकार की वर्तमान स्थिति यह है कि वह बातचीत के जरिये, जो अवैध सरकार के साथ शुरू हो चुकी है, यह पता लगाने का प्रयत्न कर रही है कि क्या बातचीत के जरिए समस्या के निपटान का कोई आधार है।

लुसाका शिखर सम्मेलन, सितम्बर, 1970, जनवरी, 1971 में सिंगापुर में हुए राष्ट्रमण्डल प्रधानमंत्री सम्मेलन और दिसम्बर 1970 में संयुक्त राष्ट्र में, भारत सरकार ने बहुत से अन्य देशों के साथ-साथ अपने विचारों को पुन: दोहराया है ।

**भारतीय विमान के अपहरण के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय सिविल विमानन संगठन को भेजा गया प्रतिवेदन**

+

2024. **श्री एस० एम० कृष्ण :** **श्री पी० गंगादेव :**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान ने लाहौर को अपहरण किये गये भारतीय विमान विषयक अपनी समिति का प्रतिवेदन अन्तर्राष्ट्रीय सिविल विमानन संगठन को भेजा था ;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार ने इस प्रतिवेदन को देखा है ; और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने भी अपना पक्ष उक्त संगठन के समक्ष प्रस्तुत किया है ?

**विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) :** (क) हमारी सूचना के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा रिपोर्ट के निष्कर्षों का सारांश संगठन को पेश किया गया है । यह स्मरणीय है कि रिपोर्ट के निष्कर्षों के सम्बन्ध में पाकिस्तान ने समाचार-पत्रों के वास्ते एक सरकारी वक्तव्य भी जारी किया था ।

(ख) सरकार ने केवल उल्लिखित सरकारी वक्तव्य देखा है । हमने पाकिस्तान सरकार से रिपोर्ट की मांग की थी किन्तु हमें अभी तक रिपोर्ट नहीं मिली है ।

(ग) जी हां ।

**गोवा शिपयार्ड श्रमिक संघ की मांगें**

2025. **श्री मोहम्मद इस्माइल :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोवा शिपयार्ड श्रमिक संघ ने अपनी शिकायतों के बारे में गोवा शिपयार्ड के प्रबंधकों को कोई मांग चार्टर प्रस्तुत किया है ;

(ख) यदि हां, तो श्रमिकों की मुख्य मांगें क्या हैं ; और

(ग) इन मांगों को पूरा करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) जी हां । यूनियन नें 8 मई, 1971 को, एक मांग चार्टर प्रस्तुत किया है ।

(ख) मांगें निम्नलिखित विषयों से सम्बन्धित हैं :—

(i) रोजी के कर्मचारियों की अस्थायी संवर्ग में एवं अस्थायी कर्मचारियों की स्थायी संवर्ग में परिवर्तन ;

(ii) महंगाई भत्ते के प्रतिरूपता परिशोधन ;

(iii) नगर प्रतिकर भत्ते की मंजूरी ।

(ग) इस मामले पर गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के प्रबन्धकों ने विचार किया है । स्थिति यह है कि 8 सितम्बर, 1969 को प्रबन्धकों एवं गोवा शिपयार्ड कामगर यूनियन के द्वारा, मूल वेतन एवं अन्य भत्तों से सम्बन्धित समझौते के घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर हुए । इसके अनुसार समझौता 31 अगस्त, 1972 तक लागू रहेगा या उससे भी अधिक अवधि तक लागू रहेगा जब तक कि दोनों में से कोई एक इसे विधि के अनुसार समाप्त न कर दें। समझौते के अनुसार कामगर और उनकी यूनियन, समझौते के लागू रहने के अवधि के अन्दर, समझौते से सम्बन्धित किसी भी विषय पर विवाद नहीं उठायेंगे । इन अनुबन्धों को ध्यान में रखते हुए, महंगाई भत्ते का परिशोधन और नगर प्रतिकर भत्ते के देने का प्रश्न नहीं उठता है । गोवा में सरकारी कर्मचारियों को भी नगर प्रतिकर भत्ता ग्राह्य नहीं है ।

रोजी के कामगरों का अस्थाई संवर्ग में और अस्थाई कामगरों का स्थाई संवर्ग में परिवर्तन बहुत-सी चीजों पर निर्भर करता है, जैसे कि कम्पनी में कार्यभार की स्थिति, खाली जगहों का होना, कामगरों के कार्यकाल की अवधि इत्यादि। जब ये चीजें उपरोक्त परिवर्तन की आवश्यकता महसूस कराती हैं तो कामगरों के यूनियन से सलाह लेकर परिवर्तन कर दिया जाता है । मार्च, 1971 में कुछ अस्थाई कामगर इन प्रकार से स्थाई बना दिए गए थे ।

**गोआ शिपयार्ड के कर्मचारियों द्वारा नगर प्रतिकर भत्ते की मांग**

2026. **श्री जगदीश भट्टाचार्य** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोवा शिपयार्ड के कर्मचारियों की नगर प्रतिकर भत्ता देने सम्बन्धी मांग पर सरकार ने विचार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है ।

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री ( श्री विद्याचरण शुक्ल )** : (क) और (ख) प्रबंधकों ने नगर-प्रतिकर भत्ता देने संबंधी मांग पर विचार किया है। स्थिति यह है कि 8 सितम्बर 1969 को, यार्ड के प्रबन्धकों एवं गोवा शिपयार्ड कामगार यूनियन के द्वारा, मूल वेतन एवं अन्य

भत्तों से सम्बन्धित समझौते के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हुए जिसके अनुसार यह समझौता, 31 अगस्त, 1972 तक, या उससे भी अधिक अवधि तक जब तक कि दोनों में से कोई एक इसे विधि के अनुसार समाप्त न कर दे, लागू रहेगा। इसी समझौते के अनुसार कामगार एवं उसकी यूनियन, समझौते के लागू रहने की अवधि के अन्दर, उन विषयों को जिन पर समझौता हो चुका है, कोई विवाद नहीं उठायेंगे। इसको ध्यान में रखते हुए, गोआ शिपयार्ड लिमिटेड के कामगारों को नगर प्रतिकर भत्ता देने का प्रश्न नहीं उठता। इसके अलावा, गोवा में सरकारी कर्मचारियों को भी नगर प्रतिकर भत्ता नहीं दिया जाता है।

**बंगला देश के पक्ष में जनमत तैयार करने हेतु विदेशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने के बारे में प्रधान मन्त्री की विपक्षी नेताओं के साथ बैठक**

+

2027. **श्री चन्द्रिका प्रसाद : श्री नाथूराम अहिरवार :**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री ने विपक्षी नेताओं के साथ मई में एक बैठक की थी और उस बैठक में बंगला देश के सम्बन्ध में जनमत तैयार करने हेतु विदेशों में प्रतिनिधि भेजने का निर्णय किया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो प्रतिनिधि मण्डल को कब तक विदेशों में भेजा जायेगा ?

**विदेश मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) जी हां, 7 और 25 मई, 1971 को। किन्तु, विदेशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने का कोई निर्णय नहीं लिया गया। विदेश मंत्री ने बताया कि विदेशों में संसदीय प्रतिनिधिमण्डल भेजने का प्रश्न विचाराधीन है और यदि कोई निर्णय लिया गया तो विरोधी दलों के सदस्यों को प्रतिनिधिमण्डलों में शामिल करने के लिए उनके नेताओं से परामर्श किया जायेगा।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**दिल्ली में टाइप चार के सरकारी क्वार्टरों का आवंटन**

2028. **डा० कर्णी सिंह :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजधानी में केन्द्रीय सरकार के उन कर्मचारियों की संख्या कितनी है जो टाइप चार के क्वार्टरों के हकदार हैं परन्तु जिन्हें टाइप दो के क्वार्टर आवंटित हैं ; और

(ख) उनमें से कितने व्यक्तियों की सेवा 16 वर्ष से अधिक हो चुकी है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (आई० के० गुजराल)** : (क) टाइप-4 के वास के पात्र अधिकारियों को सामान्यत: टाइप-2 का वास आवन्टित नहीं किया जाता। स्पष्टतया, सदस्य महोदय उन व्यक्तियों की संख्या जानना चाहते हैं जो टाइप-4 के वास के पात्र हैं, परन्तु टाइप-2 के वास का दखल लिए हुए हैं। राजधानी में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 1,201 है।

(ख) 1,201 में से 743।

**तालचेर और रामागुन्डम में कोयले पर आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करना**

+

2029. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे : श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तालचेर और रामगुण्डम में कोयले पर आधारित उर्वरक सन्यंत्र लगाने के लिए अपनी अनुमति दे दी है ; और

(ख) यदि हां, तो इन संयंत्रों के लिये क्या पारस्परिक प्राथमिकता नियत की गई है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) जी हां।

(ख) दोनों प्रयोजनाओं को साथ-साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।

**श्री लंका की सीमा में भारतीय नौसेना द्वारा हथियारों सहित पकड़ गये जलपोत**

+

2030. **श्री पी० गंगादेव :** **श्री एस० एम० कृष्ण :**

**श्री समर गुह :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचार पत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि भारतीय नौसेना की गश्ती नौकाओं ने श्रीलंका की जलसीमा में हथियारों सहित दो उत्तर कोरियाई जल पोतों को पकड़ लिया था ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी व्यौरा क्या है ;

(ग) उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) जी हां।

(ख) सूचना पूर्णतया गलत थी।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**कलकत्ता में वैदेशिक कार्य मंत्रालय का कार्यालय**

+

2031. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन :** **श्री पी० गंगादेव :**

**श्री निहार लास्कर :**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार कलकत्ता में विदेश मंत्रालय के कार्यालय की एक शाखा (पाकिस्तान डैस्क) खोलने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो ऐसा करने के मुख्य कारण क्या हैं ?

**विदेश मन्त्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) कलकत्ता में विदेश मंत्रालय का एक ब्रांच आफिस खोला गया है।

(ख) पूर्व बंगाल से विभिन्न सीमावर्ती राज्यों में आए शरणार्थियों के वास्ते सहायता कार्य के समन्वय के लिए साथ ही विदेशी आगन्तुकों के साथ जन-सम्पर्क बनाए रखने के वास्ते।

**दिल्ली में महिला होस्टलों में स्थान की कमी**

+

2032. **श्री एन० शिवप्पा :** **श्री बृजराज सिंह कोटा :**

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के महिला होस्टलों में स्थान की कमी होने के कारण विभिन्न कार्यालयों

में काम करने वाली महिला कर्मचारियों को, जो दिल्ली से बाहर रह रही हैं, बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि हां, तो महिला होस्टलों की संख्या कितनी है तथा उनका क्या प्रबन्ध है ;

(ग) क्या सरकार को इन होस्टलों की व्यवस्था के सम्बन्ध में शिकायतें मिली हैं ; और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) इस मंत्रालय को इस बात का ज्ञान नहीं है कि गर्ल्ज होस्टलों में वास की कमी के कारण कई कर्मचारी लड़कियां दिल्ली से बाहर रह रही हैं ।

(ख) कर्जन रोड पर लड़कियों के लिए केवल एक होस्टल है जिसमें 168 स्थान (137 कमरे) हैं । इस होस्टल का प्रबन्ध सम्पदा निदेशालय द्वारा किया जाता है । आवंटन सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य लोगों के लिए अलग से रखी गई प्रतीक्षा सूची के आधार पर किया जाता है । होस्टल में भोजन की कोई केन्द्रित व्यवस्था नहीं है । तथापि, सरकार द्वारा सेवाएं उपलब्ध की जाती हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) ऊपर (ग) को देखते हुए इसका प्रश्न की नहीं उठता ।

**मिलिटरी के प्रवर अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के पश्चात् नौकरियों का देना**

2033. **श्री राम सहाय पांडे** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्तमान सेवा नियमों के अनुसार मिलीटरी के बहुत से प्रवर अधिकारी युवावस्था में ही सेवा निवृत्त हो जाते हैं ;

(ख) क्या ऐसे अधिकारियों की योग्यता तथा अनुभव के समुचित उपयोग हेतु उनकी योग्यता तथा अर्हताओं के अनुरूप उन्हें युध कारखानों आदि जैसे प्रतिरक्षा संस्थानों में वैकल्पिक नौकरी दी जाती है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार इस प्रतिभा प्रवास को रोकने के किन्हीं उपायों पर विचार कर रही है और कोई योजना बना रही है ; और

(घ) और क्या सेवा-निवृत्ति के पश्चात् इन युवा अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के उपयुक्त अवसर प्रदान किये जायेंगे ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) से (घ) सेना में कर्नल तथा ऊपर के रेंक के सैनिक अफसर तथा अन्य दोनों सेवाओं के समकक्ष रेंकों के अफसर अपनी पूरी सेवा अवधि पूर्ण करने पर 50 से 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं । इन अफसरों में सेवा जिनको पुनः रोजगार की आवश्यकता होती है, महानिदेशक पुनर्व्यवस्थापन के कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत करवाते हैं, तथा जिन सिविल पदों के लिये उपयुक्त समझे जाते हैं, प्रायोजित किये जाते हैं जिसमें रक्षा स्थापनाएं भी शामिल हैं ।

**गृह निर्माण ऋण से निजी सम्पत्ति खरीदने की अनुमति**

2034. **श्री राम सहाय पांडे** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय सरकारी कर्मचारियों को मकान बनवाने अथवा सरकारी/स्थानीय अर्द्ध-

सरकारी संस्थाओं द्वारा बनाये गये मकानों के खरीदने के लिये ही ऋण दिया जाता है किन्तु उन्हें ऐसे ऋण से निजी सम्पत्ति खरीदने की अनुमति नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सम्बद्ध नियमों में ढील दिये जाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है जिससे मन्त्रालय द्वारा दिये गये ऋण से सरकारी कर्मचारियों को निजी सम्पत्ति खरीदने की अनुमति मिल सके ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री आई० के० गुजराल ) :** (क) फिलहाल सरकारी कर्मचारी मकान बनाने के उद्देश्य से सरकार से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें गैर-सरकारी लोगों, सरकारी / अर्द्ध सरकारी निकायों / सहकारी समितियों से भूमि का खरीदना शामिल है। किन्तु गैर-सरकारी लोगों से मकान/बने-बनाये फ्लैट खरीदने के लिए ऋण देना स्वीकार्य नहीं है।

(ख) गैर-सरकारी लोगों से बने-बनाये मकानों को खरीदने के लिये ऋण न देने के कारण ये हैं :—

1. ऐसे मामलों में अग्रिम धन देने से देश में मकानों के राष्ट्रीय संचयन में बढ़ोत्तरी नहीं होती ;
2. पुराने मकानों का अवशिष्ट मूल्य आंकना कठिन है ;
3. अच्छी जमानत की आवश्यकता पूरी करने के लिए पुराने मकानों की निरन्तर मरम्मत होती रहे, यह सुनिश्चित करना कठिन है ;
4. पुराने मकानों को खरीदने के लिये यदि अग्रिम धन दिया गया तो इसका दुरुपयोग हो सकता है।

(ग) नियमों में यह पहले ढील दे दी गई है कि सरकारी कर्मचारी, सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठनों, राज्य सरकारों / सुधार न्यासों, पंजीकृत सहकारी समितियों से बने-बनाये मकानों को खरीदने के लिये ऋण प्राप्त कर सकते हैं। आगे कोई और ढील देना विचाराधीन नहीं है

**दिल्ली में रहने के मकानों की कमी**

2035. **श्री राम सहाय पांडे :** क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में रहने के मकानों की बहुत कमी है और निम्न तथा मध्यम आय वाले वर्ग के लोगों को उचित किराये पर मकान मिलना बहुत कठिन है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उनकी शिकायतों को दूर करने के लिये क्या कदम उठाये हैं ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री आई० के० गुजराल ) :** (क) तथा (ख) देश के अन्य बड़े नगरों की भांति जनसंख्या के तीव्र गति से बढ़ने के कारण, दिल्ली में मकानों की यथेष्ट कमी है तथा जिन किरायों पर मकान उपलब्ध होते हैं वे निम्न आय वर्ग वाले अनेक व्यक्तियों की पहुंच के बाहर हैं।

सरकार ने पिछले कई वर्षों से दिल्ली सहित देश में मकानों की कमी को दूर करने के कई उपाय किये हैं। दिल्ली में अपनाये गये कुछ उपाय निम्न प्रकार हैं —

1. निम्न छः सामाजिक आवास योजनाओं का कार्यान्वयन है, जिनका उद्देश्य निम्न तथा मध्यम आय वर्गों आदि व्यक्तियों की आवासीय स्थिति में सुधार करना है —

(i) औद्योगिक कर्मचारियों तथा समुदाय के आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिए एकीकृत सहायता प्राप्त आवास योजना ;

(ii) निम्न आय वर्ग आवास योजना ;

(iii) गंदी बस्ती सफाई सुधार योजना ;

(iv) ग्रामीण आवास परियोजना स्कीम ;

(v) दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी हटाओ योजना ; तथा

(vi) मध्यम आय वर्ग आवास योजना ।

संघ क्षेत्र प्रशासन से अभी तक प्राप्त प्रगति रिपोर्टों के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत लगभग 80 वर्ग गज के 3700 प्लाटों तथा 25 वर्ग गज के 46,000 शिविर स्थलों के विकास के अतिरिक्त, लगभग 27,300 टेनमेंट्स / मकानों का निर्माण किया जा चुका है । ये सभी योजना चौथी योजना की अवधि के दौरान जारी रखी जा रही हैं ।

2. रिहायशी प्लाटों के लिये भूमि के विकास और विक्रय में तीव्रता लाने के लिए, 5 करोड़ रुपये की आवर्तन निधि से 1957 में दिल्ली विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई थी । तदोपरान्त, 1967-68 से इस उद्देश्य के लिये प्राधिकरण को प्रतिवर्ष 1 करोड़ रुपये का एल० आई० सी० ऋण दिया जा रहा है । 1957 में, अपनी स्थापना से ही मकानों के लिये विकासित भूमि उपलब्ध कराने में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक बड़ा सराहनीय कार्य किया है । इसने अभी तक 5,600 फ्लेटों का निर्माण भी किया है तथा 9,680 और फ्लैटों का निर्माण कार्य हाथ में ले रखा है । प्राधिकरण, अपने अगले चरण में लगभग 24,600 मकानों के निर्माण आरम्भ करने का प्रस्ताव करता है ।

3. संघ क्षेत्र में, आवासीय सहकारिता की प्रगति को बढ़ावा देने में सहायता करने के लिये गत वर्ष दिल्ली कोआपरेटिव हाउसिंग फाइनेंस सोसाइटी की शेयर पूंजी में 5 लाख रुपये की राशि दी गई थी ।

किरायेदारों के हितों की रक्षा करने तथा मकान बनाने वालों को प्रेरणा देने हेतु, कुछ वैधानिक उपाय भी किये गये हैं, जैसे किराया-नियंत्रण कानून का आरंभ करना, कतिपय वर्गों के अपने कर्मचारियों के लिये बनाये गये मकानों के बारे में, मालिकों को आय-कर रियायत देना, तथा उचित किराये के नये बने मकानों के वार्षिक मूल्यों पर आयकर में छूट (एक निर्धारित सीमा तक) देना ।

**मनीपुर के इम्फाल और अन्य कस्बों का विकास**

2036. **श्री एन० टोम्बी सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनुमोदित वृहद् योजना के अनुसार मनीपुर के इम्फाल कस्बे और अन्य छोटे कस्बों का विकास किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह वृहद् योजना कब अनुमोदित की गई थी तथा उसकी क्रियान्विति के लिये क्या व्यवस्था है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) तथा (ख) वृहत्तर इम्फाल के लिये एक वृहद् योजना बना दी गई है। नगर आयोजना स्कीमें वृहद् योजना के ढांचे के अन्तर्गत तैयार की जा रही हैं।

जिरीबाम के लिए भी एक वृहद् योजना बना दी गई है तथा चुराचंदपुर के लिए एक योजना बनाने का काम पहिले ही आरम्भ कर दिया गया है।

वृहत् योजनाओं की विभिन्न सिफारिशों का कार्यान्वयन, मनीपुर सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किया जायेगा।

**मेडिकल कालेज मनीपुर में एम० बी० बी० एस० के लिए स्थानों का कोटा**

2037. **श्री एन० टोम्बी सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मेडिकल कालेजों में आगामी सत्र में मनीपुर के लिए एम० बी० बी० एस० के स्थानों का कोटा निर्धारित किया है ; और

(ख) यदि हां, तो कालिजवार इन स्थानों की कितनी संख्या है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) और (ख) आगामी सत्र में मनिपुर के लिये, भारत सरकार ने मेडिकल कालेजों में एम० बी० बी० एस० के स्थानों का कोटा निर्धारित नहीं किया है। मणिपुर प्रशासन से एम० बी० बी० एस० के लिये 50 स्थानों तथा प्री-मेडिकल पाठ्यक्रम के 15 स्थानों के लिए निवेदन मिला है। मनिपुर और अन्य संघशासित क्षेत्रों/राज्यों के लिए स्थानों के नियतन करने के सम्बन्ध में शीघ्र ही निश्चय कर दिया जायेगा।

**दिल्ली में सिंहानूक सरकार का प्रतिनिधिक दूतावास**

2038. **श्री बी० के० मोदक** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को प्रिंस सिंहानूक की अध्यक्षता वाली कम्बोडिया की अस्थाई सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है कि दिल्ली में उनका प्रतिनिधिक दूतावास बनाया जाये; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) भारत सरकार को एक सुझाव प्राप्त हुआ है कि भारत में प्रिंस सिंहानूक की अध्यक्षता में एक सूचना केन्द्र स्थापित किया जाये।

(ख) मामले की जांच की जा रही है।

**डी० आई० जेड० क्षेत्र, नई दिल्ली, में डी० सी० बिजली को ए० सी० में बदलना**

\+

2039. **श्री एस० डी० सिंह** : **श्री रामचन्द्र विकल** :

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली नगरपालिका ने डी० आई० जेड० क्षेत्र में स्थित ऐसे सरकारी क्वार्टरों के जहां ए० सी० बिजली नहीं दी गई है, निवासियों से कहा है कि वे डी० सी० बिजली को अगस्त,

1971 तक ए० सी० बिजली में बदलवा लें. नहीं तो उन्हें एक सितम्बर, 1971 से डी० सी० करेंट के लिये अधिक शुल्क देना पड़ेगा;

(ख) क्या इन क्वार्टरों में बिजली करेंट को बदलने का उत्तरदायित्व केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग का है और कि उक्त विभाग ने दो वर्ष पूर्व नई दिल्ली नगरपालिका को आश्वासन दिया था कि वह इन क्वार्टरों में बिजली करेंट को शीघ्र बदलने की व्यवस्था करेंगी ;

(ग) करेंट को अब तक न बदलने के क्या कारण हैं ; और

(घ) उक्त क्वार्टरों के निवासियों पर अतिरिक्त वित्तीय भार डालने का औचित्य क्या है जबकि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग अपने आश्वासन को पूरा करने में असफल रहा है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) नई दिल्ली नगर पालिका ने सामान्य अधिसूचना द्वारा यह सूचित किया है कि 1-9-71 से डी० सी० शुल्क बढ़ा दिया जायेगा।

(ख) उक्त क्वार्टरों में डी० सी० को ए० सी० में बदलने का उत्तरदायित्व केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा नई दिल्ली नगर पालिका का संयुक्त रूप से है। भीतरी तारें लगाने का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है, तथा क्वार्टरों में ए० सी० कनेक्शन की व्यवस्था नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा की जानी है। डी० आई० जेड० क्षेत्र के उन क्वार्टरों में, जिन्हें पुनर्विकास योजना के अन्तर्गत दो वर्ष की अवधि के भीतर गिराये जाने की सम्भावना नहीं थी, डी० सी० का ए० सी० में परिवर्तन आरम्भ करना मार्च 1969 में स्वीकार कर लिया गया था।

(ग) तथा (घ) 1255 क्वार्टर प्रभावित हैं। इनमें से 975 क्वार्टरों में, परिवर्तन कार्य आरम्भ किया जा चुका है। 695 क्वार्टरों में कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 280 क्वार्टर में यह शीघ्र ही पूर्ण हो जायेगा। इसके उपरान्त पुन: 280 क्वार्टर रह जाते हैं, जिनमें शीघ्र ही परिवर्तन का कार्य आरम्भ करना प्रस्तावित है।

## 3 फील्ड आर्डनेन्स डिपो, जम्मू तथा काश्मीर के कर्मचारियों को यूनियन गठित करने हेतु अनुमति

2041. **श्री एस० एम० बनर्जी** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 3–फील्ड आर्डनेन्स डिपो जम्मू तथा काश्मीर में कार्य कर रहे सिविल कर्मचारियों को यूनियनों का गठन करने हेतु अनुमति नहीं दी जाती;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इस डिपो में कोई निर्वाचित वर्क्स समिति है ; और

(घ) यदि नहीं, तो कर्मचारी अपनी शिकायतों को अधिकारियों के सम्मुख किस प्रकार उपस्थित कर रहे हैं ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) तथा (ख) सेना की सेन्सिटिव यूनिटों में व्यावसायिक यूनियनों का गठन करना प्रतिबंधित किया गया है जैसे अग्रिम क्षेत्रों तथा सीमा पर सेवारत

यूनिटों के लिए संचार लाइनों की रखरखाव करने वालों/भण्डारों की पूर्ति करने वाली यूनिटें / तदनुसार जम्मू तथा काश्मीर में 3 फील्ड आर्डनेंस डिपो के कर्मचारियों को यूनियन का गठन करने की अनुमति नहीं दी गई है।

(ग) तथा (घ) यूनिट में कोई भी वर्क्स समिति नहीं है। तथापि वहां एक कल्याण समिति है जिसके द्वारा कर्मचारी अपनी शिकायतें बता सकते हैं।

### बहुप्रयोजनीय चलते-फिरते प्रशिक्षण एवं सेवा अस्पताल

+
2042. **श्री सी० जनार्दनन :** **श्री बी० के० दासचौधरी :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण जनता के लिये व्यापक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु बहुप्रयोजनीय चलते फिरते प्रशिक्षण एवं सेवा अस्पताल बनाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) उपर्युक्त प्रस्ताव को क्रियान्वित करने में अनुमानतः कितनी राशि खर्च होगी ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :**

(क) जी हां।

(ख) चलते-फिरते अस्पताल, अब तक उपेक्षित ग्रामीण जनसंख्या को विशेषज्ञ एवं परिवार नियोजन सेवाओं सहित व्यापक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सम्बन्धी सेवायें उपलब्ध करेंगे।

50 पलंगों वाला एक चलता-फिरता प्रशिक्षण-सह-सेवा अस्पताल, प्रत्येक राज्य में मेडिकल कालेज से सम्बद्ध होगा। यह तम्बुओं में काम करेगा, पूरी तरह से सुसज्जित होगा और इसमें आवश्यक गाड़ियों आदि की पूरी व्यवस्था होगी। तम्बुओं में स्टाफ के सभी कर्मचारियों, छात्रों एवं इन्टर्नस के लिए काफी स्थान सुलभ किया जायेगा। चलते-फिरते अस्पतालों में, चिकित्सा, सर्जरी, प्रसूति विज्ञान एवं स्त्री रोग विज्ञान तथा निरोधक एवं सामाजिक चिकित्सा विभागों में से प्रत्येक से एक एक अध्यापक होगा और इनके साथ 10 से 15 अन्तिम वर्ष के मेडिकल छात्र, 5 से 6 स्नातकोत्तर स्नातक और 10 से 12 अंतिम वर्ष के नर्सिंग छात्र बारी-बारी से एक महीने के लिये गांवों में रहेंगे और वे प्रतिदिन वैज्ञानिक प्रशिक्षण देंगे। वे, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा, नर्सिंग तथा पार्श्व चिकित्सा कर्मचारियों और मलेरिया उन्मूलन, चेचक उन्मूलन, पोषण एवं परिवार नियोजन आदि जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में नियुक्त कर्मचारियों के साथ गांवों में घर-घर जायेंगे।

चलते-फिरते अस्पतालों और गांवों के घरों पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण और सेवा कार्यक्रम का सम्बन्धित अध्यापकों द्वारा करीब से निरीक्षण किया जायेगा।

(ग) भारत सरकार ने इस समय ऐसे 22 चलते-फिरते अस्पताल मन्जूर किये हैं। इनमें से पांच चलते-फिरते अस्पताल पूरी तरह से केन्द्रीय सेक्टर में होंगे और प्रत्येक चलते फिरते अस्पताल का प्रतिवर्ष 3.1 लाख रु० का अनावर्ती व्यय तथा 2.4 लाख रु० का आवर्ती व्यय केन्द्र द्वारा वहन

किया जायेगा। जिस राज्य में, कम से कम एक मेडिकल कालेज है वहां एक चितरंजन में चलता फिरता अस्पताल देकर, 17 चितरंजन चलते-फिरते अस्पताल खोले गये हैं। हर एक चितरंजन चलते फिरते अस्पताल पर होने वाले 3.1 लाख रुपये के अनावर्ती व्यय की पूर्ति शिक्षा एवं युवक सेवा मन्त्रालय द्वारा की जायेगी और आवर्ती व्यय की पूर्ति सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा की जायेगी। इस समय केन्द्रीय सरकार के चार चलते-फिरते अस्पताल तथा आठ चितरंजन चलते-फिरते अस्पताल कार्य कर रहे हैं।

### "श्री हाक मेरीटाइम जैटों" के स्थान पर "हैरियर जम्प जैटों" का प्रयोग

2043 **श्री सी० जनार्दनन** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय विक्रान्त विमान वाहक जहाज पर प्रयुक्त 'श्री हाक मैरी टाइम जैटों' के स्थान पर 'हाकिन सीड़उलो' द्वारा निर्मित "हैरियर जम्प जैटों" को खरीदने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उस प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) इन जैट विमानों के लिये क्या मूल्य दिया जायेगा ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) से (ग) इस सूचना को देना लोकहित में नहीं होगा।

### तेल और प्राकृतिक गैस आयोग का बिना पूर्णकालिक अध्यक्ष के होना

2044. **श्री सी० जनार्दनन** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग सितम्बर, 1970 से किसी पूर्णकालिक अध्यक्ष के बिना अपना कार्य करता रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) तथा (ख) श्री एल० जे० जानसन की अवधि की समाप्ति के साथ ही, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के प्रधान का पद 8 सितम्बर, 1970 को रिक्त हुआ। परन्तु श्री जानसन के स्थान पर, स्थायी आधार पर नियुक्त अधिकारी ने पद का कार्यभार नहीं संभाला। अतः, इस पद की स्थायी आधार पर नियुक्ति के लिये, सरकार अन्य प्रस्तावों पर विचार कर रही है।

इसी बीच में, अस्थायी व्यवस्था के रूप में, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के सदस्य (अन्वेषण), श्री बी० एस० नेगी, 8-9-1970 से, उक्त आयोग के स्थानापन्न प्रधान के रूप में काम कर रहे हैं।

### 'वैस्ट बंगाल वैक्सीन इंस्टीच्यूट'

2045. **श्री विनेश जोरदार** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार "वैस्ट बंगाल वैक्सीन इन्स्टीच्यूट" को इस आधार पर बन्द करने का है कि यह आधुनिक वैक्सीन उत्पादन केन्द्र नहीं है ;

(ख) इस सबसे पुराने टीके की औषधि का उत्पादन करने वाले केन्द्र का आधुनिकीकरण करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ;

(ग) क्या कलकत्ता में हिमकर शुष्क टीका केन्द्र की भी स्थापना करने की एक योजना थी ; और

(घ) यदि हां, तो इस योजना के बारे में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) और (ख) पश्चिम बंगाल वैक्सीन संस्थान का नियंत्रण तथा संचालन राज्य सरकार करती है। अतः उसे समाप्त करने के प्रश्न पर निर्णय करने का काम उक्त राज्य सरकार का है।

चौथी पंचवर्षीय योजना को बनाते समय पटवाडांगर (उत्तर प्रदेश), बेलगांव (मैसूर), हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) और गिण्डी (तमिलनाडु) में स्थित चार मौजूदा संस्थानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव था, जिससे देश में जमाई गई सूखी चेचक की वैक्सीन की तमाम आवश्यकता की पूर्ति की जा सके। कोई अन्य अतिरिक्त वैक्सीन उत्पादन एकक स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं था। इन बातों को ध्यान में रखते हुये, पश्चिल बंगाल राज्य सरकार ने जगाई गई सूखी चेचक की वैक्सीन के निर्णय का जो प्रस्ताव किया था उस पर सहमति नहीं दी जा सकी।

(ग) और (घ) फिलहाल कलकत्ता में जमाई गई सूखी चेचक की वैक्सीन का केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### प्रवर भौतिक चिकित्सकों के भर्ती सम्बन्धी नियम

2046. **श्री हुकुम चन्द कछवाय :** क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री प्रवर भौतिक चिकित्सकों के भर्ती सम्बन्धी नियमों के बारे में 6 अप्रैल, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5298 के भाग (ग) के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस सम्बन्ध में उठाये गये विभिन्न मामलों की इस बीच कोई जांच की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष निकले ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :**

(क) जी हां।

(ख) वर्तमान नियमों में संशोधन न करने का निश्चय किया गया है।

### Foreign exchange for coal based fertilizer plant at Korba

2047. **Shri Hukum Chand Kachwai :** Will the Minister of Petroleum and Chemicals be pleased to state:

(a) whether Government have arranged foreign exchange for the coal-based fertilizer plants at Talcher and Ramagundam and not for the Korba plant ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

**The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri P. C. Sethi) :** (a) and (b) Government have decided to implement the Talcher and Ramagundam Projects in the first instance and to determine the phasing of the Korba project after the foreign exchange required for the said two projects is arranged. So far the foreign exchange requirement of the two projects (Talcher and Ramagundam) has been tied up to a substantial extent and the question of phasing of the Korba project is proposed to be taken up shortly.

**रक्षा सेवाओं के कर्मचारियों सहित केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को न्यूनतम पेंशन**

+

2048. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रक्षा सेवाओं के कर्मचारियों सहित केन्द्रीय सरकार के सभी कर्मचारियों को 40 रुपये प्रतिमास की न्यूनतम पेंशन देने के सिद्धान्त को सरकार ने स्वीकार कर लिया है ;

(ख) क्या यह आदेश रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होता जिनकी 10 वर्ष की सेवा के पश्चात् छटनी की गई थी, जिन्हें रिजर्व सैनिक के रूप में रखा गया और जिन्होंने 1962 के चीनी के आक्रमण के दौरान तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में अपनी जानें न्योछावर कर दी थीं ; और

(ग) यदि हां, तो न्यूनतम पेंशन के सम्बन्ध में सरकारी आदेशों को इस वर्ग के कर्मचारियों पर लागू न करने के क्या कारण हैं ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) जी हां। केवल रिजर्विस्टों के मामलों को छोड़ कर। यह मुख्यतया इसलिये है क्योंकि रिजर्विस्ट पेंशन अंशतः सध्वज सेवा तथा रिजर्व सेवा के आधार पर होती है तथा उस काल में रिजर्विस्ट सिविल नौकरी करने या अन्य व्यवसाय करने में स्वतंत्र हैं।

(ख) तथा (ग) रक्षा सेवा कार्मिकों के परिवार (जिसमें रिजर्व से पुनः बुलाए गए शामिल हैं) जो कि 1962 के चीनी आक्रमण या 1965 के पाकिस्तानी संघर्ष के दौरान मारे गये थे ; वह विशेष बड़ी दरों पर पेंशन प्राप्त करने के हकदार हैं, न्यूनतम पेंशन 40 रुपये प्रति माह से अधिक है।

**सिन्दरी फर्टीलाइजर फैक्टरी की टाउनशिप सम्बन्धी समिति**

2049. **श्रीमती बिभा घोष :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिन्दरी फर्टीलाइजर के टाउनशिप की देखरेख किसी समिति द्वारा की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह समिति निर्वाचित निकाय है और

(ग) यह समिति क्या कार्य करती है ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री ( श्री पी० सी सेठी )** : (क) जी हां, उपनगर अधिसूचित क्षेत्र समिति, सिन्द्री द्वारा प्रशासित होता है।

(ख) समिति एक निर्वाचित संस्था नहीं है ; इसके सदस्यों को बिहार सरकार के स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग द्वारा मनोनीत किया जाता है ।

(ग) इस समिति के कार्यों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :—सफाई तथा जन स्वास्थ्य उपाय, परिवार नियोजन, डेयरी तथा मुर्गापालन, दुग्धवितरण, बाजारों तथा बूचलखानों का प्रबन्ध, प्राथमिक पाठशालाओं का संचालन आदि ।

**हिन्द महासागर में ब्रिटिश नौसेना का वाहक जहाज**

2050. **श्री ज्योतिमय बसु :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान हिन्द महासागर, विशेषकर भारत और श्रीलंका के तटीय क्षेत्रों में ब्रिटिश नौसेना के वाहक जहाज 'एलबियन' की गतिविधियों की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने ब्रिटेन की सरकार से इस हस्तक्षेप के कारण कोई विरोध प्रकट किया है ; और

(ग) यदि हां, इस विरोध का स्वरूप क्या है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) :** (क) सरकार को उपलब्ध सूचना के अनुसार, ब्रिटिश नौसेना का 'एलबियन' नामक कैरियर बम्बई में अपनी सामान्य यात्रा पर आया था ।

(ख) और (ग) महासागरीय स्वतंत्रता के सिद्धांतों के अनुसार कोई भी विदेशी नौसेना जहाज भारतीय महासागर और दूसरे महासागरों में घूम सकते हैं । इसलिये विरोध करने का प्रश्न नहीं उठता ।

**उर्वरक परियोजनाओं के लिए 'फीड स्टाक' समिति का प्रतिवेदन**

2051. **श्री ज्योतिमय बसु :** क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या उनके मंत्रालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व स्थापित उर्वरक परियोजनाओं के लिये 'फीड स्टौक' समिति के प्रतिवेदन के अनुसार उर्वरक परियोजनाओं में 'फीड स्टौक' के रूप में प्रयोग के लिए परमाणु शक्ति पनबिजली शक्ति से सस्ती है ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री ( श्री पी० सी० सेठी ) :** जी हां । उर्वरक प्रायोजनाओं की फीड स्टाक समिति इस नतीजे पर पहुँची कि उर्वरक प्रयोजनाओं में कच्चे माल के रूप में उपयोग में लाने के लिये अणुशक्ति की अपेक्षा हाइड्रो-इलैक्ट्रिक पावर सस्ती है ।

**वायुसेना के प्रशिक्षणार्थियों को दिये जा रहे भत्ते**

2052. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे केडट को और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 'अन्य रैंक' के केडट को दिये जा रहे सज्जा भत्ते तथा अन्य भत्तों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) दोनों वर्गों के प्रशिक्षणार्थियों को दिये जा रहे भत्तों के बीच अन्तर के क्या कारण हैं ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) :** (क) तथा (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है तथा उसे सभा के पटल पर रख दिया जायेगा ।

**कर्ण-बैंक की स्थापना**

2053. **श्री विश्वनाथ झुंझुनवाला** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में हाल ही में एक रोगी का कर्ण पट्ट सफलतापूर्वक बदला गया है ;

(ख) क्या सरकार ते 'नेत्र-बैङ्क' के आधार पर "कर्ण-बैङ्क" स्थापित करने की वांछनीयता पर विचार किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :** (क) इर्विन अस्पताल, दिल्ली में एक रोगी का कर्ण-पट्ट ( ईयर-डम ) बदल दिया गया है परन्तु रोगी सुनने भी लगेगा या नहीं इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता ।

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**नई दिल्ली स्थित सफदरजंग हवाई अड्डे पर सरकारी क्वार्टरों का निर्माण**

2054. **श्री विश्वनाथ झुंझुनवाला** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली स्थित सफदरजंग हवाई अड्डे से विमानों की उड़ानें 1 मई, 1971 से बन्द कर दी गयी हैं ;

(ख) क्या सरकार ने समूचे क्षेत्र का उपयोग निम्न तथा मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिये सरकारी क्वार्टरों का निर्माण करने की वांछनीयता पर विचार किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस परियोजना पर कार्य कब तक आरम्भ होगा ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) जी, नहीं । यात्रियों को ले जाने वाले डीसी-3 तथा अन्य अपेक्षाकृत बड़े विमानों की उड़ानों को ही केवल 1-5-1971 से सफदरजंग हवाई अड्डे से पालम को स्थानान्तरित किया गया है ।

(ख) तथा (ग) फिलहाल इनका प्रश्न ही नहीं उठता ।

**बड़े नगरों में पटरी पर रहने वाले लोगों के लिये रैन-बसेरों की व्यवस्था**

2055. **श्री नरेन्द्र कुमार सांघी** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास, बम्बई, दिल्ली और कलकत्ता जैसे महानगरों में रहने के प्रति व्यक्ति उपलब्ध औसत स्थान के बारे में कोई अनुमान लगाया गया है ;

(ख) हाल ही की जनगणना के अनुसार उपर्युक्त नगरों में पटरी पर रहने वाले लोगों की संख्या कितनी है ; और

(ग) क्या इन नगरों में पटरी पर रहने वाले लोगों के लिये रैन-बसेरों की व्यवस्था करने का विचार है ?

**निर्माण और आवास मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) कोई सीधा मूल्यांकन नहीं किया गया है । तथापि, आवासीय स्थिति के बारे में प्रति मकान दखलकारी के अनुसार निर्देशात्मक सूचना जनगणना रिपोर्ट में उपलब्ध है ।

(ख) 1971 की जन-गणना के दौरान एकत्रित किये गये आंकड़े का विश्लेषण जनगणना प्राधिकारियों द्वारा किया जा रहा है ।

(ग) 1956 में निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा आरम्भ की गई गन्दी बस्ती सफ़ाई / सुधार योजना में, राज्य सरकारों, संघ क्षेत्रों तथा स्थानीय निकायों द्वारा पटरी पर रहने वालों के लाभ के लिए रैन-बसेरों के निर्माण की पहले से ही व्यवस्था है ।

### भारत में पनडुब्बियों और आधुनिकतम फ्रिगेटों का बनाया जाना ।

+

2056. **श्री एस० एम० कृष्ण : श्री पी० गंगादेव :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार भारत में ही पनडुब्बियां और आधुनिकतम फ्रिगेट बनाने के प्रयास कर रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो कितनी ;

(ग) क्या इस संबंध में कोई विदेशी सहायता भी प्राप्त की जायेगी ; और

(घ) यदि हां, तो किस देश से ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) जी हां ।

(ख) से (घ) इन संबंध में ब्यौरों को प्रकट करना लोक हित में नहीं होगा ।

### हिन्द महासागर में विदेशी नौसैनिक अड्डा

2057. **श्री बृजराज सिंह कोटा** : क्या **विदेशी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कई एशियाई देशों ने हिन्द महासागर में रूसी नौसैनिक अड्डे की स्थापना का विरोध किया है;

(ख) उन लोगों के नाम क्या हैं जिन्होंने हिन्द महासागर में नौसैनिक अड्डों की स्थापना की है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) हिन्द महासागर के अधिकतर तटवर्ती देश इस बात से सहमत हैं कि किसी भी विदेशी शक्ति को हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक अड्डे स्थापित नहीं करने चाहिए । भारत सरकार को हिन्द महासागर में सोवियत रूस द्वारा किसी नौसैनिक अड्डे की स्थापना के बारे में जानकारी नहीं है ।

(ख) सरकार को प्राप्त सूचना के अनुसार ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमरीका और फ्रांस की सरकारों के हिन्द महासागर क्षेत्र में नौसैनिक अड्डे हैं।

(ग) 1965 के बाद भारत सरकार ने, वैध आपत्तियों के बावजूद अड्डे स्थापित करने के संबंध में ब्रिटेन और अमरीकी सरकारों के निर्णय की बार-बार भर्त्सना की है। हमने इस विषय पर अमरीका, सोवियत रूस और ब्रिटेन की सरकारों का ध्यान लुसाका घोषणा की ओर भी आकर्षित किया है।

**हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड कोरापुट डिवीजन मोनाबेड़ा, उड़ीसा के कर्मचारियों से प्राप्त अभ्यावेदन**

2058. **श्री डी० के० पण्डा** : क्या **रक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह पता है कि हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड कोरापुट डिवीजन, मोनाबेड़ा, उड़ीसा के कर्मचारियों ने केन्द्रीय सरकार को अपनी शिकायतों और मांगों के बारे में मार्च, 1971 में एक अभ्यावेदन दिया था ;

(ख) क्या उड़ीसा के कुछ विधायकों ने अप्रैल, 1971 में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री को इस संबंध में एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने अनुरोध किया था कि प्रबन्धकों के विरुद्ध कर्मचारियों के द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच करने के लिये एक जांच आयोग नियुक्त किया जाये ;

(ग) क्या इस संबंध में सरकार की अकर्मण्यता के कारण कर्मचारियों ने अपनी शिकायतें दूर कराने के लिये आन्दोलन और भूख-हड़ताल आरम्भ कर दी है ;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में वहां वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ङ) सरकार ने कर्मचारियों की शिकायतें दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है ?

**रक्षा मन्त्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख) जी हां।

(ग) से (ङ) सरकार स्थिति पर निगरानी रख रही है। यह सही है कि क्रम से भूख हड़ताल, जनवरी 1971 से चल रही है। भूख-हड़ताल में भाग लेने वाले व्यक्ति भूतपूर्व-रोजी के कर्मचारी हैं और उन्हें इम्पलाइज एसोशिएशन के भूतपूर्व अध्यक्ष का समर्थन प्राप्त है। डिवीजन के कामगार या हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स इम्पलाइज एसोशिएशन जो कि एक मान्यता प्राप्त यूनियन है भूख-हड़ताल का समर्थन नहीं कर रहे हैं। डिवीजन में स्थिति सामान्य है और प्रबन्धकों एवं मान्य यूनियन के बीच संबंध मधुर बने हुए हैं।

**केरल के जिलों में रक्तक्षीणता के बहुत से मामले**

2059. **श्री चन्द्रप्पन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी दी गई है कि थाई कन्नानोर जिला केरल में परपुरु द्वीप में रहने वाले एक हजार लोग अत्यधिक रक्तक्षीणता (अनेमिया) तथा इस प्रकार के अन्य रोगों से पीड़ित हैं ;

(ख) यदि हां तो क्या केन्द्रीय सरकार ने इस मामले की जांच की है ; और

(ग) उपर्युक्त द्वीप की जनता को इन रोगों से बचाने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) से (ग) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और जैसे ही प्राप्त होगी सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**पूर्वी बंगाल में स्वतन्त्रता संग्राम के बारे में उत्तरी वियतनाम का मत**

2060. **श्री समर गुह** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तरी वियतनाम की सरकार ने पूर्वी बंगाल में स्वतंत्रता संग्राम के समर्थन में अथवा विरोध में कोई वक्तव्य दिया है;

(ख) यदि नहीं तो क्या सरकार ने पूर्वी बंगाल के स्वबंत्रता संग्राम का समर्थन प्राप्त करने के लिये उत्तरी वियतनाम की सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर उत्तरी वियतनाम की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) वियतनाम जन गणराज्य की सरकार द्वारा जारी किए गये ऐसे किसी भी वक्तव्य की भारत सरकार को जानकारी नहीं है।

(ख) और (ग) पूर्वी बंगाल में प्रश्न पर सामान्य राजनयिक स्रोतों द्वारा उत्तरी वियतनाम जन गणराज्य की सरकार और दूसरी सरकारों से बातचीत की गई है। इस प्रकार की बातचीत के रहस्योद्घाटन की प्रथा नहीं है।

**पश्चिम बंगाल में पुरुलिया स्थित सैनिक स्कूल के प्रशासन के विरुद्ध शिकायतें**

2061. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या **रक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल में पुरुलिया स्थित सैनिक स्कूल के प्रशासन के बारे में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) क्या उन शिकायतों की जांच की गई है ; और यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले हैं ;

(ग) क्या इस स्कूल में पढ़ने के उपरांत केवल लगभग 20 प्रतिशत लड़कों ने राष्ट्रीय प्रतिरक्षा अकादमी में प्रवेश किया है ; और

(घ) क्या यह स्कूल सशस्त्र बलों के अधिकारी संवर्ग में क्षेत्रीय अनुसंधान को दूर करने के उद्देश्य में असफल रहा है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) जी हां। शिकायत 1970 में प्राप्त हुई थी।

(ख) जांच पर पता चला था कि आरोप सही नहीं था।

(ग) जी नहीं, स्कूल में पास होने वाले लगभग 30 प्रतिशत लड़कों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश लिया है।

(घ) जी नहीं, 1965 तक जब कि लड़कों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश करना प्रारम्भ किया था, 98 लड़कों में से जिन्होंने स्कूल से पास किया था, 35 ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश पाया था। स्कूल का परीक्षा फल देश के अन्य सैनिक स्कूलों की तुलना में अधिक अच्छा है।

**हिन्द महासागर में चीनी और पाकिस्तानी नौसेना का जमाव**

2062. **श्री पी० के० देव** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या हिन्द महासागर में चीन और पाकिस्तानी नौ सेना की उपस्थिति बढ़ती जा रही है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : ऐसा कोई संकेत नहीं है कि हिन्द महासागर में चीन के नौसेना के जहाजों की संख्या में हाल में कोई वृद्धि हुई है। पाकिस्तान अपनी नौ-सेना शक्ति बढ़ा रहा है, अतएव हिन्द महासागर में पाकिस्तानी नौ सैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

**नेपाल के साथ व्यापार वार्ता के असफल होने के लिए चीन द्वारा भारत पर दोषारोपण करना**

2063. **श्री पी० के० देव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि चीन इस वर्ष के आरम्भ से एन० सी० एन० ए० और विशेषकर नेपाल में रेडियो पेकिंग के प्रसारण में भारत-नेपाल व्यापार वार्ता की असफलता का दोष भारत पर डाल कर स्थिति का लाभ उठा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) जी हां।

(ख) नेपाल में इस प्रकार के भारत विरोधी प्रचार का प्रतिकार करने और नेपाली जनता को वास्तविक तथ्यों से अवगत कराने के लिए समय-समय पर उचित कदम उठाये जाते हैं।

**विद्रोही मिजो और भारतीय सुरक्षा बल के बीच मुठभेड़ें**

+

2064. **श्री राजदेव सिंह** : **श्री जी० वाई० कृष्णन** :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1969-70 के दौरान विद्रोही मिजो और भारतीय सुरक्षा बल के बीच अनेक करारी मुठभेड़ें हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो उनकी मुठभेड़ों में कितने सैनिक तथा अन्य अधिकारी मारे गये ; और

(ग) विद्रोही मिजो को भारत में प्रवेश से रोकने और उस क्षेत्र के निवासियों की जान और माल की सुरक्षा के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) गत दो वर्षों में 1969 और 1970 के दौरान सुरक्षा सैनिकों एवं छिपे हुए मिजो के बीच एकसठ मुठभेड़ें हुईं।

(ख) 15 सुरक्षा सैनिक कार्मिक जिसमें सशस्त्र सेना के 2 अफसर शामिल हैं मारे गए थे।

(ग) विद्रोही मिजो का भारत के अन्दर आना रोकने के लिए तथा मीजो जिले एवं उसके संलग्न क्षेत्रों में जन-जीवन और सम्पत्ति की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गये हैं।

**चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में इण्डियन आइल के पेट्रोल पम्पों का खोला जाना**

2065. **श्री एस० सी० सामन्त : क्या पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 अक्तूबर 1970 तक समस्त भारत में इण्डियन आयल कारपोरेशन के कुल कितने पेट्रोल-पम्प थे अथवा जिन्होंने कार्य करना आरम्भ कर दिया था;

(ख) चालू चौथी पंचवर्षीय योजना में कितने पेट्रोल पम्प लगाये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) ऐसे व्यक्ति को इण्डियन आयल कारपोरेशन क्या सुविधाएं देती है जो इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प पर कार्य करने के लिये तैयार है और क्या ये सुविधाएं अन्य कम्पनियों की तुलना में कम हैं अथवा अधिक ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) 2,813।

(ख) लगभग 2,000।

(ग) भारतीय तेल निगम के नियन्त्रित फुटकर पेट्रोल-पम्पों (केन्द्रों) के लिए जो 'ए' श्रेणी पेट्रोल-पम्प के नाम से विख्यात हैं, उक्त निगम, भूमि को पट्टे पर देता है तथा उसका विकास करता है और पम्पों, टैंकों, विक्रय-कक्ष प्रतीक (एम्बलैम) चिह्न एवं सर्विस स्टेशन उपकरण (जहां पर प्रयुक्त होते हों) सहित समस्त सुविधाएं प्रदान करता है। डीलर-नियन्त्रित स्थलों (साइट्स) के लिए, जो 'बी' श्रेणी पेट्रोल-पम्प के नाम से विख्यात हैं, भारतीय तेल निगम का निवेश, केवल पम्पों, टैंकों और प्रतीक चिह्नों की व्यवस्था तक सीमित है। सर्विस स्टेशन उपकरण के लिए निगम को किराये पर खरीदने की एक नीति (a hire-purchase policy) भी है। जहां उचित समझा जाता है, चुने गए-किये गये डीलरों (व्यापारियों) को अपने पेट्रोल-पम्पों के आधुनिकीकरण के लिए उपदान (सबसिडी) दिया जाता है। इस समय भारतीय तेल निगम द्वारा की गई सुविधाएं सामान्य रूप से अन्य तेल कम्पनियों की सुविधाओं के समान हैं।

**निजी संस्थाओं के बारे में मैसूर की चिकित्सा संस्थाओं से शिकायतें**

2066. **श्री जी० वाई० कृष्णन : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मैसूर की चिकित्सा संस्थाओं से गैर-सरकारी चिकित्सा संस्थाओं के चलाने के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) जी हां ।

(ख) मैसूर राज्य के दो निजी चिकित्सा संस्थाओं के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से एक मेडिकल कालेज, गुलबर्ग के छात्रों की है तथा दूसरी कस्तूरबा मेडिकल कालेज, मनीपाल के गैरअध्यापन कर्मचारियों की है।

गुलबर्ग मेडिकल कालेज के बारे में शिकायत यह है कि इस कालेज के प्रबन्धक प्रति व्यक्ति फीस (कैपीटेशन फीस) लेने के अलावा कालेज फीस भी बढ़ाकर ले रहे हैं। कस्तूरबा मेडिकल कालेज, मनीपाल के बारे में शिकायत का जहां तक सम्बन्ध है उसमें कहा गया है कि गैर-अध्यापन कर्मचारियों को वेतन और भत्तों का भुगतान ठीक तरह नहीं किया जा रहा है।

ये दोनों शिकायतें मैसूर राज्य सरकार के पास समुचित कार्यवाई के लिए भेज दी गई हैं। ये निजी संस्थाएं हैं अतः भारत सरकार के लिए यह सम्भव नहीं है कि वह इनके मामले में दखल दे।

### सिन्दरी फर्टिलाइजर फैक्टरी में प्रोत्साहन योजना

2067. **श्री एस० पी० भट्टाचार्य** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिन्दरी फर्टीलाइजर फैक्टरी में कोई प्रोत्साहन योजना है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) सरकार ने इस योजना की क्रियान्विति के बारे में क्या कार्यवाही की है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) से (ग) भारतीय उर्वरक निगम से सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर यथासमय प्रस्तुत की जाएगी।

### Reduction in the Price of Domestic Gas

2068. **Shri N. S. Bisht** : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state:

(a) whether three months ago, Government had taken a decision to reduce the price of domestic gas by rupees three per cylinder;

(b) if so, the reasons for not putting into effect the said decision;

(c) whether the gas producers or suppliers are now exerting pressure on Government to allow them to increase the price of gas cylinders; and

(d) if so, the action taken by Government against the gas producers and suppliers for not putting into effect the previous decision of Government and the action being taken by Government to reduce the price of gas cylinder keeping in view the public interest and the changed use of gas plants?

**The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri P. C. Sethi)** : (a) The Oil Prices Committee which examined the products pricing has recommended that the selling prices of L. P. Gas of the private Oil Companies be reduced all over India by Rs. 3.00 per cylinder and of the IOC by Rs. 2.14 per cylinder.

(b) The matter is still under consideration of the Government.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

### Property Owners Having Jhuggi-Jhonpri Plots in Delhi

2069. **Shri N. S. Bisht** : Will the Minister of **Works and Housing** be pleased to state:

(a) whether an assessment was made of the property of Jhuggi-Jhonpri dwellers of Delhi and it was discovered that about 50—55 thousand persons among them were such who have rented out their own houses and whose monthly income runs into thousands of rupees;

(b) if so, whether Government propose to take any stringent action against these anti-social elements ; and

(c) if so, the outlines thereof ?

**The Minister of State in the Ministry of Works and Housing (Shri I. . K. Gujral)** (a) No Sir.

(b) and (c) Do not arise.

**Seminar on Family Planning**

2070. **Shri N. S. Bisht** : Will the Minister of **Health and Family Planning be** pleased to state:

(a) whether the Institute of Public Administration, Delhi had organised a three-day seminar on "Family Planning Administration and Policy" in Delhi ;

(b) if so, the subjects discussed and conclusions reached therein ; and

(c) the new approach to Family Planning programme is likely to adopt as a result thereof ?

**The Minister of State in the Ministry of Health and Family Planning (Shri D. P. Chattopadhyaya)** : (a) Yes.

(b) and (c) The subjects discussed related to various aspects of family planning administration and policy. The report of the Seminar has not yet been received and its recommendations, when received, will be taken into consideration.

**दिल्ली में गृह निर्माण समितियों को भूमि का आबंटन**

2071. **श्री बी० के० दासचौधरी** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री गृह निर्माण योजना के बारे में 31 अगस्त 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4535 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरावाला आवास निर्माण समिति के सभी सदस्यों को 225, 200 और 178 गज के प्लाटों की व्यवस्था के सम्बन्ध में न वताए जाने के क्या कारण हैं ;

(ख) 225/200/176 वर्ग गज के प्लाटों के आबंटन में क्या प्रक्रिया अपनायी गयी थी ; और

(ग) वरिष्ठ और कनिष्ठ सदस्यों में अन्तर क्यों करने दिया गया ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) जो सदस्य 300 वर्ग गज के प्लाटों के पात्र थे, उन्हें 225,200 तथा 175 वर्ग गज के प्लाटों की पेशकश नहीं की जा सकी, क्योंकि वे प्लाट उन श्रेणियों के पात्र सदस्यों को उनकी वरीयता के अनुसार आबटित किये गये थे ।

(ख) उन श्रेणियों के पात्र सदस्यों को 225/200/175 वर्ग गज के प्लाट उनकी वरीयता के अनुसार लाटरी द्वारा आवंटित किए गये थे ।

(ग) सोसाइटी के अनुमोदित उपनियमों में एक उपबन्ध है जिसके अनुसार अपनी-अपनी श्रेणियों में सदस्यों की वरीयता के आधार पर प्लाटों का आबंटन किया जाना था ।

**गुजरांवाला गृह निर्माण सहकारी समिति, दिल्ली को अतिरिक्त भूमि का आबंटन**

2072. **श्री बी० के० दासचौधरी** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरांवाला गृह निर्माण सहकारी समिति, दिल्ली को आबंटित की जाने वाली अतिरिक्त भूमि का कब्जा समिति को दे दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो भूमि का कब्जा कब दिया गया था तथा कब तक इसका विकास करके इसे समिति के सदस्यों को आबंटित कर दिया जायेगा ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) समिति को अतिरिक्त भूमि के आबंटन से सम्बन्धित मामला दिल्ली प्रशासन के अब भी विचाराधीन है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

**केन्द्र द्वारा संचालित अस्पतालों का कार्यकरण**

2073. **श्री बी० के० दासचौधरी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र द्वारा संचालित अस्पतालों के कार्यकरण में सुधार करने हेतु उपायों का सुझाव देने के लिए गठित की गई समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके सदस्यों के क्या नाम हैं, उसके विचारार्थ विषय क्या हैं ; और उसने क्या सिफारिशें की हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित दो अस्पतालों तथा केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त दो संस्थाओं के कार्य का अध्ययन करने के लिए जो कार्यकारी दल गठित किया गया था उसने अभी तक अपना प्रतिवेदन नहीं दिया है :

1. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली।
2. विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली।
3. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
4. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, चण्डीगढ़।

(ख) इसके कर्मचारियों तथा विचारणीय विषयों का ब्यौरा दर्शाते हुए एक विवरण संलग्न है।

आशा है कि समिति अपना प्रतिवेदन लगभग एक महीने के समय में देगी।

**विवरण**

**कार्यकारी दल के सदस्य**

1. श्री पी० एल० वर्मा, आनरेरी कन्सलटेण्ट फार इंजिनियरिंग वर्क्स, अध्यक्ष स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसन्धान संस्थान, चण्डीगढ़।
2. संयुक्त सचिव (यू) स्वास्थ्य विभाग।
3. वित्तीय सलाहकार (स्वास्थ्य)।
4. स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अथवा उनका प्रतिनिधि।
5. चिकित्सा अधीक्षक, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली।
6. चिकित्सा अधीक्षक, विलिंगडन अस्पताल, नई दिल्ली।

7. निदेशक, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ ।

8. निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ।

9. मुख्य अभियन्ता (विद्युत के० सा० नि० वि०) ।

10. श्री जे० सी० मेहता (अभियन्ता स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ ) ।

**कार्यकारी दल के विचारार्थ विषय** :

(1) अस्पताल प्रशासन और इंजीनियरी सेवाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य में उनके उद्देश्य और विस्तार की सम्भावनाओं पर विचार करना तथा उसमें उपयुक्त परिवर्तन सुझाना और प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था करना ।

(2) वर्तमान वित्तीय प्रतिमानों पर विचार करना और द्रुत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निम्न स्तरों को शक्तियों के हस्तान्तरण सहित उपयुक्त परिवर्तन सुझाना ।

(3) उसकी रिपोर्ट में तत्कालीन तथा दीर्घकालीन दोनों प्रकार के उपाय अलग-अलग दिए जाएं ।

**G. P. F. Statement of Hindon Airport (Ghaziabad) Civilian Employees**

2074. **Shri Jagannathrao Joshi:** Will the Minister of Defence be pleased to state:

(a) whether the civilian employees working at Hindon Airport (Ghaziabad) are not given G. P. F. statement regularly every year;

(b) the number of such employees out of them who have been transferred there from other units and whose G. P. F. statement showing the last balance has not been sent to them;

(c) the action proposed to be taken by Government to keep the G. P. F. account up-to-date;

(d) whether at present there are some employees, out of them. who have not been intimated their balance in the G. P. F. account receipts; and

(e) if so, the reasons therefor and the action proposed to be taken by Government in this regard?

**The Minister of Defence (Shri Jagjivan Ram):** (a) The Annual Statements of G. P. Fund Accounts are despatched to the units concerned regularly every year for handing over to the subscribers.

(b) There are 26 cases of individuals transferred from other units to Hindon Airport who have not been given their G. P. Fund statements which are awaited from their previous units.

(c) Office of the J. C. D. A. (Funds) has recently been strengthened. A programme of computerisation of the Fund accounts has been launched with a view to ensure expeditious rendition of fund accounts and maintaining them up-to-date.

(d) and (e) The annual statement of accounts shows the opening balance which is the closing balance for the previous year. No employee has pointed out the omission regarding his last balance in the G. P. Fund account received by him.

**तट से दूर तेल की खोज करने के लिये निगम की स्थापना**

2075. **श्री पी० के० देव** : क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार तट से दूर तेल की खोज करने के लिये एक निगम की स्थापना करने के सम्बन्ध में विचार कर रही है ; और

(ख) तट से दूर छिद्रण कार्य में नया निगम किस प्रकार सहायक सिद्ध होगा ?

**पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) इस समय नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**इण्डो-चीन के बारे में जेनेवा सम्मेलन**

2076. **श्री पी० के० देव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लाओस की नवीनतम घटनाओं पर विचार करने के लिये इण्डोचीन-सम्बन्धी जेनेवा सम्मेलन पुनः बुलाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) क्या रूस ने इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया था ; और

(ग) इस सम्बन्ध में भारत सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री ( श्री सुरेन्द्रपाल सिंह )** : (क) लाओस की सरकार ने भारत सरकार को सूचित किया था कि उन्होंने जेनेवा सम्मेलन के सह-अध्यक्ष को लाओस में हुई हाल घटनाओं पर विचार करने के लिये सम्मेलन को पुनः बुलाने का सुझाव दिया है ।

(ख) इस मामले पर दोनों सह-अध्यक्षों ने भारत सरकार से अभी तक सम्पर्क स्थापित नहीं किया है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन केन्द्रों का निर्माण करने के लिये धन का नियतन**

2077. **श्री राजदेव सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चालू वर्ष में उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन केन्द्रों के निर्माण के लिये सरकार ने कुल कितनी राशि मंजूर की है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय )** : 1971-72 में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत भवनों के निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश सरकार को अनन्तिम रूप से 100.00 लाख रुपये नियत किये गये हैं ।

**बंगला देश के बारे में समर्थन प्राप्त करने के लिए गांधीवादी संस्थाओं के प्रतिनिधि-मंडलों का संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा विश्व की राजधानियों में जाना**

2078. **श्री श्यामनन्दन मिश्र** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत की गांधीवादी संस्थाओं का विचार, बंगला देश के बारे में समर्थन प्राप्त

करने के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमण्डल संयुक्त-राष्ट्रसंघ और विश्व की अन्य राजधानियों में भेजने का है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस बारे में उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है ?

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के श्री जय प्रकाश नारायण न्यूयार्क समेत विश्व की बहुत-सी राजधानियों और नगरों का दौरा करने के लिये 16 मई, 1971 को भारत से गये थे और आशा है कि जून के अन्त तक वापस आ जाएंगे। सम्भव है कि वह न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के नेताओं और संगठनों से भेंट करें।

(ख) जी हां, हमारे मिशनों द्वारा भ्रमणकारी भारतीय महानुभावों को दी जानेवाली सामान्य मदद और शिष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से।

### ग्रामीण क्षेत्रों में वैद्यों की कमी

2079. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में आयुर्वेदिक औषधालयों की संख्या कितनी है और क्या देश में ग्रामीण क्षेत्रों में वैद्यों की कमी है ; और

(ख) यदि हां तो इस सम्बन्ध में सरकार का क्या विशिष्ट कार्यवाही करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय )** : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और यथासमय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

### Exploration of Oil in Madhya Pradesh

2080. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state:

(a) whether various experts on the basis of various survey reports have expressed the opinion that the possibilities of locating oil in Madhya Pradesh should be explored.;

(b) if so, the schemes undertaken by Government in this regard ;

(c) the results of the initial explorations where these have been started ; and

(d) the schemes proposed to be undertaken for locating oil in other prospective areas ?

**The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri P. C. Sethi)** : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

(d) In such of the other regions, as are considered prospective, the steps regarding exploration work include geological, gravity, magnetic and seismic surveys. Where the results of any of the aforesaid surveys give indications of the presence of favourable structural conditions, exploratory drilling operations would be undertaken.

### Opening of Sainik School in Madhya Pradesh

2081. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state:

(a) whether the Government have received any representation from the Government of Madhya Pradesh for setting up Sainik Schools in the State ;

(b) if so, the action taken thereon ; and

(c) the number of such schools proposed to be set up by Government during the current year ?

**The Minister of Defence ( Shri Jagjivan Ram) :** (a) There is already a Sainik School at Rewa in Madhya Pradesh since July 1962. No representation has been received from the Madhya Pradesh Government for setting up any additional Sainik School in that State.

(b) and (c) Do not arise.

**रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित सैनिक समाचार में काम करने वाले अधिसंख्यक अनुवादक**

2082. **श्री के० लकप्पा** : क्या **रक्षा** मंत्री रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "सैनिक समाचार" में काम करने वाले अधिसंख्यक अनुवादकों के बारे में 2 सितम्बर, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5083 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय 'सैनिक समाचार' में नियुक्त अधिसंख्यक अनुवादकों के भविष्य में पदोन्नति के अवसर क्या हैं ; और

(ख) क्या उनकी स्थिति में सुधार करने के लिये कोई योजना बनाई गई है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) वर्तमान नियमों के अन्तर्गत अधिसंख्यक अनुवादकों को अपनी नियुक्तियों पर ही रहना है ।

(ख) अधिसंख्यक अनुवादकों के भविष्य को सुधारने की संभावनाओं का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है ।

**बंगला देश के बारे में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिये विदेशों में भेजे गये भारतीय प्रतिनिधि**

\+

2083. **श्री विश्वनाथ झुंझुनवाला** : **श्री बी० के० दासचौधरी** :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बंगला देश के मामले में भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिये विदेश सचिव को ईरान भेजा था ;

(ख) क्या मध्य पूर्व तथा यूरोपीय देशों को भी इस प्रकार के भारतीय प्रतिनिधि भेजे गये थे ; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रकार के दौरों के क्या परिणाम निकले हैं और क्या किसी मुस्लिम देश ने भारत के दृष्टिकोण की सराहना की है और बंगला देश के स्वतंत्रता संग्रामियों की सहायता देने का आश्वासन दिया है ।

**विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) और (ख) विदेश सचिव ने ईरान की यात्रा की, जहां पर उन्होंने राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों तथा बंगला देश के प्रश्न पर आपसी विचार विनिमय किया । अन्य देशों में भी प्रतिनिधि गये हैं ।

(ग) इन यात्राओं तथा सरकार द्वारा उठाये गये अन्य कदमों के फलस्वरूप, सरकार को इस बात पर विश्वास करने का औचित्य है कि विश्व की राजधानियों में भारत के रवैये तथा पूर्व बंगाल

की घटनाओं को, भली प्रकार समझा जा रहा है। संयुक्त अरब गणराज्य और ईरान जैसे कुछ इस्लामी देशों ने पूर्व बंगाल से आये शरणार्थियों के लिये दवाइयों के रूप में सहायता देने की घोषणा की है।

**दिल्ली में मैसर्स नियामतुल्ला और परमजीत सिंह को उत्खनन कार्य (रेत) का आबंटन**

2084. **श्री अचल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि दिल्ली में गत 12 वर्षों से केवल मैसर्स नियामतुल्ला और परमजीत सिंह को उत्खनन कार्य (रेत) बिना निलामी के आबंटन किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के आबंटन के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या दिल्ली में उत्खनन (रेत) के चार स्थान हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इन चार स्थानों में से कितने खुले हैं ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल) :** (क) और (ख) उत्खनन के अधिकारी का नीलाम 26 मई, 1965 को मदनपुर खादर की ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था। सर्वश्री परमजीत सिंह नियामतुल्ला को उनकी अधिकतम बोली के कारण 34,200/-रुपये की पट्टे की वार्षिक राशि पर पांच वर्ष के लिये पट्टा दिया गया था।

(ग) और (घ) 1967 तक चार स्थान थे किन्तु अब केवल तीन स्थान हैं। तथापि उत्खनन कार्य इन तीन स्थानों में से केवल एक पर ही किया जा रहा है।

**देश में लूप लगवाने वाली स्त्रियों की संख्या में कमी**

2085. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में 'लिप्पीज लूप' का प्रयोग कम होता जा रहा है और लूप लगवाने वाली स्त्रियों की संख्या में कमी हुई है ; और

(ख) क्या बन्ध्यकरण कराने की लागत 120 से बढ़कर 170 रुपये हो गई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ) :** (क) यह सही है कि लूप पहनने वाली महिलाओं की संख्या में गिरावट आई थी। इस गिरावट के रुख पर काबू पा लिया गया है जैसा कि निम्नलिखित ब्यौरे से स्पष्ट है :—

| वर्ष | लप पहनने वाली महिलाओं की संख्या |
|---|---|
| 1965-66 | 812,713 |
| 1966-67 | 909,726 |
| 1967-68 | 668,979 |
| 1968-69 | 478,781 |
| 1969-70 | 458,726 |
| 1970-71 | 458,185 (अपूर्ण) |

(ख) और (ग) सरकार नहीं जानती कि प्रत्येक नसबन्दी पर 120 रुपये और 170 रुपये की लागत का हिसाब किस तरह से लगाया गया है। फिर भी 1968-69 और 1969-70 के व्यय के आंकड़ों के आधार पर नसबन्दी की औसतन लागत वर्ष 1968-69 में 125.08 रुपये और 1969-70 में 176.03 रुपये बैठती है।

**बंगला देश से घायल लोगों के भारी संख्या में आ जाने के कारण जी० बी०अस्पताल, अगरतल्ला के कर्मचारियों पर काम का अधिक भार**

2086. **श्री बीरेन दत्त** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगला देश से आये बहुत से घायल व्यक्तियों को जी० बी० अस्पताल, अगरतल्ला में भेजा जाता है ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप सफाई कर्मचारियों पर कार्यभार बढ़ गया है ; और

(ग) यदि हां, तो वहां पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त न होने के कारण उन पर भारी कार्यभार को कम करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मन्त्री ( श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय )** : (क) और (ख) जी हां।

(ग) शल्य चिकित्सकों की बताई गई कमी को पूरा करने के लिये 12 शल्य चिकित्सकों तथा विसंज्ञा शास्त्रियों का एक दल त्रिपुरा भेजा गया था। इस दल ने अगरतल्ला में 15 दिन के दौरान रुके हुये काम को पूरा कर दिया तथा जिन रोगियों का उपचार किया जा रहा है उनके लिये 3 विशेषज्ञ यानी 1 विकलांग शल्य चिकित्सक तथा 2 विसंज्ञा शास्त्री, को वहीं छोड़कर 6, 7 और 8 जून 1971 को तीन बैचों में दिल्ली वापस आ गया। अन्य कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय तौर पर की जा रही है।

**डेरा इस्माइल खां, हाउस बिल्डिंग सोसाइटी, दिल्ली के नक्शे**

2087. **श्री एच० के० एल० भगत** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण ने डेरा इस्माइल खां हाउस बिल्डिंग सोसायटी के नक्शों को हाल ही में मंजूरी दी है ;

(ख) यदि हां, तो (एक) रिहायशी/वाणिज्यिक प्लाटों की संख्या तथा उनका आकार क्या है; (दो) पूर्ण स्वामित्व पट्टे पर दिये जाने वाले रिहायशी/वाणिज्यिक प्लाटों की संख्या कितनी है ; (तीन) सोसायटी के सदस्यों को रिहायशी/वाणिज्यिक और पूर्ण स्वामित्व पट्टे पर प्लाटों का आबंटन किस कसौटी के आधार पर किया गया है ;

(ग) क्या सोसायटी के सब सदस्यों को प्लाटों का आबंटन किया जायेगा ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और बाकी लोगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) जी, हां ।

(ख) (i) ले-आउट प्लान में 626 रिहायशी प्लाटों की व्यवस्था की गई है । इनमें से 133.30 वर्ग गज के आकार के 285 प्लाट तथा 268.2 वर्ग गज के आकार के 341 प्लाट हैं । ले-आउट प्लान में व्यापारिक प्लाटों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है । तथापि, सुविधाजनक शापिंग के लिये 0.32 एकड़ क्षेत्र की व्यवस्था की गई है ।

(ख) (ii) सोसाइटी द्वारा तैयार किये गये ले-आउट प्लान में ऐसी कोई सूचना नहीं है ।

(ख) (iii), (ग) तथा (घ) अपने सदस्यों में उपलब्ध भूमि के वितरण के लिये, उसके सदस्यों द्वारा स्वीकार्य न्यायसंगत सिद्धान्त बनाने का कार्य समिति का है । सोसाइटी ने अपने 1080 सदस्यों के विपरीत 626 रिहायशी प्लाट काटे हैं तथा दिल्ली प्रशासन से अतिरिक्त भूमि के आबंटन के लिये अनुरोध किया है ।

**दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा डेरा इस्माइल खां हाउस बिल्डिंग सोसाइटी को आबंटित की गई भूमि का विकास**

2088. **श्री एच० के० एल० भगत** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटियों को आबंटित की गई भूमि पर विकास कार्य करने के बारे में दिल्ली विकास प्राधिकरण की क्या नीति है ;

(ख) क्या डेरा इस्माइल खां हाउस बिल्डिंग सोसायटी दिल्ली ने उसको आबंटित की गई भूमि पर विकास कार्य करने के लिये, दिल्ली विकास प्राधिकरण से अनुरोध किया है;

(ग) क्या सरकार ने कोई तिथियां निर्धारित की हैं जिन तिथियों तक भूमि का विकास कर लेना चाहिये और शेयर होल्डरों को प्लाट सौंप देने चाहियें ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) दिल्ली में सहकारी आवास निर्माण समितियों को आबंटित भूमि के विकास के कार्य को दिल्ली विकास प्राधिकरण नहीं करता है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) विकास कार्य पूरा करने तथा समिति के शेयर-होल्डरों को प्लाटों के देने की निश्चित तिथि निर्धारित करना सरकार के लिए सम्भव नहीं है ।

**सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में सिर में चोट लगने के मामले**

2089. **श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968, 1969 और 1970 में सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में सिर में चोट लगने के कितने मामलों में उपचार किया गया;

(ख) उनमें से कितने मामलों में रोगियों की मृत्यु हुई; और

(ग) क्या उक्त मामलों का निदान और उपचार करने के लिये अस्पताल में सब प्रकार के उपकरणों की व्यवस्था है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है।

(ग) इस प्रकार के मामलों के निदान तथा उपचार के लिये सभी प्रकार की बुनियादी सुविधायें उपलब्ध हैं। फिर भी, इन सुविधाओं में आगे और सुधार करने के लिये प्रयत्न किए जा रहे हैं।

**विवरण**

सफदरजंग अस्पताल में सिर की चोट लगने के जिन रोगियों का उपचार किया गया उनकी संख्या दर्शाते हुए विवरण।

| वर्ष | सिर की चोट वाले जिन रोगियों का उपचार किया गया उनकी संख्या | मृत मामलों की संख्या | चोट लगे मामलों में मृतकों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| 1968 | 787 | 83 | 10.54 |
| 1969 | 779 | 82 | 10.53 |
| 1970 | 791 | 90 | 11.3 |

**स्वास्थ्य पर दही का प्रभाव**

2090. **श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी वैज्ञानिक इस परिणाम पर पहुंचे हैं कि दही का प्रयोग मनुष्य तथा पशु दोनों के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है;

(ख) क्या इस बारे में भारत में भी कोई अनुसन्धान किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) सरकार के पास कोई सूचना नहीं है।

(ख) और (ग) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**एक अधिकारी को शान्ति क्षेत्र में रखने की अवधि**

2091. **श्री फतहसिंह गायकवाड़** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एक अधिकारी को नियमों के अन्तर्गत शान्ति क्षेत्र में विशेष पद पर अधिक से अधिक कितनी अवधि तक रखा जा सकता है;

(ख) नेशनल डिफेंस कालेज, दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों की संख्या और नाम क्या हैं जिनके मामलों में समय से अधिक ठहरने की अवधि 7 वर्ष से अधिक है; और

(ग) कनिष्ठ अधिकारियों की उपेक्षा कर इनके मामलों में नियमों में ढील देने के क्या कारण हैं ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) सेना के अफसर का शांति क्षेत्र में सामान्य कार्यकाल की अवधि 2 से 3 वर्षों के मध्य होती है। कुछ मामलों में सेवा की आवश्यकताओं, उदाहरणार्थ तकनीकी/विशेष जानकारी के कारण अफसर को शांति क्षेत्र में कुछ अधिक अवधि के लिए भी रखा जा सकता है।

(ख) और (ग) कर्नल प्यारालाल ही एक ऐसे अफसर हैं जो कि नेशनल डिफेंस कालेज में 7 वर्षों से अधिक काल तक रहे। कर्नल प्यारालाल 18--8--1966 को सेवा से निवृत्त हुए, परन्तु उनके विशेष ज्ञान एवं अनुभव के कारण उनकी पुनः नियुक्ति कर ली गई है।

**राजस्थान के जयपुर डिवीजन और बिहार के तिरहुत डिवीजन में इंडेन गैस के वितरक**

2092. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के जयपुर प्रभाग में और बिहार के तिरहुत प्रभाग में इंडेन गैस के वितरकों की संख्या क्या है;

(ख) क्या पिछले दो वर्षों में इन दो प्रभागों में वितरक बनाने और उनके चुनाव हेतु आवेदन पत्र मांगे गये थे; यदि हां, तो विशिष्ट स्थानों के लिये जिन नामों की सिफारिश की गई और जो चुने गये उनकी सूची क्या है; और

(ग) क्या दरभंगा में भी इन्डेन की एजेंसी स्थापित की जा रही है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : (क) राजस्थान के जयपुर प्रभाग और बिहार के तिरहुत प्रभाग में इंडेन के वितरकों की संख्या क्रमशः तीन एवं एक है।

(ख) पिछले दो वर्षों की अवधि में जयपुर प्रभाग के लिए वितरकों की नियुक्ति हेतु, कोई आवेदन पत्र नहीं मांगे गये थे। तथापि मुजफ्फरपुर (बिहार) में वितरकों की नियुक्ति के लिए बेरोजगार इन्जीनियर/स्नातकों से आवेदन पत्र मांगे गये थे किन्तु कोई भी आवेदक सुयोग्य न पाये जाने के कारण यह वितरक पद भूतपूर्व सेना कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कर दिया गया।

(ग) दरभंगा में, जहां एक वितरक की नियुक्ति को पहले से ही अन्तिम रूप दिया जा चुका है, इन्डेन की बिक्री शीघ्र ही प्रारम्भ की जायेगी।

**न्यू मोती नगर, नई दिल्ली में पानी की सप्लाई**

2093. **श्री पी० नरसिम्हा रेड्डी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री न्यू मोतीबाग, नई दिल्ली में पानी की सप्लाई के सम्बन्ध में 18 मई, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 10112 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "बूस्टर पम्प" देने का कार्य इस बीच पूरा हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसके परिणामस्वरूप गत वर्षों की तुलना में पानी की सप्लाई में कोई वृद्धि हुई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**Auditing of Accounts of Adarsh Netra Hospital, New Delhi**

2094. **Shri Nathu Ram Ahirwar :** Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 5284 on the 6th April, 1970 regarding auditing of accounts of Adarsh Netra Hospital, New Delhi and state:

(a) whether Government take a serious view of the audit objections mentioned in the reply to the aforesaid question;

(b) if so, the action taken by Government after the receipt of the audit report ?

**The Minister of State in the Ministry of Health and Family Planning (Shri D. P. Chattopadhyaya) :** (a) and (b) The Delhi Administration who are concerned with the grants in question have been requested to supply information on these points. The information will be laid on the Table of the Lok Sabha.

**बटाला बाजार, अगरतल्ला में म्यूनिसिपल मार्किट के निर्माण के लिये निधि**

2095. **श्री बीरेन दत्त** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा सरकार ने बटाला बाजार, अगरतल्ला में म्यूनिसिपल मार्किट का निर्माण करने के लिये धन की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि मांगी गई है; और

(ग) इस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**गोबिन्द बल्लभ अस्पताल, अगरतल्ला के कर्मचारियों की मांगें**

2096. **श्री बीरेन दत्त** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान गोविन्द बल्लभ अस्पताल, अगरतल्ला, त्रिपुरा के कर्मचारियों द्वारा असन्तोषजनक परिस्थितियों में काम करने की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या नर्सों के संघ ने त्रिपुरा सरकार को एक ज्ञापन दिया है; और

(ग) उनकी मांगों को पूरा करने के बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और यथासमय सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन सेवाओं के लिये वृहद् योजना**

2097. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और परिवार नियोजन की सेवाओं की व्यवस्था के लिये 31 करोड़ रुपये की एक वृहद् योजना बनाई गई थी; और

(ख) यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री ए० के० किस्कु)** : (क) और (ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

**इंजीनियरिंग की अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को सेना में कमीशन**

2098. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** : क्या **रक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सेना में इंजीनियरिंग की अर्हता (डिग्री और डिप्लोमा) प्राप्त कुल कितने उम्मीदवार कमीशन के लिये आये और सब केन्द्रों से कितने उम्मीदवारों का चयन किया गया ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : कुल 19,245 डिग्री-प्राप्त व्यक्ति सेना में कमीशन के लिए उम्मीदवार के रूप में 1968, 1969 और 1970 में आए और उनमें से 1,140 उम्मीदवारों का चयन किया गया। डिप्लोमा प्राप्त व्यक्तियों से सम्बन्धित सांख्यिकी आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

**मेरठ कैन्ट में सेवा में कमीशन के लिये एक चयन केन्द्र**

2099. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** : क्या **रक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या मेरठ कैन्ट में सेना में कमीशन के लिये एक चयन केन्द्र था, जिसे बन्द कर दिया गया है; और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : एक चयन केन्द्र मेरठ में था। इसे बन्द नहीं किया गया है वरन् इसका स्थानान्तरण प्रशासनिक कारणों के लिए रुरकी कर दिया गया है।

**तमिलनाडु में राजसहायता प्राप्त बागान श्रम आवास योजना के लिये धन का नियतन**

2100. **श्री जे० एम० गौडर** : क्या **निर्माण और आवास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी योजना में राजसहायता प्राप्त बागान श्रम आवास योजना के अन्तर्गत तमिलनाडु को कितनी राशि दी गई है ;

(ख) अन्य राज्यों को कितनी राशि दी गई है ;

(ग) क्या तमिलनाडु को दी गई राशि अपर्याप्त है ; और

(घ) तमिलनाडु को इस योजना के लिये पर्याप्त राशि उपलब्ध करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

**निर्माण और आवास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री आई० के० गुजराल)** : (क) से (घ) चौथी योजना में, असम, केरल, मैसूर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की सरकारों तथा त्रिपुरा की संघ क्षेत्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही, बागान कर्मचारियों के लिए सहायता प्राप्त आवास

योजना के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। बागान कर्मचारियों के लिये विभिन्न राज्यों द्वारा बनाये जाने वाले मकानों की आवश्यकताओं तथा राज्यों के उपयोग में लाने की समर्थता आदि का ध्यान रखते हुए राज्य सरकारों को वर्षवार नियतन किये जाते हैं।

तमिलनाडु सरकार ने 1970-71 के वर्ष के लिये केवल 50,000 रु० के नियतन के लिये कहा था, जो कि उन्हें उपलब्ध कर दिया गया।

1970-71 के वर्ष के दौरान अन्य राज्यों को किये गये नियतन तथा उन द्वारा ली गई राशि निम्न प्रकार है :-

(लाख रुपयों में)

| | | | केन्द्रीय सहायता | |
|---|---|---|---|---|
| | | | नियत की गई | ली गई |
| 1- | असम | – | 30.30 | 30.30 |
| 2- | केरल | – | अपेक्षित नहीं | |
| 3- | मैसूर | – | 5.00 | 5.00 |
| 4- | पश्चिम बंगाल | – | 6·00 | 6.00 |
| 5-- | त्रिपुरा (संघ क्षेत्र) | | 0.20 | 0.20 |
| | | जोड़ :- | 41.50 | 41.50 |

**Representation of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Indian Foreign Service**

2101. **Shri C. R. Shailani** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) Category-wise number of Indian Ambassadors, High Commissioners, Counsellors, First Secretaries and Consul-Generals ;

(b) the percentage of persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes among them ;

(c) whether the said representation is satisfactory ?

**The Deputy Minister in the Ministry of External Affairs (Shri Surendra Pal Singh) :**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Ambassadors | **53** |
| | High Commissioners | **15** |
| | Counsellors | **22** |
| | First Secretaries | **140** |
| | Consul-Generals | **15** |

(b) *Category*

| | Percentage | |
|---|---|---|
| | Scheduled Castes | Scheduled Tribes |
| Ambassadors | NIL | NIL |
| High Commissioners | 6.67 | NIL |
| Counsellors | NIL | NIL |
| First Secretaries | 3.57 | 2.86 |
| Consul-General | NIL | NIL |

(c) The representation is not unsatisfactory though we hope that more persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes will find representation in these posts in the future.

## भारतीय सेना में हिमाचल रेजीमेन्ट

2102. **श्री नारायण चन्द पाराशर** : क्या **रक्षा** मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार के अभ्यावेदन पर हिमाचल रेजीमेंट बनाने के संबंध में निर्णय ले लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार की रेजीमेंट को कब तक बनाया जायेगा ।

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

## सैनिकों को विभिन्न प्रकार की पेंशनें

2103. **श्री बृजराज सिंह कोटा** : क्या **रक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सैनिकों को प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की पेंशनों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या युद्ध में लड़ते हुए मारे गये सैनिकों या अधिकारियों के निकट सम्बन्धियों को विशेष पेंशन देने की कोई व्यवस्था है ?

**रक्षा मन्त्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) एक विवरण संलग्न है । [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 409/71**]

(ख) जी हां । सैनिक अफसरों/कार्मिकों को जो कि लड़ाई में मारे जाते हैं, उनके परिवार/आश्रितों को विशेष रूप से बढ़ी हुई दरों पर पेन्शनरी एवार्डस दिए जाते हैं । इस विषय में विवरण 'सशस्त्र सेना-कार्मिकों तथा रक्षा स्थापनाओं के असैनिक कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर पुस्तक, 1970' में दिए गए हैं । इसकी एक प्रति रक्षा मंत्रालय की 1969-70 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ संसद् के पुस्तकालय को दी गई थी ।

## सेना के जवानों और अधिकारियों के वर्तमान वेतनमान

2104. **श्री बृजराज सिंह कोटा** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जवानों तथा अधिकारियों, जिनमें जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारी आदि शामिल हैं, के वर्तमान वेतनमान क्या हैं और उन्हें विभिन्न स्थानों जैसे सामरिक कार्य, सीमा, पर्वत आदि के लिये कितने-कितने अतिरिक्त भत्ते प्राप्त करने का अधिकार है;

(ख) उनके वेतनमानों का पुनरीक्षण कब किया गया था ; और

(ग) क्या निकट भविष्य में उनके वेतनमानों का पुनरीक्षण करने का सरकार का विचार है ?

**रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) सेना के अफसरों एवं जवानों के वेतन और भत्ते का ब्यौरा "सशस्त्र सेना-कार्मिकों तथा रक्षा स्थापनाओं के असैनिक कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर पुस्तक, 1970" नामक पुस्तिका के पृष्ठ 10 से 31 में उल्लेखित है । पुस्तक की प्रतिलिपियां रक्षा मन्त्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के साथ गत वर्ष बजट के सत्र के दौरान लोक सभा के प्रत्येक सदस्यों के बीच वितरित की गयी थीं । एक विवरण उसमें सुधार दिखलाते हुए संलग्न है । [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 410/71**]

(ख) (1) 1 सितम्बर, 1965 मेजर-जनरल के पद और उससे ऊपर के पदों के लिए ;

(2) 1 जुलाई, 1969 कर्नल पद के अफसरों एवं जेनरल केडर के ब्रिगेडियर पद के अफसरों के लिए ;

(3) 1 अप्रैल, 1960 अन्य सभी सशस्त्र सैनिक अफसरों के लिए ;

(4) 1 जुलाई, 1959 अफसर पद से नीचे के कार्मिकों के लिए :

(ग) जी हां। सरकार वेतन आयोग की नियुक्ति कर चुकी है जिसके विचारार्थ विषयों के सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों के वेतन के ढांचे का परियोजन भी शामिल है।

**आंध्र प्रदेश में भूतपूर्व सैनिकों को भूमि का आवंटन**

2105. **श्री के० सूर्यनारायण** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने ताडेपालीगुण्डम (आन्ध्र प्रदेश) में गिराये गये हवाई अड्डे पर एक्स सर्विस (रक्षा) पीपल्ज फार्मिंग सोसाइटी को खेती योग्य भूमि देना स्वीकार किया है ;

(ख) यदि हां, तो सोसाइटी को कितनी भूमि पट्टे पर दी गई और किन शर्तों पर दी गई ;

(ग) क्या एक्स सर्विस पीपल्ज फार्मिंग सोसाइटी को पट्टे पर दी गई भूमि पर कुछ बड़े किसानों और ताडैपालीगुण्डम नगरपालिका के अध्यक्ष का अनधिकृत अधिकार है ;

(घ) क्या फार्मिङ्ग सोसाइटी के सदस्यों ने इस बारे में सरकार से शिकायत की है और अनुरोध किया है कि अनधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा कराने वाले व्यक्तियों से उस भूमि को मुक्त कराया जाय ; और

(ङ) यदि हां, तो उनका उस भूमि पर कब से कब्जा है और उसको खाली कराने के लिये क्या कार्यवाही की गयी है ?

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : (क) से (ङ) 6-11-67 को भारत सरकार ने पहले 2 वर्ष की अवधि के लिए एक्स सर्विसमेन कोआपरेटिव सोसायटी, ताडेपालीगुण्डम को ताडेपाली-गुण्डम एयर फील्ड का सम्पूर्ण क्षेत्र जो कि 681.35 एकड़ है जिसमें 91.875 एकड़ रनवे इत्यादि की भूमि शामिल है पट्टे पर देने के लिए संस्वीकृति दी थी। पट्टे के निष्पादन से काफी पूर्व ही अनेक लोगों ने भूमि का अतिक्रमण कर रखा था। अतिक्रमण करने वालों में 17 नगरपालिका के सदस्य तथा नगरपालिका अध्यक्ष ताडेपालीगुण्डम शामिल हैं। पट्टा सामान्य शर्तों पर तथा निम्नलिखित शर्तों के अनुसार था :—

(क) पट्टाधारी पूरे स्थान का 'उचित किराया' अदा करेंगे जिसमें अतिक्रमण किया हुआ भाग भी शामिल है। उचित किराया मिलिटरी एस्टेट अफसर निश्चित करेंगे।

(ख) अतिक्रमण करने वालों को भूमि पर से हटाने का उत्तरदायित्व पट्टेधारी का होगा तथा इस कारण कोई घटौती या मुआवजा नहीं दिया जायगा, केवल उनके द्वारा पट्टे के प्रथम वर्ष में उस पट्टे के भूभाग का किराया नहीं लिया जायगा जिस पर अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा है।

अक्तूबर 1968 में एक्स सर्विसमेन कोआपरेटिव क्लैक्टिव फार्मिंग सोसायटी ने अभ्यावेदन किया कि वह अतिक्रमणकारियों से बदखल कराने में असमर्थ हैं, अतः भूमि का प्रयोग नहीं कर सकी हैं। सोसायटी के द्वारा अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए राज्य शासन से सहायता प्राप्त करने के सब प्रयत्न निष्फल सिद्ध हुए। अतः सोसायटी ने भारत सरकार से अतिक्रमणकारियों को यदि आवश्यक हो तो सोसायटी के व्यय पर हटाने का अनुरोध किया है। मिलिटरी एस्टेट अफसर ने रिपोर्ट दी है कि अतिक्रमणकारी बहुत प्रभावशाली हैं तथा बेदखल करवा पाना बहुत कठिन होगा। तथापि यह निर्णय किया गया कि मिलिटरी एस्टेट अफसर राजकीय परिसर से अतिक्रमण करने वालों को 1958 अधिनियम (अनधिकृत कब्जे से बेदखली) के अन्तर्गत कार्यवाही करें। मई 1969 में मिलिटरी एस्टेट अफसर को आवश्यक अनुदेश जारी कर दिए गए थे। उसी समय आंध्र प्रदेश सरकार से जिला प्राधिकारियों को अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने में मिलिटरी एस्टेट अफसर को हर संभव सहायता देने के लिए अनुरोध किया गया था।

अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर पाना संभव नहीं हो सका है क्योंकि उनमें से अनेकों ने बेदखली के विरुद्ध उच्च न्यायालय आंध्र प्रदेश में रिट याचिका दायर कर दी है। अतः मामला न्यायाधीन है।

**एच० एफ०-24 सुपरसोनिक विमान के लिए इंजन का विकास**

2106. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एच० एफ०-२४ सुपरसोनिक विमान के लिये इस बीच किसी इंजन का विकास किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) यदि नहीं, तो उक्त इंजन का विकास कब किया जायेगा ;

(ग) इस परियोजना पर अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च की गई ;

(घ) इस परियोजना में सहयोग देने वाले देश का नाम क्या है और क्या इस परियोजना को आरम्भ करने के पहले सहयोग कर्ता देश की क्षमता का पता लगा लिया गया था ; और

(ङ) यदि हां, तो उक्त परियोजना के असफल होने के क्या कारण हैं ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) और (ख) एच० एफ० 24 यान अभी आरफ्यूज-703 इन्जिनों से चलित होता है और इन इन्जिनों का निर्माण लाइसेंस के अन्तर्गत होता है। इस इंन्जिन की शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से गैस टरवाइन एसटैब-लिशमेन्ट से रीहीट सिसटम का विकास किया गया है। परन्तु इस इन्जिन के साथ एच एफ-24 यान के पुरःस्थापन के विषय में निर्णय लेना अभी बाकी है।

(ग) यह सूचना देना लोकहित में नहीं होगा।

(घ) इ सप्रोजेक्ट में विदेशी सहयोग नहीं लिया गया है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

**'सुपरसोनिक' गति वाले भारताय विमानों का निर्माण**

2107. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **रक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि सुपरसोनिक गति वाले और आधुनिक युद्ध की क्षमता वाले भारतीय विमानों का डिजाइन तैयार करने और निर्माण करने संबंधी योजना की मुख्य वातें क्या हैं ?

**रक्षा मंत्रालय (रक्षा उत्पादन) में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :** भारतीय वायु सेना की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड विकसित वायुयानों के डिजाइन का अध्ययन कर रही है। और अधिक सूचना देना लोकहित में नहीं होगा।

## त्रिपुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल खोलने का प्रस्ताव

2108. **श्री बीरेन दत्त** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा कृपा करेंगे।

(क) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल खोलने के बारे में त्रिपुरा सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय) :** (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

---

## अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### किसानों की सारी उपज का सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर न खरीदा जाना

**श्री ए० पी० शर्मा** (बक्सर) : मैं **कृषि** मन्त्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्न विषय की ओर दिलाता हूं और अनुरोध करता हूं कि वे इस विषय पर वक्तव्य दें :

"उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यों में किसानों की सारी उपज का सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर न खरीदे जाने, खरीदी गई सारी उपज के न उठाये जाने और उसका विक्रय मूल्य किसानों को अदा न किये जाने का कथित समाचार"।

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहेब पी० शिन्दे)** : खेतिहर अपनी पैदावार का कुछ भाग खपत. बीज आदि जैसी अपनी जरूरतों के लिए आम तौर पर रख लेते हैं। इसके अतिरिक्त, खेतिहर सरकार को अपनी पैदावार बेचने के लिये बाध्य नहीं होता है। यदि उसे सरकार द्वारा घोषित अधिप्राप्ति मूल्य से अधिक मूल्य मिल सकता है तो वह उसे खुले बाजार में बेचने के लिये स्वतन्त्र है। अधिप्राप्ति मूल्य पर भी सरकार को बेचने के लिये बाध्य नहीं है लेकिन वह चाहे तो व्यापारी को बेच सकता है। सरकार इस बात के लिये वचनबद्ध है कि खेतिहर द्वारा बिक्री के लिये दिया गया सारा अनाज यदि विहित निर्दिष्टियों के अन्तर्गत आता है तो वह उसे अधिप्राप्ति मूल्य पर खरीद लेगी। इसलिये किसानों की सारी पैदावार खरीदने का प्रश्न ही नहीं उठता। भारतीय खाद्य निगम और अन्य अधिप्राप्ति एजेंसियां विहित निर्दिष्टियों में आने वाले किसानों के सारे अनाज को सरकार द्वारा घोषित अधिप्राप्ति मूल्य पर तुरन्त ही खरीदती रही हैं। चालू रबी मौसम के दौरान लगभग 8 जून तक 33 लाख मी० टन गेहूं खरीदा जा चुका है जबकि 1970-71 और 1969-70 की उन्हीं अवधियों में क्रमशः 18 लाख और 17.5 लाख मी० टन गेहूं खरीदा गया था। अब तक की गई अधिप्राप्ति गत वर्ष के दौरान की गई कुल अधिप्राप्ति से पहले ही अधिक है। इतनी अधिक अधिप्राप्ति इस बात का प्रमाण है कि सरकार उत्पादक को घोषित अधिप्राप्ति मूल्य स्तर पर साहाय्य मूल्य प्रदान कर कुल मिला कर अपने वायदे को निभा रही है।

2. जैसाकि सदन को मालूम ही है, अप्रैल और मई के महीनों के दौरान बेमौसमी वर्षा होने से खलिहानों में रखे गेहूं को क्षति पहुंची है। उत्पादकों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से सरकार ने गेहूं की अधिप्राप्ति सम्बन्धी निर्दिष्टियों में ढील दे दी है और अधिप्राप्ति एजेंसियां ढील दी गई निर्दिष्टियों के अन्तर्गत आने वाले क्षतिग्रस्त गेहूं को खरीद रही हैं।

3. क्योंकि इस वर्ष गत वर्ष की अपेक्षा मंडियों में आमद लगभग दुगुनी हुई है और अधि-प्राप्ति भी 14 लाख मी० टन अधिक की गई है, इसलिये इससे भण्डारण और संचलन की समस्याएं पैदा हो गई हैं। पूर्वी क्षेत्र में जहां भारी संख्या में शरणार्थियों के आने से स्थिति विषम हो गयी है वहां अनाज भेजने की कठिनाइयों के कारण संचलन सम्बन्धी समस्या और भी गम्भीर बन गई है। तथापि, यथासम्भव अधिक से अधिक मात्रा में रेल द्वारा अनाज भेजने के लिये प्रत्येक प्रयत्न किया जा रहा है। सड़क से भी अधिक से अधिक संचलन किया जाता है। जिन राज्यों में अधिप्राप्ति की गई है वहां गोदामों के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर और यथासम्भव अधिक से अधिक गोदाम किराये पर लेकर भण्डारण क्षमता बढ़ाई जा रही है ताकि शेष अनाज का भण्डारण किया जा सके।

4. अधिप्राप्ति अनाज की किस्म के अनुसार समूचे अधिप्राप्ति मूल्य की तुरन्त अदायगी करने के लिये भी प्रबन्ध किये गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य को छोड़कर, कुल मिला कर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश की विपणन प्रणाली में दो प्रकार के एजेन्ट कार्य करते हैं। कच्चा आढ़तिया किसानों से सीधे खरीदारी करता है और पक्का आढ़तिया जोकि थोक एजेंसी का प्रतिनिधित्व करता है, कच्चा आढ़तिया से अनाज खरीदता है। एक ही समय में दो बिचौलियों के होने से कदाचार को बढ़ावा मिलता है। भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार ने यथासंभव अधिक से अधिक ऐसे कदाचारों को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक प्रबन्ध मजबूत किये हैं। इन प्रबन्धों में सहकारी समितियों द्वारा अधिप्राप्ति करना और उत्पादकों से सीधी खरीदारी का क्षेत्र बढ़ाना जैसे प्रबन्ध शामिल हैं। दीर्घकालीन उपाय के रूप में राज्य सरकार से यह अनुरोध भी किया गया है कि वे राज्य में विपणन प्रणाली को सुधारने के लिये उपाय शुरू करें।

5. किसानों को मूल्य साहाय्य देने के लिये भारी अधिप्राप्ति करने का कार्य चल रहा है। सरकार अनाज की अधिप्राप्ति, सम्भालने और उसे इधर-उधर भेजने की समस्याओं पर बराबर निगरानी रखे हुये है और इस बात की पूरी-पूरी कोशिश की जाती है कि किसानों को घोषित अधि-प्राप्ति मूल्य का पूरा-पूरा लाभ मिलता रहे।

**श्री ए० पी० शर्मा** : क्या यह सच नहीं कि सरकार ने कई स्थानों पर पर्याप्त एजेन्ट नियुक्त नहीं किये और खरीद के पश्चात् किसानों को समय पर मूल्य अदा नहीं किया जाता ? क्या यह भी सच नहीं कि किसानों को निर्धारित मूल्य से कम मूल्य दिया जाता है ? सरकार किसानों की इन कठिनाइयों को दूर करे, जिससे कि किसानों को पूरा पैसा समय पर मिल सके।

**श्री अन्ना साहेब पी० शिन्दे** : उत्तर प्रदेश सम्बन्धी शिकायतों में कुछ सच्चाई है। परन्तु अधिकतर खरीद पंजाब और हरियाणा से की जाती है। उत्तर प्रदेश में उपज की खरीद के बारे में प्रक्रिया में दोष होने के कारण सरकार ने परीक्षण के तौर पर किसानों से सीधी खरीद प्रारंभ की है। खरीद प्रक्रिया के दोषों को दूर करने के लिये अनाज मण्डियों के ढांचे में भी परिवर्तन किया

जा रहा है। मण्डियों में लोकप्रिय समितियों की स्थापना की जा रही है और जिलाधीशों को पर्याप्त अधिकार दिये गये हैं। किसी भी झगड़े की अवस्था में जिलाधीश का निर्णय अन्तिम समझा जायेगा।

**Shri R. C. Vikal** (Bhaghpat): The statement made by the hon. Minister is not satisfactory. There are certain villages in Saharanpur and Muzaffarpur districts where neither procurement price has been fixed nor any procurement is being made. There are many other complaints regarding non-payment of fixed price, charging of commission at the rate of 2½ kg. per quintal, issuing of bogus cheques by agents of Food Corporation, etc. Payments are not made to farmers in time. Shri Shinde had gone to Bulandshahr and witnessed all these things himself, but still no action has been taken, as a result of which discontentment is prevailing amongst farmers which should be removed. Government is committed to purchase the whole produce but no responsibility has been entrusted to State Governments in this regard. Govt. should take effective measures to check all these things.

**Mr. Speaker**: You have not asked any question. I would like to point out that there is a prescribed rule with regard to Calling attention notice. It details that there should merely be a question from the sponsorer of the item. But it should not turn into a debate.

**Shri R C. Vikal**: I would like the Government to remove the complaints mentioned by me.

**श्री अन्ना साहेब पी० शिन्दे** : किसानों के हितों के प्रति सरकार भी जागरूक है। जाली चैक के संबन्ध में जांच का आदेश दे दिया गया है। इस वर्ष मण्डियों में खाद्यान्नों की आमद पिछले वर्ष से लगभग दोगुनी हुई है। यदि खाद्य निगम द्वारा अधिक मात्रा में न खरीद की जाती तो किसानों के हितों की बहुत अधिक हानि हुई होती। कुछ शिकायतें हो सकती हैं, परन्तु हम उनकी जांच करेंगे। मण्डियों में खरीद की पद्धति को भी सुधारने के हम प्रयत्न कर रहे हैं।

**Shri Hukum Chand Kachwai** (Morena): Food grains brought to the Mandis are checked by Inspectors of Food Corporation and in this process 70—75 per cent goods are rejected by them. Then these rejected goods are purchased from farmers by Traders at cheaper rates. These traders in collusion with the Agents dispose of these purchases at higher rates and profits are shared by Trader and Agents. Is Government aware of this and what steps have been taken to check it?

Food grains have been procured at the rate of Rs. 54/- per quintal in Vidisha district of Madhya Pradesh. Even this money was not paid in time and farmers had to 'Gherao' the collector for the money. Is Government aware that food grains were procured at less price?

Co-operative Banks and Societies have loaned a sum of Rs. 3 crores to farmers. They are demanding repayment. But farmers are not able to dispose of their produce. Govt. should procure the produce so that they can repay their loans.

Different methods have been adopted to exploit farmers. Govt. should take effective steps to check these.

**श्री अन्ना साहेब पी० शिन्दे** : प्राकृतिक आपदाओं के लिये सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता। जहां तक किसानों के हितों की बात है सरकार उनके लिये जागरूक है। विदिशा में कम मूल्य पर गेहूं खरीदे जाने संबंधी शिकायत पर मध्य प्रदेश को जांच करने के लिये कहा जायेगा।

**श्री पी० के० देव** ( कालाहांडी ) : माननीय मन्त्री का वक्तव्य भ्रामक है। जहां तक खाद्यान्न की वसूली की बात है भारतीय खाद्य निगम को, जो कि सरकारी उपक्रम है, इस सम्बन्ध

में एकाधिकार प्राप्त है। एकाधिकार की स्थिति में किसी भी संस्था में जो बुराइयां व्याप्त हो जाती हैं वह इस संस्था में भी हैं। प्रतिदिन इसके पक्षपात, भ्रष्टाचार, अनियमित अदायगियां, मिल मालिकों, क्रय-एजेन्टों और किसानों को तंग करने आदि के बारे में शिकायतें प्राप्त होती हैं। एक जिले में वसूली मूल्य कुछ है तो उसके साथ के राज्य के पड़ौस के जिले में उसी के समान किस्म के खाद्यान्न का मूल्य कुछ और नियत है। इन सब दोषों का कारण खाद्य-जोन आदि नीतियां हैं। देश में खाद्यान्नों के वर्तमान उत्पादन स्तर को देखते हुए इन खाद्य-जोनों, नियन्त्रणों आदि को समाप्त किया जाना चाहिये और खुले व्यापार को छूट दी जानी चाहिये।

**श्री अन्ना साहेब पी० शिन्दे** : माननीय सदस्य द्वारा कही गई कुछ बातें, विशेष रूप से खुले व्यापार की बात गलत है। इस समय कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान से कितनी ही मात्रा में गेहूं का क्रय कर सकता है। राशन के अन्तर्गत आने वाले कलकत्ता तथा हावड़ा के क्षेत्रों को छोड़कर गेहूं और मोटे अनाज कहीं भी ले जाये जा सकते हैं। यह तो किसानों के हित की बात है कि हम उसके उत्पाद निर्धारित मूल्य पर खरीदते हैं। धान के सम्बन्ध में कुछ प्रतिबन्ध हैं। उन पर भी समय-समय पर विचार किया जाता है। सितम्बर में हम स्थिति का फिर से पुनरीक्षण करेंगे।

## पंजाब विधान सभा के विघटन के बारे में

## Re. Dissolution of Punjab Assembly

**अध्यक्ष महोदय** : पंजाब विधान सभा को भंग किये जाने के बारे में मुझे कुछ सदस्यों ने नियम 377 के अधीन एक प्रस्ताव दिया है। मैंने उसे मद संख्या 7 (अ) के रूप में रखा है व उचित समय पर हम उस पर विचार करेंगे।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** (Gwalior): Such matters are not discussed under rule 377. If you give permission for a discussion under rule 377, opportunity should be given to others also to participate in the discussion.

**श्री ज्योतिमय बसु** (डायमंड हार्बर) : इसे नियम 193 के अन्तर्गत चर्चा के लिये स्वीकार किया जाये।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** We are not against taking it under rule 377. But we should also be given an opportunity to express our views.

**श्री सेझियान** (कुम्बकोणम) : यह एक ऐसा विषय है जिस पर सबको अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिये। नियम 377 के अधीन केवल वह प्रश्न उठाये जा सकते हैं जो व्यवस्था के प्रश्न न हों।

**अध्यक्ष महोदय** : उचित यह होगा कि राष्ट्रपति की उद्घोषणा पर चर्चा करते समय हम इस मामले पर चर्चा करें। हां, संक्षिप्त टिप्पणियां करने की अनुमति दी जा सकती है।

**प्रधान मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, गृहमंत्री तथा सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : प्रतिवेदन हमें अभी-अभी प्राप्त हुआ है और हम उसका अध्ययन नहीं कर पाये हैं। अतः मैं यह नहीं समझती कि इस मामले पर इस समय चर्चा करना ठीक होगा।

**अध्यक्ष महोदय** : प्रधान मंत्री ने कहा है कि इस संबंध में प्रतिवेदन अभी-अभी प्राप्त हुआ है, अतः इस मामले को आज नहीं उठाया जायेगा।

## बंगला देश से आये शरणार्थियों को राहत

**Re : Relief Consignments for Evacuees from Bangla Desh**

**अध्यक्ष महोदय** : कुछ दिन पूर्व डा० रानेन सेन ने डमडम हवाई अड्डे पर पड़ी राहत सामग्री को उठाने के बारे में पूछा था और मन्त्री महोदय ने इसका उत्तर देते हुये बताया था कि राहत सामग्री उठा ली गई है। मैंने माननीय सदस्य को कहा था कि वह किसी अन्य दिन प्रश्न पूछ सकते हैं। अब डा० रानेन सेन कृपया प्रश्न पूछें।

**डा० रानेन सेन** (बारसाह) : कुछ दिन पूर्व श्री इन्द्रजीत गुप्त तथा मेरे प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा गया था कि डमडम हवाई अड्डे पर पड़ी सारी राहत सामग्री उठा ली गई है। अगले ही दिन कलकत्ता दैनिक 'हिन्दुस्तान स्टैण्डर्ड' ने इस वक्तव्य का खंडन किया था। 'अमृत बाजार पत्रिका' और दिल्ली के 'स्टेट्समैन' में भी यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि ब्रिटिश राहत एजेन्सी-ऑक्सफेम ने अपने लंदन स्थित कार्यालय को तार द्वारा सूचित किया था कि वह और राहत सामग्री न भेजे क्योंकि पहले भेजी गई सामग्री ज्यों की त्यों ही पड़ी है। मैं जानना चाहता हूं कि अन्तिम स्थिति क्या है और हवाई अड्डे से सामान उठाने और शरणार्थियों के शिविरों में वितरित करने का काम किस एजेन्सी के हाथ में है ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि शरणार्थियों को अन्य राज्यों में भेजने के सम्बन्ध में क्या स्थिति है ?

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : एयर इण्डिया के चेयरमैन ने एक वक्तव्य जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी राजकोष को 8.5 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। मैंने इस सम्बन्ध में एक नोटिस दिया था (व्यवधान)

**Shri Atal Bihari Vajpavee** (Gwalior): I have submitted an adjournment motion regarding the failure of the Government to check the prices of the commodities on which tax was not imposed:

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने इसको स्वीकार नहीं किया था।

**डा० रानेन सेन** : मेरे प्रश्न का उत्तर दिया जाए।

**स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय)** : मैं कल वहीं पर था। नार्वे से आई सूखी मछलियों और कुछ औषधि-सामग्री सीमा-शुल्क कारणों से वहां पड़ी है। इसके अतिरिक्त सारी सामग्री उठा ली गई है (व्यवधान)

---

## सभा पटल पर रखे गये पत्र

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### नौसेना समारोह सेवा की शर्तें और प्रकीर्ण ( दूसरा संशोधन ) विनियम, 1971

**रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम)** : मैं नौसेना अधिनियम, 1957 की धारा 185 के अन्तर्गत नौसेना समारोह सेवा की शर्तें और प्रकीर्ण (दूसरा संशोधन) विनियम, 1971 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो भारत के राजपत्र, दिनांक 5 जून, 1971 में अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० 193 में प्रकाशित हुए थे, सभा पटल पर रखता हूं।

**[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी—395/71]**

**चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्नातकोत्तर संस्थान, चंडीगढ़, तथा अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदन**

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्नातकोत्तर संस्थान, चंडोगढ़ अधिनियम, 1966 की धारा 19 के अन्तर्गत **चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्नातकोत्तर संस्थान, चंडीगढ़ के वर्ष 1969-70 के वार्षिक प्रतिवेदन** (हिन्दी तथा अंग्रेजो संस्करण) की एक प्रति ।

**[ग्रन्थालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी—396/71]**

(2) अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1956 की धारा 19 के अन्तर्गत अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के वर्ष 1969-70 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी संस्करण) की एक प्रति ।

**[ग्रन्थालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी— 397/71]**

**भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा और भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वार्षिक प्रतिवेदन**

**पेट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री पी० सी० सेठी)** : मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 1969--70 के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

**[ग्रन्थालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी—398/71]**

(2) भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 1969--70 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखा परीक्षित लेखे और उन पर नियन्त्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां ।

**[ग्रन्थालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी—398/71]**

**साबुन के मूल्यों के बारे में वक्तव्य**

**Statement Re : Prices of soaps**

**वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चह्वाण)** : अध्यक्ष महोदय, 10 जून को मैंने सामान्य बजट पर की जा रही चर्चा के दौरान बताया था कि लक्स, रेक्सोना और लाइफब्वाय साबुनों के मूल्यों में वृद्धि नहीं हुई है । पर मुझे खेद है कि जिस सूचना के आधार पर मैंने वक्तव्य दिया था, वह सही नहीं थी । अब मुझे पता चला है कि तीनों प्रकार के साबुनों का मूल्य प्रति साबुन 2 पैसे (स्थानीय कर रहित) बढ़ा दिया गया है । आज ही मुझे जानकारी मिली है कि उत्पादकों ने लाइफब्वाय पर बढ़ाए गए मूल्य को वापिस ले लिया है । अब उसकी कीमत वही रहेगी जो बजट पेश करने से पूर्व थी ।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** (ग्वालियर) : मैं एक स्पष्टीकरण चाहता हूं । माननीय वित्त मन्त्री ने कहा कि कपड़े धोने के साबुन के मूल्य नहीं बढ़ाए गए । लेकिन यह सच नहीं है ।

**श्री यशवन्तराव चह्वाण** : कपड़े धोने के साबुन पर कर नहीं लगाया गया है। यदि खुदरा व्यापारियों ने इस साबुन के मूल्य बढ़ा दिए हैं, तो इस मामले की जांच की जाएगी। मैं इस समय इसका उत्तर नहीं दे सकता।

## हिन्दुस्तान स्टील लि० के निदेशक बोर्ड में मजदूरों के प्रतिनियों की नियुक्ति के बारे में वक्तव्य

**Statement Re: Appointment of Representatives of workers on the Board of Directors of Hindustan Steel Limited.**

**इस्पात और खान मन्त्री (श्री मोहन कुमार मंगलम)** : इस्पात के उत्पादन में कमी सरकार तथा इस सदन के लिए बड़ा चिन्ता का विषय रहा है। जैसा कि सदन को मालूम है उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। जिन कारणों से उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ा है उनमें एक कारण यह है कि हिंदुस्तान स्टील लि० के कई एककों में मालिक मजदूर सम्बन्ध सन्तोषजनक नहीं रहे हैं।

(2) इस संदर्भ में यह बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हाल में इस्पात उद्योग—संयुक्त वेतन वार्ता समिति ने द्विपक्षीय बातचीत द्वारा मजदूरी के बारे में किये गये समझौते से न केवल 1 सितम्बर 1970 से 4 वर्ष के लिए मजदूरी का प्रश्न हल कर लिया है बल्कि और भी कई सम्बन्धित मामलों पर समझौता हो गया है। यह समिति एक प्रतिनिधि-युक्त संगठन है जिसमें मालिकों की ओर से इस्पात के चार मुख्य उत्पादकों (हिन्दुस्तान स्टील लि०, टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि०, इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि० और मैसूर आयरन एण्ड स्टील लि०) के चार प्रतिनिधि हैं और मजदूर पक्ष के 15 प्रतिनिधि है—केन्द्रीय मजदूर संघों अर्थात् इण्डियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस तथा हिन्द मजदूर सभा के तीन-तीन प्रतिनिधि तथा जमशेदपुर, बर्नपुर, राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर और भद्रावती की मान्यता प्राप्त यूनियनों का एक-एक प्रतिनिधि है।

(3) इस समिति ने अपना कार्य जारी रखने का निश्चय किया है ताकि यह इस बात की देखभाल कर सके तथा यह सुनिश्चित कर सके कि इस समझौते का सद्भावना से पालन किया जाय तथा मालिक-मजदूर सम्बन्ध मैत्रीपूर्ण बने रहें तथा उत्पादिता बढ़ाने के लिए हर कोशिश की जाय। मैंने इस समिति से वार्ता की है तथा विचार-विनियम करते समय उनकी सद्भाव तथा सहयोग की भावना को देखकर में प्रभावित हुआ हूं। मैंने समिति से अपना दायित्व, विशेषत: उत्पादन में वृद्धि करने का अत्यावश्यक दायित्व संभालने का निवेदन किया है। परिणामस्वरूप इस समिति का नाम बदल कर इस्पात उद्योग संयुक्त वार्ता समिति रखा गया है।

(4) इस पृष्ठभूमि में तथा हिन्दुस्तान स्टील लि० के प्रबन्धक वर्ग और मजदूरों में आपसी सम्बन्धों को और अच्छा बनाने के उद्देश्य से सरकार ने इस समिति में मजदूर संघों के प्रतिनिधियों के सम्मुख हिन्दुस्तान स्टील लि० के निदेशक मण्डल में मजदूरों के दो प्रतिनिधि नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। मजदूरों के प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है और इस प्रस्ताव को कार्य रूप देने के लिए अपने सुझाव भेजने का वचन दिया है।

(5) सरकार आशा करती है कि इस कदम से हिन्दुस्तान स्टील लि० के कारखानों में उत्पादन बढ़ाने हेतु मजदूरों का अधिकतम सहयोग प्राप्त करने में बड़ी सहायता मिलेगी और इस

प्रकार यह कदम हमारी अर्थ-व्यवस्था में सुधार करने तथा हमारी योजनाओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा ।

**सदस्य द्वारा वैयक्तिक स्पष्टीकरण**

**Personal Explanation by Member**

**राजमाता विजय राजे सिंधिया** (भिड) : 23 मार्च, 1971 को ध्यानाकर्षण सूचना पर हो रही चर्चा के दौरान श्री एस० एम० बनर्जी ने कहा था कि मुरैना में राजमाता ग्वालियर द्वारा गांव जलाए गए । माननीय सदस्य की यह बात गलत और दुर्भावनापूर्ण है और साथ ही मेरी जन सेवा पर कलंक है । (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय से मेरा अनुरोध है कि हमारे सम्मान और सदन की प्रतिष्ठा की रक्षा करें ।

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । मेरा राजमाता से कोई विरोध नहीं है । वह मेरी बहन तुल्य हैं ।

**श्री पीलू मोडी** (गोधरा) : माननीय सदस्य को क्षमा याचना करने पर ही बोलने की अनुमति दी जाए ।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : नियम 357 में कहा गया है :—

"कोई सदस्य, अध्यक्ष की अनुज्ञा से, वैयक्तिक स्पष्टीकरण कर सकेगा यद्यपि सभा के सामने कोई प्रश्न न हो; किन्तु उस अवस्था में कोई विवादास्पद विषय नहीं उठाया जाएगा और कोई वाद-विवाद नहीं होगा ।"

इसलिए इस विषय पर चर्चा नहीं होनी चाहिए ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं इस विषय पर आगे चर्चा करने की अनुमति नहीं दे रहा हूं ।

---

## समिति के लिए निर्वाचन

## ELECTION TO COMMITTEE

**भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् का शासी निकाय**

**निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्री (श्री उमाशंकर दीक्षित)** : मैं निम्नलिखित प्रस्ताव पेश करता हूं:—"कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के नियमों, विनियमों और उप-विधियों के नियम 20 (16) और (17) और 24 (2) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य ऐसी रीति के, जैसे अध्यक्ष निदेश दें, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के शासी निकाय के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य निर्वाचित करें ।"

**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के नियमों, विनियमों और उप-विधियों के नियम 20 (16) और (17) और 24 (2) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य ऐसी रीति से, जैसे अध्यक्ष निदेश दें, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के शासी निकाय के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य निर्वाचित करें ।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The Motion was adopted**

## पंजाब विधान सभा के विघटन के बारे में

## Re : Dissolution of Punjab Assembly

**अध्यक्ष महोदय** : पंजाब विधान सभा के विघटन के सम्बन्ध में उठाए गए कुछ प्रश्नों के बारे में मद संख्या 7-क का सम्बन्ध है, जब मैं नियम 377 का उल्लेख कर रहा था तब माननीय प्रधानमंत्री ने उठकर कहा था कि उनको कुछ जानकारी मिली है ।

**श्री बूटा सिंह** ( रोपड़ ) : आपको हमें विचार प्रगट करने से नहीं रोकना चाहिए । यह एक गम्भीर मामला है ।

**अध्यक्ष महोदय** : हम बाद में इसके लिए समय नियत करेंगे ।

**श्री बूटा सिंह** : चर्चा तो बाद में की जा सकती है परन्तु पंजाब विधान सभा के विघटन के बारे में इस समय विचार तो प्रगट किए जा सकते हैं । सदन को स्थिति से अवगत होना चाहिए श्री दरबारा सिंह ने प्रस्ताव की सूचना भेजी थी । प्रस्ताव पेश किया जाना चाहिए ।

**अध्यक्ष महोदय** : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और इसलिए इसको पेश करने का प्रश्न ही नहीं उठता । सदस्य इस पर चर्चा की मांग कर रहे हैं । मुझे इस विषय पर सोचना होगा कि बाद में संक्षिप्त चर्चा की अनुमति दी जा सकती है अथवा नहीं ।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : मेरे विचार में यह मामला नियम संख्या '93 के अधीन आता है ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने आपका सुझाव नोट कर लिया है ।

## शेख मुजीबुर्रहमान के पते-ठिकाने के बारे में

## Re : Whereabouts of Sheikh Mujibur Rahman

**श्री समर गुह** ( कन्टाई ) : मैं सरकार का ध्यान बंगला देश के प्रधानमंत्री, श्री ताजुद्दीन के वक्तव्य की ओर दिलाना चाहता हूं, जिसमें उन्होंने शेख मुजीबुर्रहमान के पते-ठिकाने के बारे में चिन्ता प्रगट की है और विश्व के सभी राष्ट्रों से उसके जीवन की रक्षा तथा शीघ्र मुक्ति के लिए अपील की है । समाचार पत्रों से पता चलता है कि शेख मुजीबुर्रहमान इस समय मुलतान जेल में हैं । उन्होंने गत दो महीनों से भूख हड़ताल कर रखी है और पाकिस्तान सरकार उन पर अत्याचार ढा रही है और उन पर दबाव डाल रही है कि वह बंगला देश की जनता के नाम वक्तव्य जारी करके यह कहें कि वह पाकिस्तानी सेना के साथ सहयोग कर रहे हैं । मैं जानना चाहता हूं कि सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है और शेख मुजीबुर्रहमान की जीवन रक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें मुक्त कराने के लिए क्या कार्रवाई की गई है ? क्या सरकार इस सम्बन्ध में वक्तव्य जारी करेगी ?

## बंगाल वित्त (विक्रय कर) (दिल्ली नियुक्ति तथा कार्यवाही विधिमान्यकरण) विधेयक—(जारी)

## BENGAL FINANCE (SALES TAX) (DELHI VALIDATION OF APPOINTMENTS AND PROCEEDING) BILL—(Contd.)

**अध्यक्ष महोदय** : **श्री** ज्योतिर्मय बसु।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमन्ड हार्बर) : हमारे दल की ओर से श्री अजीत साहा बोलेंगे। मैं विधेयक के तीसरे वाचन के समय बोलूंगा।

**श्री ए० के० साहा** (विष्णुपुर) : अध्यक्ष महोदय, बिक्री कर वस्तुतः खरीद कर होता है। अतः इसको बिक्री कर कहना उचित नहीं। यद्यपि यह प्रत्यक्ष कर लगता है, फिर भी इसमें प्रत्यक्ष कर का कोई लक्षण नहीं है।

अलग-अलग राज्यों में कराधान तथा छूट की दर अलग-अलग हैं। इससे कर अपवंचन को बढ़ावा मिलता है।

अधिक राजस्व वाले स्रोत तो केन्द्रीय सरकार ने स्वयं अपने हाथ में ले लिए हैं और बिक्री कर, कृषि कर आदि की वसूली का काम राज्यों को सौंप दिया है। प्रशासनिक व्यय के अतिरिक्त राज्यों को लोगों के लिए सामाजिक और विकास सम्बन्धी कार्य करने पड़ते हैं। राज्य सरकारें हमेशा घाटे का बजट पेश करती हैं। इसका कारण वस्तुओं के बढ़ते हुए मूल्य और केन्द्र की गलत आर्थिक नीति है। बजट के सम्बन्ध में माननीय वित्त मन्त्री ने राज्यों से कहा है कि वे अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए अधिक प्रयास करें, हालांकि ऐसा नहीं हुआ है। मेरा अनुरोध है कि निर्माताओं पर कर लगना चाहिए न कि उपभोक्ताओं पर।

**श्री नवल किशोर सिंह** (मुजफ्फरनगर) : 1951 में इस अधिनियम की धारा 2 के अधीन जारी की गई अधिसूचना दिल्ली पर लागू की गई थी और इस नियम के अधीन कर भुगतान की देयता नवम्बर, 1951 से लागू हुई थी। इसके अधीन अधिनियम को लागू करने के लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर द्वारा आयुक्तों आदि की नियुक्ति की गई थी। साथ ही साथ अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करने की भी व्यवस्था की गई थी। बहुत ही खेद की बात है कि आयुक्तों की नियुक्ति के बावजूद कर निर्धारण सही ढंग से नहीं हुआ। यदि विधि न्यायालय में किसी ने इसको चुनौती न दी होती तो सम्भवतः ये सारी बातें प्रकाश में न आतीं। अतः मेरा सुझाव है कि इसमें त्रुटियों को दूर किया जाना चाहिए।

374 नियुक्तियां की जा चुकी हैं। अतः माननीय मन्त्री को इन नियुक्तियों को विधिमान्य ठहराना ही होगा। मेरे विचार में माननीय मन्त्री इस बात का ध्यान रखेंगे कि ऐसी बातों की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो।

**Shri Ishaq Sambhali** (Amroha): It has generally been observed that the laws made by the Government are challenged in the law courts and declared null and void. The main reason of this is that the Government enacts such legislation which are not well drafted.

Secondly, I would like to say that inspite of the increase in the strength, the amount of recoveries of the taxes has not been increased.

**Mr. Speaker** : The hon. Member may continue his speech after lunch.

**इसके पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिए दो बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई।**

**The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the Clock.**

**मध्याह्न भोजन के पश्चात् लोक सभा दो बजकर 4 मिनट म० प० पर पुनः समवेत हुई।**

**The Lok Sabha re-assembled after lunch at Four minutes Past Fourteen of the clock.**

**[उपाध्यक्ष पीठासीन हुए]**

**(Mr. Speaker in the Chair)**

**Shri Ishaq Shambhali** : It has become a common practice that whenever any action is taken against any Capitalist, he approaches the High Court and gets stay. But the poors are deprived of this. Keeping in view these points, it has become necessary to introduce this bill.

There are huge arrears in the shape of all types of taxes. Efforts have not been made to realise the same. I hope that the hon. Minister will see that taxes are realised in time. Whenever any question is raised regarding recovery of taxes in States, we are told that this is a State subject. But we should not forget that Delhi is a Union Territory and arrears of taxes in Delhi create bad precedent for other states.

The Bill, which has been introduced, is regarding validation of appointments. It was necessary that the Bill regarding the loop-holes in the Sales Tax Bill would have been introduced so that draw-backs regarding realisation of taxes could be removed. I would request the hon. Minister to come forward with such a Bill so that early action to aealise taxes could be taken. With these words, I support the Bill.

**वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश)** : बंगाल वित्त (विक्रय कर) अधिनियम 1941 संघशासित प्रदेश अधिनियम, 1950 की धारा 2 के अन्तर्गत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके दिल्ली पर लागू किया गया था। अधिनियम की धारा 3 के अधीन उप-राज्य पाल को विक्रय कर नियम बनाने के लिए अधिकारियों को नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त है। नियुक्तियां दिल्ली प्रशासन के विभिन्न सेवा नियमों के अधीन की गई थीं। तत्पश्चात् उप-राज्यपाल ने उनकी नियुक्तियों को पूर्वदर्शी प्रभाव से मानने सम्बन्धी एक आदेश जारी किया। परन्तु बाद में ज्ञात हुआ कि उनको ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार प्राप्त नहीं था। दिल्ली वुलन मिल्स ने उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत की जिसमें ऐसी नियुक्तियों को चुनौती दी गई थी। कार्यकारी परिषद् के परामर्श से दिल्ली प्रशासन ने पहल की ताकि अध्यादेश जारी किया जा सके क्योंकि 374 अधिकारियों की नियुक्तियों को विधिमान्य ठहराना और 5·55 लाख मामलों, जिसमें 15·25 करोड़ रुपये का केन्द्रीय तथा राज्य कर अन्तर्ग्रस्त था, की रक्षा करना आवश्यक था। इसी उद्देश्य से यह विधेयक सदन के समक्ष पेश किया गया है। ऐसे पूर्वोदाहरण हमारे सामने हैं जबकि अध्यादेश जारी करने के बाद सदन में विधेयक प्रस्तुत किए गए।

दिल्ली प्रशासन ने दिल्ली में नया विक्रय कर लागू करने के सम्बन्ध में पूछा था। मामला केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है और अन्तिम निर्णय किए जाने के बाद विधेयक सदन में लाया जाएगा।

**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में यथा प्रवृत्त बंगाल वित्त (विक्रय कर) अधिनियम, 1941 के अधीन कुछ अधिकारियों की नियुक्ति को विधिमान्य बनाने के लिए तथा ऐसे अधिकारियों द्वारा उस अधिनियम तथा केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 के अधीन की गई कार्यवाहियों को विधिमान्य बनाने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The motion was adopted**

**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

**"कि खंड 1 से 4, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने"**

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The Motion was adopted**

**खंड 1 से 4, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।**

**Clause 1 to 4, The Enacting formula and the Title were added to the Bill.**

**श्री के० आर० गणेश** : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : सरकार अच्छ-अच्छे विधेयक संसद में ला रही है। सरकार का यह कार्य प्रशंसनीय है। परन्तु इन विधेयकों की क्रियान्विति संतोषजनक नहीं है।

प्रोफेसर कालदोर ने आयकर सुधार के सम्बन्ध में लिखी पुस्तक में कर अपवचंन के आंकड़े बताते हुए सम्भव उपाय, विशेषकर अनिवार्य लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षकों के महत्व पर, अपने विचार प्रकट किए हैं। सरकार के पास प्रो० कालदोर का प्रतिवेदन गत दस वर्षों से पड़ा है। परन्तु सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

वस्तुत: सरकार जिसे विक्रय कर कहती है, वह खरीद कर है। वस्तुओं पर उस समय कर लगाया जाना चाहिए जब वह उत्पादक के कारखाने से बाहर आती हैं। परन्तु सरकार पूंजीपतियों को प्रसन्न करने के लिए ऐसा नहीं करती और कर खुदरा व्यापारियों पर लगाया जाता है।

दिल्ली के चावड़ी बाजार, सदर बाजार और खारी बावली में बड़े पैमाने पर कर अपवंचन होता है। ग्राहकों को वे बिना रसीद दिए माल बेचते हैं। इस प्रकार आय कर अधिकारी को यह पता नहीं चल सकता कि अमुक व्यापारी की दैनिक बिक्री क्या है?

**उपाध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य विधेयक के चर्चा-विषय से बाहर न जाएं।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : माननीय सदस्य से मेरा निवेदन है कि वह ऐसे विधेयक सदन में न लाएं जिसमें मुख्य मामलों को छुआ तक न गया हो।

**श्री के० आर० गणेश** : मैं विधेयक को पेश करने का कारण पहले ही बता चुका हूं। यह विधेयक आयकर अधिकारियों की नियुक्तियों को विधिमान्य ठहराने के उद्देश्य से पेश किया गया है। माननीय सदस्य ने विक्रय कर के सामान्य प्रश्न और कर अधिकारियों के सम्बन्ध में जो बातें कहीं, वे चर्चित विषय के अन्तर्गत नहीं आतीं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

कि विधेयक परित किया जाए।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The Motion was adopted**

## स्वर्ण (नियन्त्रण) संशोधन विधेयक
## GOLD (CONTROL) AMENDMENT BILL

**वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश)** : मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि स्वर्ण (नियन्त्रण) अधिनियम 1968 में आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

इस विधेयक द्वारा स्वर्ण (नियन्त्रण) अधिनियम, 1968 में कुछ संशोधन करने का प्रयास किया गया है और इसका पेश किया जाना उच्चतम न्यायालय द्वारा 31 मार्च, 1971 को दिये गये निर्णय के कारण आवश्यक हो गया है।

जैसा कि सभा-पटल पर रखे गये विवरण से ही स्पष्ट है, दलालों द्वारा विवरणी भरने, व्यक्तियों द्वारा प्राथमिक स्वर्ण के अधिकार पर, घोषणा-पत्र के भरे जाने, घोषणा न करने के लिये तलाशी करने, जुर्माने लगाने, जब्त करने और मुकदमा चलाने के सम्बन्ध में नियम 71 (1) के अन्तर्गत स्वर्ण (नियन्त्रण) अधिनियम, 1968 के कुछ उपबन्धों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने इस अधिनियम और अधिकर्ताओं द्वारा विवरणी भेजने, व्यक्तियों द्वारा प्राथमिक स्वर्ण के अधिकार में रखने, घोषणा-पत्र के भरे जाने तलाशी लेने, जुर्माना करने और घोषणा न करने के लिए मुकदमा चलाने के सम्बन्ध में उपबन्धों को वैध ठहराया। इसके साथ ही यद्यपि न्यायालय ने सोने की जब्ती अथवा अन्य बात से सम्बन्धित धारा 71 को अवैध करार दिया है क्योंकि ऐसा लगता है कि स्वर्ण की वस्तुओं और स्वर्ण के आभूषणों को अर्जित करना, उन्हें अधिकार में रखना और बेच देने आदि के सम्बन्ध में लगाया गया प्रतिबन्ध अनुचित है और बिना भेद-भाव किये वह लागू नहीं किया जा सकता। अतः इस विधेयक को अवैध घोषित धारा 71 के स्थान पर लाने का प्रयास किया गया है तथा इसके अन्तर्गत भोले-भाले स्वर्ण स्वामियों की रक्षा करने का एक नया उपबन्ध जोड़ा गया है। इस प्रकार जब्ती के स्थान पर अधिकतम जुर्माने की व्यवस्था, धारा 73 के अन्तर्गत की गई है। क्योंकि जब्ती के स्थान पर जो जुर्माने की व्यवस्था की गई थी वह काफी कड़ी थी। अतः धारा 73 में यह संशोधन करने का प्रयास किया गया है कि स्वर्ण के दुगुने मूल्य पर जो अधिकतम जुर्माना लगाया जाता है, कम कर दिया गया है। अब जुर्माने का मूल्य दुगुने से घटा कर स्वर्ण के मूल्य जितना ही कर दिया गया है।

इसके साथ ही यह व्यवस्था भी की गई है कि जिन पुराने मामलों में जब्ती का आदेश या धारा 71 तथा 73 के अन्तर्गत जुर्माने का आदेश दिया गया है, और जो इन उपबन्धों के अनुरूप नहीं हैं, उन पर पुनर्विचार किया जा सके।

मैं माननीय सदस्यों को स्पष्ट करना चाहता हूं कि इन संशोधनों का उद्देश्य उन भोले-भाले मालिकों के हितों की रक्षा करना है, जिन का सोना किसी अन्य व्यक्ति के कारण जब्त

के अधीन आ जाता है। इसके साथ ही उसमें यह व्यवस्था भी की गई है कि जिन मामलों में जब्ती के बदले जुर्माना किया जा सकता है, वह जुर्माना अधिक नहीं होगा। अतः इन परिस्थितिय में, मैं समझता हूं कि संशोधन विधेयक के उपबन्धों के बारे में कोई विशेष विवाद नहीं होगा। इन शब्दों के साथ मैं विधेयक पेश करता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री डागा, क्या आप अपना संशोधन पेश कर रहे हैं ?

**श्री मूलचन्द डागा** (पाली) : जी हां, मैं प्रस्ताव करता हूं,

"कि विधेयक पर विचार जानने के लिए, इसे 16 सितम्बर, 1971 तक परिचालित कर दिये जाये।"

**अध्यक्ष महोदय** : ठीक है। श्री माधुर्य्य हाल्दार।

**श्री माधुर्य्य हाल्दार** (मथुरापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, स्वर्ण (नियन्त्रण) अधिनियम का मुख्य उद्देश्य छिपाये गये सोने को बाहर लाना तथा सोने की तस्करी को रोकना था। परन्तु क्या वर्तमान अधिनियम द्वारा उक्त उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सका ? भारत में हमेशा ही चोरी-छिपे सोना लाया जाता रहा है। अभी हाल ही में राज्यमन्त्री, श्री मोहन धारिया ने कहा है हमारे देश में 7000 करोड़ रुपये का सोना छिपा पड़ा है और यदि यह सोना बाहर आ जाये तो हमें अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये इतनी चिन्ता न करनी पड़े। परन्तु हमारी सरकार ऐसा छिपा हुआ सोना बाहर क्यों नहीं निकालती ? उत्तर स्पष्ट है कि सरकार अमीर लोगों को कोई हानि नहीं पहुंचाना चाहती। आज भी सरकार को अमीर लोगों से 700 करोड़ रुपये का आयकर का बकाया लेना है परन्तु वह उसे वसूल करने में असमर्थ है। इस विधेयक से सोने की तस्करी को मुश्किल बनाने की बजाय उसे अधिक आसान और लाभप्रद बनाने में सहायता मिलेगी। क्योंकि अब सोने को जब्त करने के बजाय केवल दोषी व्यक्ति को जुर्माना किया जायेगा और इस जुर्माने की राशि की मांग भी केवल सोने के मूल्य जितनी ही होगी। अतः हम संशोधन विधेयक और उसके साथ ही मूल अधिनियम, जिसे कि अनेक बार वापिस लेने की मांग की गई है, विरोध करते हैं। यह संशोधन विधेयक निश्चय ही वापिस लिया जाना चाहिये क्योंकि इससे केवल तस्करों को ही लाभ होने वाला है। यदि सरकार वास्तव में तस्करों को दण्ड देना चाहती है, यदि वह छिपे हुये सोने को बाहर निकालना चाहती है, तो उसे इसके लिये कठोर दण्ड वाले उपबन्ध बनाने चाहिये और उसके लिए यदि आवश्यकता हो, तो संविधान में संशोधान करने से भी नहीं चूकना चाहिये।

**Shri M. C. Daga** The very purpose of the Gold Control Act was to check smuggling of gold. Has this purpose been achieved? It is stated by the Government that Gold worth Rs. 4,100 crores is in India, has this gold been brought out? No, none of these objects has been achieved.

On the other hand, this Act has merely thrown 22 lakhs of gold-smiths out of employment and some of them have been compelled to commit suicide. Even after passing this Act, smuggling of gold is continuing. The Govt. officers are in hand and glove with gold smugglers. The poor goldsmiths are being harassed by the Inspectors and other officers of Excise Department. I strongly feel that before passing any law, Government should ensure that it could be implemented. In case, the Government feels that implementation of a certain law is not possible, such a law should not be passed at all.

The amending bill provides that in case the confiscated gold of a person is not returned to him, he will be paid an amount equal to the value of the gold. But there is no mention in the provision of the circumstances in which the gold can be recovered and the intention of the person concerned. In the circumstances if any person is carrying the gold for the purpose of making ornaments, and the officers of the Government are satisfied that he is violating the law, then that person can be held guilty. Does the Government think that all their officers are honest and their judgment cannot be wrong ? To provide such a blank check to Government officers is gross injustice to the people.

I strongly feel that Government must mention the circumstances under which Gold can be confiscated. The provision of judicial officers' satisfaction should also be added in the Bill.

**Shri Shashi Bhushan** (South Delhi): Mr. Deputy Speaker, Sir, It is a matter of pleasure that Government has come forward with an amendment in the Gold Control Act. It indicates that Government is serious to form a policy about gold and I hope the Government will come forward with more similar bills.

I strongly feel that our consitution should be so amended that the individuals' right to property, which is the main cause of many difficulties, is abolished. There is huge amount of gold with the rulers of princely states. There is gold worth 1,500 crore rupees in the country. The Government must take positive steps to take out the gold so that it could be utilized for the constructive purposes.

The foreign banks in the country indulge in many kinds of mal-practices and a huge amount of money is going out of the country. Consequently, the value of rupee is going down. The Govt. should keep a strict watch over the dealings and activities of foreign banks. The Government should not permit higher officers to accept the Advisorship of foreign banks or foreign companies. Such legislation should be framed under which Government should be empowered to encroach upon the rights of rich people without harming the poor. Stringent measures should be enforced to stop smuggling which is a drain on our economy. With these words, I fully support the Bill.

**श्री डी० के० पन्डा** (भन्जनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, यह खेद की बात है कि भारत के हर कोने से कड़े विरोध के उपरान्त भी सरकार ने इस अधिनियम के वापिस लेने का साहस नहीं किया है । अभी भी यह मालूम नहीं है कि सरकार इसमें अभी और कितने संशोधन करेगी ।

30-4-1969 को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के उपरान्त इस अधिनियम से सम्बद्ध 8 धाराओं यथा 5 (2), 8, 27 (2), 27 (6), 32, 46, 88 और 100 में संशोधन किया गया । इसके बाद जब 30-3-71 को उच्चतम न्यायालय ने अपना निर्णय दिया । तो फिर कुछ धाराओं में संशोधन करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है । परन्तु इतने संशोधनों के बावजूद भी यह एक ऐसा अपूर्ण अधिनियम है जिसने कि हमारी पुरातन तथा परम्परागत कला की जड़ों को ही काट डाला है । कलात्मक प्रवीणता पर आधारित, इस देश की हस्तकला को ही इस विधेयक ने समाप्त कर दिया है । जब इस अधिनियम को लागू किया गया, तो लगभग 45000 लोगों को नई समस्याओं का सामना करना पड़ा । राष्ट्रपति ने 7500 लोगों को 500 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से ऋण दिया । 200 व्यक्तियों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 25000 लोगों को बन्दी बनाया गया । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इतना सब कुछ होने के बाद भी क्या इस अधिनियम के अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त किये जा सके हैं ? क्या सोने की तस्करी समाप्त हो गई ? क्या इसके द्वारा मूल्य वृद्धि को

रोका जा सका ? क्या इस अधिनियम के लागू होने के बाद छिपाये गये सोने को बाहर लाया जा सका ? नहीं, इनमें से एक भी लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। इतना ही नहीं, इस बात की भी कोई गारन्टी नहीं कि आज जिन धाराओं का संशोधन किया जा रहा है, वह भी समय के अनुकूल सिद्ध होगी।

मेरा यह विचार है कि इस विधेयक में जितने अधिक संशोधन किये जायेंगे, उतनी ही अधिक समस्यायें हमारे समक्ष आयेंगी। अतः मैं समझता हूं कि ऐसे संशोधन करने की बिल्कुल कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह विधेयक आदि से अन्त तक सर्वथा राष्ट्र विरोधी है, इसलिए मैं न केवल इस संशोधन का विरोध करता हूं बल्कि सरकार से मांग करता हूं कि इस सम्पूर्ण अधिनियम को ही समाप्त किया जाये।

**Shri M. Ram Gopal Reddy** (Nizamabad): Let the hon. member, who has just finished his speech, bear it in mind that law always follows the crime i.e. as the crime increases the law also expands its sphere. So, it would be wrong to abolish the law itself to end the crime. Therefore, the amendment brought here is quite valid and necessary. Huge quantities of gold are being smuggled into India. The international price of the gold is about Rs. 50 to Rs. 60 a tola but it is selling at the rate of Rs. 230 a tola in India. Therefore, the Government have to be very vigilant about the smuggling on our sea-shore. Then the present provisions of punishments to the smugglers are quite inadequate, and the Supreme Court has also desired that more strict laws should be framed. We should honour the judgment of the Supreme Court.

The present amendment to the Gold Control Order is meant not for only the Rajas and Maharajas, but for the entire country. The Maharaja's, I believe, do not have very much gold and whatever is left with them, they are spending on elections etc. So, we should not bother much about these Maharajaas but about those 'new Maharajas' who are collecting wealth day by day. I, therefore, suggest that we should first find out as to how much gold is there with a person, and then, let the quantity of the gold which exceeds the prescribed limit, be confiscated.

Gold is not a personal property, it is a national property just like the foodgrains. So the Government should come forward to procure the gold as they do in the case of foodgrains. Let the gold be declared as National property and let us put a ceiling thereon as we do on the property.

One has to go through many phases to achieve a gold on an ideal and there come across several difficulties at every stage. There are a number of political parties which create obstacles in a good work just for political purposes.

So, the hon. Minister should make all efforts to stop the leakage of foreign exchange which goes out of our country in the shape of smuggling of gold into India. It is a national issue. If some gold has to come to India, let it come through the Government, and not at individual level; and also at the rate of Rs. 60 a tola.

I, therefore, support the amendment put by the Government.

**श्री जी० विश्वनाथन** (वान्डीवाश) : इस चर्चा में भाग लेने वाले अधिकांश सदस्यों ने यह स्वीकार किया है कि वर्तमान अधिनियम अपने उद्देश्य में पूरी तरह असफल रहा है। वस्तुतः सरकार इस अधिनियम के जन्मदाता, तत्कालीन वित्त मन्त्री से तो मुक्ति पा गई परन्तु इस विचित्र स्वर्ण नियन्त्रण अधिनियम से नहीं पास की।

हमें बताया गया था कि इस अधिनियम के लागू होने से स्वर्ण की तस्करी रुक जायेगी, छुपा हुआ स्वर्ण बाहर निकल आयेगा तथा स्वर्ण के मूल्य भी नियन्त्रित हो जायेंगे। क्या ये उद्देश्य पूरे हो सके ? सोने की तस्करी अब भी चल रही है और सरकार इसे रोक नहीं सकती। यदि सरकार यह आश्वासन दे कि उक्त संशोधन करने से देश में सोने की तस्करी बन्द हो जायेगी तो मैं इस विधेयक का समर्थन करने को तैयार हूं। परन्तु गत तीन-चार वर्ष में भी यह नहीं कर सकी तो अब इस संशोधन मात्र से क्या होगा ?

इस अधिनियम ने असली उत्पत्ति के समय से देश भर में तूफान मचा रखा है। इसके कारण असंख्य स्वर्णकार बेरोजगार हो गये और अनेकों ने आत्महत्या कर डाली। मुझसे पहले बोलने वाले सदस्यों ने ठीक ही कहा है कि इस अधिनियम में प्रतिवर्ष अथवा हर छः मास बाद संशोधन करने की बजाय इसे बिल्कुल ही समाप्त कर देना उचित होगा। इस पीली धातु के प्रति लोगों के दिल में इच्छा कम नहीं हुई है और शायद न ही कभी कम या खत्म होगी। अब क्योंकि इस अधिनियम को अपने उद्देश्यों में कोई सफलता नहीं मिली है, अतः इसमें समय-समय पर संशोधन करने का कोई लाभ नहीं। सरकार अपने विधेयक को वापस ले ले।

**Dr. Laxminarain Pandey** (Mandsor): Many a time laws are made and also done away with to properly run the administration within the democratic set up. But it is not so that the Government have suggested this amendment either on their own or to the benefit of the masses. It has been put helplessly just because of a decision of the Supreme Court.

From its very origin this entire legislation has been very controversial. This law not only caused great hardships to the goldsmiths but also shattered away a class of artistes under much discontent and distress. Although the Govt. agreed to give relief to these displaced goldsmiths, still the problems could not be solved and lure of the people towards gold did not diminish. Smuggling of gold could also not be checked. People still love gold. Then, it it not the way of changing the mentality of the people and building their national character also.

I have not stood here to oppose this amendment since it has become necessary to amend the Act because of the decision of the Supreme Court. But certainly, the whole Act should be reviewed. Amendment is also necessary to be made in clause 66 "under which the Excise Officers are empowered to enter into any house and harass even the poor people without caring for whether the gold found is their own or not. The officers misuse the power. Therefore this Act can be of any use only when it is perfectly designed to be beneficial according to the needs of the time, otherwise it will cause harm to the nation. Our country had been known as a golden bird in the world and only out of lure of getting gold. several foreign intruders invaded and looted our country. They took away quite a good amount of gold from here but still we have got enough. Now if the Government want to bring out hidden gold and utilise if for the sake of the country, then, such a law, as they are having now, will not do. So, it is very necessary the present law is thoroughly reviewed so as to make it conducive to improve our economic condition and national life.

**श्री अनन्तराव पाटिल** (खेड) : इस विधेयक का उद्देश्य स्वर्ण नियन्त्रण (संशोधन) अध्यादेश, 1971 का स्थान लेने का है। मन्त्री महोदय ने बताया है कि क्योंकि इसके फलस्वरूप वर्तमान कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं होगी, अतः इस में कोई निरन्तर होने वाला व्यय भी अन्तर्ग्रस्त नहीं है।

इस अध्यादेश का मुख्य उद्देश्य स्वर्ण की तस्करी रोकना था परन्तु क्योंकि पुराने अधिनियम को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया, सरकार ने तस्करी को रोकने के लिये वर्तमान अध्यादेश जारी करना उचित समझा।

मन्त्री महोदय का कहना है कि स्वर्ण की तस्करी को रोकने के लिये वर्तमान कर्मचारी पर्याप्त हैं। परन्तु स्थिति ऐसे नजर नहीं आती। सब जानते हैं कि प्रतिदिन सैकड़ों किलो सोना भारत में चोरी छिपे आ रहा है। बड़े नगरों, जैसे दिल्ली, मद्रास, तथा बम्बई में सोने की तस्करी बन्द नहीं हुई है। काला धन रखने वाले लोग यह स्वर्ण खरीदते हैं। चाहे सरकार किसी दिन बैंकों में सेफ़ डिपाजिट बोल्टों को खोलकर देख ले, तो उसमें न जाने कितने मन सोना मिल जायेगा जिसका कोई हिसाब किताब नहीं है।

आजकल दिल्ली की दुकानों पर "बिस्कुट बाला सोना" के नाम से "शुद्ध स्वर्ण" बिकता है। केन्द्रीय गुप्तचर दल पहले वित्त मंत्रालय के अधीन था, परन्तु अब गृह मन्त्रालय के अधीन है। परन्तु उसका सीमाशुल्क बोर्ड, उत्पादन शुल्क बोर्ड आदि से यथोचित समन्वय न होने के कारण वे ठीक-ठीक ढंग से कार्य नहीं कर सकते। इस समय केन्द्रीय गुप्तचर बोर्ड का कोई महानिदेशक भी नहीं है। जब कोई व्यक्ति इस पद से स्थानांतरित किया जाता है तो महीनों तक उसके पद को भरा नहीं जाता। इसी प्रकार अन्य कई महत्वपूर्ण पद भी रिक्त रहते हैं। पता नहीं सरकार किस प्रकार तस्करी को रोक सकेगी। सरकार बैंक डिपाजिटों से सोना बरामद करने तथा तस्करी को भी रोकने के लिये कानून बनाये।

नियमों में यह व्यवस्था है कि यदि कोई व्यक्ति अनधिकृत रूप से सोना लिये पकड़ा जाये तो उस सोने को जब्त कर लिया जाता है। इस सम्बन्ध में धारा 76 के अधीन शक्तियां दी गई। परन्तु क्या इन शक्तियों का उचित रूप में प्रयोग किया जाता है? कई अधिकारी तो ईमानदार होते हैं और कई नहीं होते, जिनके कारण भ्रष्टाचार बढ़ता है।

